सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 22 अगस्त, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 226, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 143 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और सेंसेक्स 143 अंक चढ़कर 82,000 अंक के स्तर को पार कर गया। } 14

## लगातार नयी ऊंचाइयां छू रही हैं महिलाएं : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा भारत के लगातार बदलते दृष्टिकोण से महिलाएं वैज्ञानिक, सैनिक और कई अन्य भूमिकाओं में लगातार नयी ऊंचाइयों को छू रही हैं। } 14



# भारत-रूस के बीच और मजबूत होंगे रिश्ते

## जयशंकर ने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ की व्यापक वार्ता

एजेंसी



मॉस्को। भारत और रूस ने अपने द्विपक्षीय व्यापार को संतुलित और टिकाऊ तरीके से बढ़ाने का बृहस्पतिवार को संकल्प लिया तथा विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गैर-शुल्क (टैरिफ) बाधाओं एवं नियामक अड़चनों को तेजी से दूर करने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

दोनों देशों द्वारा रूस को भारतीय निर्यात बढ़ाने सहित द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने का यह संकल्प, व्यापार और टैरिफ पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर भारत-अमेरिका संबंधों में बढ़ती दूरी के बीच लिया गया है। जयशंकर ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ व्यापक वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा हमारा मानना है कि भारत और रूस के बीच संबंध द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद दुनिया के सबसे प्रमुख संबंधों में से एक रहे हैं। उन्होंने कहा भू-राजनीतिक स्थिति, जन भावनाएं और नेतृत्व संपर्क इसके प्रमुख प्रेरक बने रहेंगे। जयशंकर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नवंबर या दिसंबर में होने वाली भारत यात्रा के विभिन्न पहलुओं को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को मॉस्को पहुंचे। अपनी बातचीत में, ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मुगलों-अंग्रेजों से जो बचा, उसे कांग्रेस-सपा ने लूटा : योगी

## ○ सिर्फ अपने परिवार का करते रहे विकास ○ देश और प्रदेश के सामने पैदा कर दिया पहचान का संकट

जिला संवाददाता

एटा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि मुगलों और अंग्रेजों द्वारा देश को लूटे जाने के बाद जो कुछ बचा उसे इन दोनों दलों ने अपनी झोलियों में भर लिया।

आदित्यनाथ ने एटा में एक नए सीमेंट संयंत्र का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि 1947 में इस देश को आजादी मिली। वर्ष 1947 से 1960 तक भारत दुनिया की छठी अर्थव्यवस्था था। उससे पहले की बात करें तो 17वीं और 18वीं शताब्दी में यह देश दुनिया की नंबर एक अर्थव्यवस्था वाला देश था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले मुगलों ने लूटा, फिर अंग्रेजों ने विनाश किया और मुगलों व अंग्रेजों के बाद जो कुछ बचा वह कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने लूट लिया। देश व प्रदेश के सामने पहचान का संकट पैदा कर दिया। मुख्यमंत्री ने केन्द्र और प्रदेश की पिछली सरकारों की आलोचना करते हुए कांग्रेस और सपा पर निशाना साधा और उन पर संकीर्ण मानसिकता रखने व अराजकता का माहौल बनाने का आरोप लगाया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चाहे कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी, दोनों की मानसिकता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप नहीं रही हैं। इन दलों के संकीर्ण दृष्टिकोण के कारण ये लोग सिर्फ ...शेष पृष्ठ 14 पर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एटा में नये सीमेंट संयंत्र का किया उद्घाटन

## कल्याण सिंह का जीवन जनता की सेवा को रहा समर्पित : योगी

अलीगढ़ (उप्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि बाबूजी (कल्याण सिंह) का पूरा जीवन भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीयता और जनता की सेवा को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि सिंह की विरासत ही आज राज्य के विकास की आधारशिला बनी है।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर आयोजित हिन्दू गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। एक बयान के मुताबिक योगी आदित्यनाथ ने कहा बाबूजी का जन्म अलीगढ़ जिले के एक छोटे से किसान परिवार में हुआ था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उन्हें बचपन में ही राष्ट्रीयता के संस्कार मिले। शिक्षक के रूप में और फिर भाजपा कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने अपना जीवन भारत माता और भारतीयता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा आज उनकी पुण्यतिथि पर प्रदेश की जनता की ओर से, हर रामभक्त की ओर से और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### उपराष्ट्रपति चुनाव : रेड्डी ने दाखिल किया नामांकन

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को नामांकन दाखिल किया और कहा कि यह चुनाव एक ऐसे भारत की अवधारणा की अभिपुष्टि के लिए है, जहां संसद निष्ठापूर्वक कार्य करे, असहमति का सम्मान किया जाए और संस्थाएं स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से लोगों की सेवा करें। उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रेड्डी ने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव, द्रमुक नेता तिरुचि शिवा, तृणमूल कांग्रेस की सांसद शताब्दी रॉय, शिवसेना के संजय राउत, माकपा सांसद जॉन ब्रिटास सहित कई विपक्षी नेताओं की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्र के चार सेट दाखिल किए गए हैं, जिन पर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में राहुल गांधी, राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, द्रमुक के तिरुचि शिवा सहित करीब 160 सांसदों ने बतौर प्रस्तावक और अनुमोदक हस्ताक्षर किए हैं।

### औरैया के एसडीएम राकेश कुमार सस्पेंड

लखनऊ। औरैया जिले के एसडीएम सदर राकेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई प्रमुख सचिव नियुक्ति व कार्मिक आईएएस एम देवराज के निर्देश पर की गई है। निलंबन का आदेश विशेष सचिव नियुक्ति सेक्शन-3 को भेजा गया। इसके बाद राकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया। औरैया के जिलाधिकारी ड .इंद्रमणि त्रिपाठी की ओर से शासन को रिपोर्ट भेजी गई थी। इसमें राकेश कुमार के खिलाफ अनियमितताओं का उल्लेख किया गया था। औरैया में एसडीएम सदर के दफ्तर का पिछले दिनों एक वीडियो सामने आया था। इसमें एसडीएम राकेश कुमार सिंह ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मंत्रिसमूह ने जीएसटी में बदलाव को दी मंजूरी

## ○ 12 व 28 का स्लैब किया समाप्त अब 5 व 18 का स्लैब बरकरार ○ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत करने का प्रस्ताव

एजेंसी

नयी दिल्ली। विभिन्न राज्यों के मंत्रियों के एक समूह ने बृहस्पतिवार को केंद्र के जीएसटी दरों में कटौती के माध्यम से अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में व्यापक सुधारों को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी, लेकिन कुछ विपक्षी दल शासित राज्य यह जानना चाहते हैं कि इस कदम से होने वाले राजस्व नुकसान और उसकी भरपाई कैसे की जाएगी।

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता वाले मंत्रिसमूह ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत स्लैब की संख्या चार (5, 12, 18 और 28 प्रतिशत) से घटाकर दो (5 और 18 प्रतिशत) करने के केंद्र के प्रस्ताव पर चर्चा की। केंद्र ने पांच-सात चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाने का भी प्रस्ताव रखा है। मंत्रिसमूह आम आदमी के लिए फायदेमंद होने पर दर और स्लैब में बदलाव के पक्ष में है, लेकिन कुछ सदस्य चाहते थे कि महंगी कारों जैसी विलासिता वाली वस्तुओं पर विशेष 40 प्रतिशत कर के अलावा एक अतिरिक्त कर लगाया जाए। छह सदस्यीय मंत्रिसमूह की सिफारिशें उच्चस्तरीय जीएसटी परिषद को भेजी जाएंगी, जो सुधारों पर अंतिम निर्णय लेगी। मंत्रिसमूह में भाजपा शासित राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से तीन-तीन सदस्य और विपक्षी शासित राज्यों कर्नाटक (कांग्रेस), केरल (वाम मोर्चा) और पश्चिम बंगाल (तृणमूल कांग्रेस) से समान संख्या में सदस्य शामिल हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, मंत्रिसमूह ने केंद्र के दोनों प्रस्तावों को स्वीकार करने का फैसला किया है। केंद्र के 12 और 28 प्रतिशत के स्लैब हटाने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया है और हमने अपनी सिफारिशें दे दी हैं। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सभी राज्यों ने केंद्र के प्रस्ताव का स्वागत किया है और कहा है कि यह आम आदमी के हित में है। महंगी कार जैसे विलासिता वाले सामान और अहितकर उत्पाद 40 प्रतिशत कर दायरे में आएंगे। खन्ना ने कहा कुछ राज्यों की मांग है कि नई कर व्यवस्था लागू होने पर राज्यों को होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई की जानी चाहिए। राजस्व नुकसान की गणना की जाएगी। पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि दरों को युक्तिसंगत बनाने पर मंत्रिसमूह के समक्ष प्रस्तुत केंद्र के प्रस्ताव में दरों और स्लैब में बदलाव के कारण होने वाले राजस्व नुकसान को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने कहा हमने कहा है कि हम दर को युक्तिसंगत बनाने के प्रस्ताव के साथ सहमत हैं, जो लोगों के हित हो। लेकिन हमें यह भी पता होना चाहिए कि इससे हमें कितना राजस्व नुकसान होगा। क्योंकि, अंततः, यदि किसी राज्य को कोई नुकसान होता है, तो इसका असर आम आदमी पर पड़ता है। जीएसटी परिषद दर को युक्तिसंगत बनाने प्रस्ताव पर हर मद में चर्चा करेगी। भट्टाचार्य ने कहा कि उन्होंने सुझाव दिया है कि जीएसटी अधिनियम की धारा (1) में संशोधन किया जाए ताकि 40 प्रतिशत की अधिकतम स्वीकार्य दर से ऊपर एक शुल्क लगाया जा सके। इससे यह सुनिश्चित होगा कि स्लैब में बदलाव और क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद भी अति-विलासिता और अहितकर वस्तुओं पर कराधान समान रहे। वर्तमान में, तंबाकू उत्पादों, कोका कोला, पेप्सी जैसे पेय पदार्थ और मोटर वाहन जैसी चुनिंदा वस्तुओं पर अलग-अलग दरों पर जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर लगाया जाता है। तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि राज्यों के राजस्व ...शेष पृष्ठ 14 पर







छह सदस्यीय मंत्रिसमूह की सिफारिशें उच्चस्तरीय जीएसटी परिषद को भेजी जाएंगी, जो सुधारों पर अंतिम निर्णय लेगी। मंत्रिसमूह में भाजपा शासित राज्यों बिहार, उत्तरप्रदेश और राजस्थान से तीन-तीन सदस्य और विपक्षी शासित राज्यों कर्नाटक (कांग्रेस), केरल (वाम मोर्चा) और पश्चिम बंगाल (टीएमसी) से समान संख्या में सदस्य शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

○ सतीश गोलचा बने नये पुलिस कमिश्नर

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले के बाद उन्हें जेड श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान की है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वहीं भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी सतीश गोलचा को दिल्ली पुलिस का 26वां आयुक्त नियुक्त किया गया। उन्होंने एसबीके सिंह का स्थान लिया, जो केवल 21 दिन तक इस पद पर रहे।

गुप्ता उनके आधिकारिक आवास और राष्ट्रीय राजधानी के सिविल लाइंस क्षेत्र में राज निवास मार्ग स्थित उनके कार्यालय को भी अर्द्धसैनिक बल के वीआईपी सुरक्षा समूह (वीएसजी) द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाएगी, जो विशिष्ट व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करता है। यह समूह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस पार्टी के गांधी परिवार को भी सुरक्षा प्रदान करता है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने बृहस्पतिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल ली। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

# घुसपैठियों का फर्जी आधार बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## जनसेवा केन्द्र खोलकर बनाते थे फर्जी दस्तावेज, कई दस्तावेज बरामद

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी एटीएस ने बांग्लादेशी व रोहिग्याओं के फर्जी दस्तावेजों के जरिए आधार कार्ड बनाकर भारतीय नागरिक होने के दस्तावेज तैयार करने वाले गैंग के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोग जनसेवा केन्द्र की आड़ में वीपीएन और सिस्टम को रिमोट कर आधार कार्ड बनाते थे।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि कुछ माह से जानकारी मिल रही थी कि यूपी के आजमगढ़, गोरखपुर, सहारनपुर, मऊ, औरैया तथा पश्चिम बंगाल के मुशीर्दाबाद, कोलकाता व बिहार के लखीसराय, कटिहार व दिल्ली एनसीआर इत्यादि क्षेत्रों में कुछ जन सेवा केन्द्र का संचालन करने वाले, जो आधार कार्ड बनाने के लिये रजिस्टर्ड हैं, के द्वारा अवैध तरीके से बांग्लादेशी व रोहिग्याओं तथा अन्य अपात्र लोगों के वीपीएन का प्रयोग कर या सिस्टम को रिमोट पर लेकर फर्जी आधार कार्ड बनाये जा रहे हैं तथा आधार कार्ड में फर्जी तरीके से गलत संशोधन किया जा रहा हैं। इस गिरोह द्वारा बनाये गये ...शेष पृष्ठ 14 पर



मोहम्मद नसीम, मोहम्मद शाकिब, हिमांशु राय, सलमान अंसारी, गौरव कुमार गौतम, राजीव तिवारी, विशाल कुमार, मृत्युंजय गुप्ता

## रूस का यूक्रेन पर भीषण हवाई हमला

कीव। यूक्रेन की वायु सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि रूस ने इस साल यूक्रेन पर अपना सबसे बड़ा हवाई हमला किया, जिसमें 574 ड्रोन और 40 मिसाइलें दागी गईं। उसने बताया कि हमले ज्यादातर देश के पश्चिमी इलाकों को निशाना बनाकर किए गए। अधिकारियों के अनुसार, इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए।

यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने कहा कि रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक प्रमुख अमेरिकी इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता पर हमला किया। उन्होंने कोई और जानकारी नहीं दी। यूक्रेन के पश्चिमी हिस्से, देश के पूर्व और दक्षिण में युद्धक्षेत्र की अग्रिम पंक्ति से दूर हैं। माना जाता है कि यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों द्वारा प्रदान की गई अधिकांश सैन्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्तराखंड में विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं का रोडमैप तैयार

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से की भेंट

प्रमुख संवाददाता

नई दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से भेंट की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड में खेलों के समग्र विकास, आधुनिक खेल अवसंरचना के निर्माण तथा खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की और केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया।

सीएम धामी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन में केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सहयोग के लिए प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस खेल महाकुंभ ने उत्तराखंड को नई पहचान दिलाई है और राज्य को एक खेलभूमि के रूप में स्थापित करने की दिशा में यह एक अहम कदम साबित हुआ है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को राज्य से जुड़े कई प्रस्ताव प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री धामी ने अल्मोड़ा के डीनापानी में उच्च स्तरीय खेल सुविधा की स्थापना, देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आइस स्केटिंग ...शेष पृष्ठ 14 पर





### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

○ रात्रि चौपाल, नुक्कड़ नाटक से फाइलेरिया पर वार (पृष्ठ-02)
○ प्रदेश भर में मनाया जायेगा नेशनल स्पेस डे (पृष्ठ-02)
○ ईएसआईसी ने जून में 19.37 लाख नए सदस्य जोड़े (पृष्ठ-14)
○ अमेरिकी शुल्क पर रणनीतिक प्रतिक्रिया की जरूरत (पृष्ठ-14)
○ आईपीओ लाने वाली कंपनियों को मिलेगा नया मंच (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — स्थापना के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर आरएसएस साल भर आयोजित करेगा राष्ट्रीय जन जागरूकता कार्यक्रम

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चलायेगा विश्व का सबसे बड़ा संपर्क अभियान

एजेंसी

गोंडा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख सुभाष जी ने कहा है कि संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर आगामी विजय दशमी से लगातार एक साल तक संघ परिवार सम्पूर्ण राष्ट्र में जन-जागरूकता के लिए सात प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करेगा।

इन कार्यक्रमों में पथ संचलन, घर-घर सम्पर्क अभियान, हिंदू सम्मेलनों का आयोजन, सामाजिक सद्भाव बैठक, प्रमुख जन गोष्ठी, युवा कार्यक्रम और शाखा विस्तार जैसे आयोजन शामिल हैं। वह बृहस्पतिवार को जिला मुख्यालय स्थित संघ कार्यालय पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आरएसएस पिछले 100 वर्षों से अपने स्वयंसेवकों के माध्यम से व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक हम छह समूहों-- वैचारिकी, शिक्षा, सेवा, सुरक्षा, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में काम करते हुए राष्ट्रोत्थान और समाजोत्थान की दिशा में आगे बढ़ते रहे हैं। सुभाष जी का कहना था कि इसी क्रम में संघ के शताब्दी वर्ष के पूर्ण होने पर दो अक्टूबर (विजय दशमी) से अखिल भारतीय स्तर पर सात प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के तहत दो अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक समाज में अनुशासन का संदेश देने के लिए स्वयंसेवकों का गणवेश में पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख के मुताबिक दो नवम्बर से दो दिसम्बर तक घर-घर सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा। यह विश्व का अब तक का सबसे बड़ा सम्पर्क अभियान होगा। 15 दिसम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे तथा फरवरी 2026 में विभिन्न मतों एवं पंथों के लोगों के प्रमुखों के साथ सामाजिक सद्भाव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुभाष जी का कहना है कि कि पंच परिवर्तन में पांच आयाम-सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य शामिल हैं। पहला आयाम सामाजिक समरसता है, जिसमें जाति-भेद मिटाकर भाईचारा बढ़ाने पर जोर है। अनुसूचित जाति-जनजाति के बंधुओं के साथ समानता, ...शेष पृष्ठ 14 पर



# एसआईआर पर हंगामे की भेंट चढ़ा मानसून सत्र

एजेंसी

○ लोस की उत्पादकता रही 31 फीसदी, रास की 39 प्रतिशत

नयी दिल्ली। संसद का मानसून सत्र बृहस्पतिवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया और इस दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लगातार गतिरोध बना रहा। इसके कारण लोकसभा की उत्पादकता जहां महज 31 प्रतिशत रही वहीं राज्यसभा में यह 39 फीसदी रही।

लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले अपने पारंपरिक संबोधन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मानसून सत्र के दौरान कार्यवाही में गतिरोध बनाए रखने पर विपक्षी दलों के प्रति निराशा प्रकट करते हुए कहा कि नियोजित तरीके से सदन के कामकाज में व्यवधान पैदा किया गया जो लोकतंत्र और सदन की मर्यादा के अनुरूप नहीं है। इसी प्रकार राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश ने सत्र के दौरान लगातार बने गतिरोध पर निराशा जताते हुए कहा सूचीबद्ध कार्यों पर सार्थक और सुचारू चर्चा सुनिश्चित करने के आसन के भरसक प्रयासों के बावजूद, यह सत्र दुर्भाग्यवश बार-बार व्यवधानों के कारण बाधित रहा, जिसके परिणामस्वरूप ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी में 6.04 लाख मीट्रिक टन यूरिया 3.93 लाख मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध

## प्रयागराज मंडल में सर्वाधिक 52,395 हजार मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध

विशेष संवाददाता (vol)

- यूरिया का वास्तविक मूल्य 2174 रुपये प्रति बैग, सब्सिडी के चलते किसानों को 266.50 रुपये में हो रहा उपलब्ध

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने साफ किया है कि प्रदेश में कहीं भी खाद-उर्वरकों की कमी नहीं है। सभी मंडलों में पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता है और किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निरंतर मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने कालाबाजारी और ओवररेटिंग पर कड़ा रुख अपनाया है। कृषि विभाग ने मंडलवार खाद की उपलब्धता के ताजा आंकड़े जारी किए हैं।

कृषि विभाग के अनुसार, प्रदेश में कुल 6.04 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 3.93 लाख मीट्रिक टन डीएपी और 3.02 लाख मीट्रिक टन एनपीके की उपलब्धता है। इसका अर्थ है कि खरीफ सीजन के दौरान किसानों के लिए खाद का पर्याप्त भंडार मौजूद है। मुख्यमंत्री योगी ने किसानों से अपील की है कि वे खाद का अनावश्यक भंडारण न करें। जितनी जरूरत हो, उतनी ही मात्रा में खाद लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और समय-समय पर खाद की उपलब्धता व वितरण पर नजर रख रही है। बता दें कि योगी सरकार किसानों के हित में लगातार कदम उठा रही है। यूरिया का वास्तविक मूल्य 2,174 रुपये प्रति बैग है, लेकिन सब्सिडी के चलते यह किसानों को मात्र 266.50 रुपये में उपलब्ध कराया जा रहा है। समय से खाद, बीज और सिंचाई सुविधाओं की वजह से प्रदेश का खाद्यान्न उत्पादन बढ़कर 737 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच चुका है। कृषि क्षेत्र से जुड़ा जीएसवीए, जो सपा शासन के दौरान 2 लाख करोड़ रुपये था, अब बढ़कर 7 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

### खाद की कालाबाजारी करने वालों पर हो रही लगातार कार्रवाई

खरीफ 2024-25 में अब तक 32.07 लाख मीट्रिक टन खाद की बिक्री हुई है, जो पिछले वर्ष से 4.5 लाख मीट्रिक टन अधिक है। रबी 2025-26 सीजन के लिए सरकार ने 138.78 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4 लाख हेक्टेयर अधिक है। किसानों को 10 लाख क्विंटल अनुदानित बीज और लगभग 12.80 लाख मिनी किट उपलब्ध कराई जाएंगी, जबकि गन्ना किसानों को दलहन-तिलहन की बोआई के लिए निःशुल्क बीज दिए जाएंगे। सीमावर्ती जनपदों में खाद-यूरिया की तस्करी रोकने के लिए चौकसी बढ़ाई गई है और कालाबाजारी, जमाखोरी तथा तस्करी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है।

# रात्रि चौपाल, नुक्कड़ नाटक और एमडीए यात्रा से फाइलेरिया पर वार

## सीएम के निर्देश पर प्रदेश के 27 जिलों में चलाया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरकार प्रदेश को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसी के तहत योगी सरकार के निर्देश पर फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान के तहत 27 जिलों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में यह अभियान जनमानस को फाइलेरिया से बचाव के उपायों और दवा सेवन के महत्व के प्रति जागरूक कर रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेशवासी शत-प्रतिशत दवा का सेवन करें। इसके लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें रात्रि चौपाल, नुक्कड़ नाटक और एमडीए यात्रा प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग और जनहित के क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं की मदद से भी ग्रामीण क्षेत्रों में फाइलेरिया के बारे में जानकारी दी जा रही है। बता दें कि फाइलेरिया उन्मूलन योगी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। यही वजह है कि प्रदेश में लोगों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशासनिक प्रयासों के साथ-साथ जनभागीदारी भी बढ़ाई जा रही है। योगी सरकार ने इस अभियान के जरिए राज्य के हर कोने में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप कानपुर, रायबरेली समेत कई जिलों में प्रधान रात्रि चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को फाइलेरिया के बारे में जागरूक कर रहे हैं। इस दौरान जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य कार्यकर्ता लोगों से सीधे संवाद कर उन्हें यह समझा रहे हैं कि फाइलेरिया के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को दवाओं के सेवन से रोका जा सकता है। कानपुर के बिधनु ब्लॉक के मटियारा गांव में पीएसपी सदस्य प्रधान राहुल चौबे और फाइलेरिया रोगी राकेश ने कई दिनों से रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों को वीडियो के माध्यम से फाइलेरिया के बारे में बताया और दवाइयों के सेवन का महत्व बताया। इसी तरह सरसौल ब्लॉक के तिलशहरी बुजुर्ग गांव में सीएचओ आशीष ने लोगों की भ्रांतियां दूर करते हुए उन्हें दवा लेने के फायदे समझाए। घाटमपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में भी पीएसपी सदस्य प्रधान जयनारायण सिंह और पंचायत सहायक ने लोगों को दवा खाने के लिए प्रेरित किया।

# प्रदेश भर में मनाया जायेगा नेशनल स्पेस डे

विशेष संवाददाता (vol)

- आसमान नहीं, अब सितारे हैं मंजिल, अंतरिक्ष से युवाओ को जोड़ने की पहल

**लखनऊ।** भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों और नई पीढ़ी को विज्ञान-प्रौद्योगिकी से जोड़ने की दिशा में योगी सरकार ने एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रदेश भर के विद्यालयों में 23 अगस्त को द्वितीय 'नेशनल स्पेस डे' मनाया जाएगा। इस अवसर पर एनसीईआरटी की ओर से तैयार नया मॉड्यूल भी लॉन्च होगा। परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट व केजीबी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की लगातार बढ़ती उपलब्धियां नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। चंद्रयान, आदित्य-एल1 और गगनयान जैसे मिशनों की जानकारी देकर ही हम उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जोड़ सकते हैं। इस प्रयास के माध्यम से सरकार बच्चों में शोध और नवाचार की भावना को प्रबल करने की कोशिश कर रही है। यह योगी सरकार के समग्र शिक्षा, समग्र विकास के लक्ष्य को भी नई गति प्रदान करेगी। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान व प्रौद्योगिकी के प्रति जिज्ञासा और अभिरुचि पैदा करना है, ताकि वे विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित जैसे क्षेत्रों में करियर की ओर प्रेरित हों। इसी लक्ष्य के लिए विद्यालयों में विशेष सभाएं, प्रदर्शनी, कार्यशालाएं और विशेषज्ञों के साथ ऑनलाइन/ऑफलाइन सेशन आयोजित होंगे।




























# मुझे फांसी पर चढ़ा दो, पिता को गोली मार दो...

## हाईकोर्ट के आदेश पर मकान टूटने पर युवक ने एलडीए में काटा हंगामा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में गुरुवार को जनता अदालत के दौरान जमकर हंगामा हुआ। बड़ा चांदगंज के भिंडिया टोला से आया एक पीड़ित अधिकारियों पर भड़क उठा। पीड़ित ने उसके मकान को गैर तरीके से तोड़े जाने का आरोप लगाया जबकि अधिकारियों का कहना था कि हाईकोर्ट के आदेश पर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया है। नाराज युवक ने कहा कि मुझे फांसी चढ़ा दो, मेरे पिता को गोली मार दो। इतना कहने के बाद ही एलडीए के इंजीनियर संदीप गुप्ता ने युवक को पीटने का प्रयास किया। इस बीच एलडीए प्रशासन ने पुलिस बुला ली, जिसने माहौल का शांत कराया।

दरअसल, निरंजन अग्रवाल का बड़ा चांदगंज के भिंडिया टोला में मकान था। हाईकोर्ट के आदेश के बाद इस मकान को अवैध निर्माण मानते हुए छऊअ ने एक महीने पहले ध्वस्त कर दिया था। निरंजन अग्रवाल अपने बेटे गौरव अग्रवाल के साथ गुरुवार को प्राधिकरण दिवस पर अपनी शिकायत लेकर पहुंचे थे। जब उन्हें मकान को लेकर जानकारी दी गई कि हाईकोर्ट के आदेश पर तोड़ा गया है। इस पर गौरव भड़क गए। गौरव इस कदर उत्तेजित हो गए और कहने लगा कि मुझे गोली मार दो, मेरे पिता को फांसी चढ़ा दो। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। गौरव अग्रवाल ने बताया कि उसके साथ कुछ लोगों ने जबरदस्ती करने का प्रयास किया। बाद में गोमती नगर थाने की पुलिस को तत्काल सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। स्थानीय पुलिस के समक्ष निरंजन लाल अग्रवाल व उनके पुत्र गौरव अग्रवाल ने अपने कृत्य के लिए माफी मांगते हुए भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृति न करने का आश्वासन दिया गया। एलडीए अफसर के मुताबिक गौरव ने अपने पिता को स्वयं को गोली मारकर एवं फांसी लगाकर आत्महत्या करने के लिए उकसाया गया तथा स्वयं भी गोली मारकर आत्महत्या करने की बात कहते हुए हंगामा किया गया। इससे जन सुनवाई में ऊहापोह की स्थिति उत्पन्न हो गयी और सरकारी कार्य बाधित हो गया। प्रकरण की जांच के लिए सचिव ने जोनल अधिकारी, जोन-4 संगीता राघव की अध्यक्षता में कमेटी गठित की। तत्काल मौके पर जाकर परीक्षण करने के आदेश दिए। पाया गया कि वर्ष 1972 में अलीगंज सड़क एवं शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत अलीगंज के ग्राम-शेखापुर की भूमि खसरा संख्या-447 का अधिग्रहण किया गया था। वर्ष 1979 में निरंजन लाल अग्रवाल ने उक्त भूमि पर अपना कब्जा बताते हुए न्यायालय में वाद दाखिल किया, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने उनके खिलाफ निर्णय देते हुए अपील को खारिज कर दिया। वहीं, भूमि खसरा संख्या-448 पर प्राधिकरण की ओर से कभी भी कब्जा प्राप्त नहीं किया गया और मौके पर पुख्ता आबादी बनी हुयी है, जिसका क्षेत्राधिकार सिविल न्यायालय को है। यहां कोई कार्रवाई कभी नहीं की गयी। कमेटी की ओर से जांच के क्रम में स्थल पर फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी करायी गयी, जिसमें शिकायतकर्ता ने स्वयं माना कि उनके पास ऐसा कोई प्रमाण अथवा तथ्य नहीं है कि उक्त स्थल पर प्राधिकरण ने ध्वस्तीकरण किया है। जांच में यह निष्कर्ष निकला कि शिकायतकर्ता ने पूर्व में भवन संख्या-531/156 के खसरा संख्या-447 में निर्मित होने की बात कहते हुए अर्जन मुक्त किये जाने का बार-बार अनुरोध किया था। न्यायालय से राहत न मिलने के कारण वर्तमान में खसरा संख्या-448 में निर्मित होने का मिथ्या प्रार्थना पत्र देते हुए बार-बार अनुरोध किया जा रहा है, जो तथ्य विहिन एवं पूर्णतया भ्रामक एवं निराधार है।

**कब्रिस्तान में बना दिए पीएम आवास के फ्लैट, लगता है डर :** जनता अदालत में कई नागरिक गंभीर मामलों की शिकायत लेकर पहुंचे। बसंतकुंज योजना में बने आवासों को लेकर एक व्यक्ति ने दावा किया कि उनके घर के गेट पर कब्रें बनी हुई हैं। वहां रहने से डर लग रहा है। उस जगह रहने से मना कर रहे हैं। मोहान रोड मौंदा के रहने वाले जितेंद्र यादव ने बताया कि उनको बसंतकुंज योजना के पॉकेट-डी में फ्लैट नंबर 47/8 आवंटित हुआ था। रजिस्ट्री होने के बाद अपने परिवार के साथ जनवरी में रहने पहुंचे थे। घर के पास तीन कब्रों को देखकर उनकी पत्नी और बच्चे डर गए। इसके बाद से वे मजबूरन किराए के मकान में रह रहे हैं। जितेंद्र ने बताया कि जिस जमीन पर आवास बने हैं, वह पहले बरी कला गांव का कब्रिस्तान हुआ करती थी। उन्होंने 6 महीने पहले शिकायत की थी, तब अधिकारियों ने कब्रें हटवाने का आश्वासन दिया था, अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस मामले में अधिकारियों ने समाधान का आश्वासन दिया है।

**कर्मचारियों को बिना सूचना निकाला :** शशिकांत वर्मा ने बताया कि यूपी दर्शन पार्क से निकाले गए कर्मचारियों को कई महीनों से वेतन नहीं मिला। इसके निस्तारण के लिए जनता अदातल में पहुंचे थे। शिकायत लेकर पहुंचे जितेंद्र ने बताया कि बसंतकुंज योजना में उन्हें पीएम आवास आवंटित है। घर के सामने तीन कब्र बनी हैं। अब वह रह नहीं पा रहे हैं। कब्र हटवाने के लिए दो साल से दौड़ रहे हैं। लेकिन, कुछ नहीं हुआ। कर्मचारी शशिकांत वर्मा ने बताया कि उनको 13 अन्य कर्मचारियों के साथ 11 अगस्त को बिना किसी पूर्व सूचना के नौकरी से निकाल दिया गया। उन्हें पिछले पांच महीने का वेतन भी नहीं दिया गया है।

## ओरिएंटेशन कार्यक्रम में शामिल हुईं प्रो. मनुका खन्ना



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मनुका खन्ना राजनीति शास्त्र के नव प्रवेशित छात्रों के अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। इसी के साथ उन्होंने वनस्पति विज्ञान विभाग जाकर वहां के नव प्रवेशित छात्रों के अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम में भी शामिल हुईं। उन्होंने छात्रों को अध्ययनरत रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। छात्र भी पठन पाठन में संलग्न रह कर अपने भविष्य को बेहतर बनाने का प्रयास करें।

## शैलेश अध्यक्ष और राजवीर बने वरिष्ठ महामंत्री

**लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल की राजाजी पुरम इकाई के पदाधिकारियों का गुरुवार को सभी की सहमति से चुनाव किया गया। राजाजीपुरम व्यापार मंडल के नव नियुक्त अध्यक्ष के पद पर शैलेश बाजपेई शीलू, वरिष्ठ महामंत्री, राजवीर सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष मनीष गुप्ता, महामंत्री संजीव चंदानी, आयुष अरोड़ा (कुश), वरिष्ठ उपाध्यक्ष, निखिल रस्तोगी, कोषाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, उपाध्यक्ष मीनाक्षी गुप्ता, रूपेश प्रजापति और संगठन मंत्री विनीत पटेल को बनाया गया। यह जानकारी लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। नव नियुक्त अध्यक्ष शैलेश बाजपेई और मनीष गुप्ता ने कहा कि उनकी इकाई नगर इकाई से मिलकर राजाजीपुरम क्षेत्र के व्यापारियों की हर समस्या का निदान करने का प्रयास करेंगे।

## लोहे का रॉड लगा हो या एंगल, गाड़ी होगी पास

**लखनऊ।** गाड़ी फिटनेस कराते समय किसी बात का डर नहीं होना चाहिए। आपने अपना योगदान फिटनेस सेंटर के अधिकारियों को दे दिया है तो आपके गाड़ी में लोहे का एंगल लगा हो या फिर कलर फूल पेंट कोई भी आपके गाड़ी को पास होने से नहीं रोक सकता है। प्रतिदिन कामर्शियल और प्राइवेट वाहन सैकड़ो कोसंख्या में आते है। जिसमें कुछ गाड़िया आती भी नहीं है और फिटनेस हो जाता है। सूत्रों का यहा तक कहना है कि जेसीबी गाड़ी और अस्पताल की गाड़ी का दाम अधिक लिया जा रहा है।

**ट्रांसपोर्टनगर फिटनेस सेंटर के बाहर नहीं होगी गाड़ी खड़ा :** ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय के फिटनेस सेंटर पर बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश नहीं देने का निर्देश दिया है। फिटनेस सेंटर के बाहर कोई भी गाड़ी खड़ी होगी उससे पुलिस द्वारा जांच भी कराने का निर्देश दिया। आरटीओ के फिटनेस सेंटर के बाहर अनधिकृत रूप से वाहन और लोगों का जमावड़ा लग रहा था। आये दिन सुरक्षा कर्मियों से बाहरी लोगों की नोकझोंक भी हुई। सोमवार को आरआई विष्णु कुमार ने पुलिस बुलाकर अनाधिकृत रूप से लोगों को खदेड़ दिया। आरआई ने बताया कि आरटीओ संजय कुमार तिवारी के निर्देश पर फिटनेस सेंटर के अंदर सिर्फ वाहन स्वामी और चालक को ही प्रवेश दिये जाने के लिए गार्डों को दिशा-निर्देश दिए। गार्डों से कहा भी कि अगर कोई जबरदस्ती आता है तो तत्काल इसकी सूचना दें। उन्होंने बताया कि अनाधिकृत जमावड़े से मूल आवेदकों को परेशानी होती है। इससे साथ ही फिटनेस सेंटर के अन्दर गाड़ी जाते ही आवेदक को अपना पूरा कागज दिखाना होगा। इसके बाद गाड़ी फिटनेस सेंटर से बाहर आयेगी तो उसका प्रिंट बाहर के काउंटर से लेना होगा।

# पावर हाउस, छन्नी लाल, पासी किला व निशांतगंज चौराहों का होगा सुंदरीकरण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यातायात व्यवस्था को सुगम व सुदृढ बनाने को लेकर नगर निगम की ओर से छन्नी लाल चौराहा, पासी किला चौराहा, अलकापुरी चौराहा तथा पीडब्लूडी द्वारा पुरैनिया जक्शन, मडियांव जक्शन, निशांतगंज जक्शन व आईक्यू जक्शन और एलडीए की ओरसे नरोडा जंक्शन, मवाईया चौराहों आदि विभिन्न चौराहों के सुंदरीकरण का कार्य कराया जाएगा। यह निर्देश मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को यातायात से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यो की प्रगति की समीक्षा के दौरान दिए। इस अवसर पर संयुक्त पुलिस आयुक्त बब्लू कुमार, लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त व पीडब्लूडी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त को एलडीए के मुख्य अभियंता ने बताया कि एकेटीयू, अटल चौराहा के सुदृढ़ीकरण के समस्त कार्य शतप्रतिशत पूर्ण करा लिया गया है। मेडिकल कालेज चौराहे की रोटरी साइज कम करके, ब्लैक टॉप बढ़ोत्तरी का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। टीले वाली मस्जिद मार्ग की रोड वाइंडिंनिग कार्य निर्माणधीन है। लोक बंधु चौराहों व हनीमेन चौराहों के सुदृढ़ीकरण कार्य जैसे ब्लैक टॉप की बढोत्तरी, यूटिलिटी शिफ्टिंग, साइनेज, डिवाइडर कट, यूनिपोल हटाना व रोटरी का आकार कम करना आदि विभिन्न कार्य तेजी से कराया जा रहा है। नगर आयुक्त ने बताया कि चरक चौराहा, स्वास्थ्य भवन चौराहा व पत्रकार पुरम चौराहा के सुदृढ़ीकरण/सौंदर्यीकरण व अवैध अतिक्रमण हटा कर ब्लैक टॉप की बढ़ोतरी किया जायेगा। उक्त कार्यो का टेंडर करा लिया गया है। मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन सिविल कार्यों का टेंडर हो गए हैं उन कार्यो को बिना विलंब किए हुए प्रारंभ कर दिया जाए। मंडलायुक्त ने एमडी सिटी ट्रांसपोर्ट को निर्देश देते हुए कहा कि सिटी बसों व टेंपो का संचालन चिन्हित रूटों पर ही कराया जाये।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने रखा विकास और सुशासन का दीर्घकालिक खाका

विशेष संवाददाता (vol)

- वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की राह में नीतिगत थिंक-टैंक की मांग
- उत्तर प्रदेश की नीतिगत क्षमता को नई दिशा देने का सुझाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और भारत @2047 के विजन में अग्रणी बनाने की दिशा में, सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक महत्वपूर्ण पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश स्ट्रैटेजी एवं डेवलपमेंट कमीशन की स्थापना का प्रस्ताव रखा है। डॉ. सिंह का मानना है कि उत्तर प्रदेश आज जिन चुनौतियों का सामना कर रहा है जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ई-मोबिलिटी, सेमीकंडक्टर, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण और कृषि सुधार झ उनका समाधान केवल पारंपरिक प्रशासनिक ढांचे से संभव नहीं है। इन जटिल और तकनीकी विषयों पर दीर्घकालिक दृष्टि और वैश्विक तुलना आवश्यक है, जिसके लिए एक स्थायी, विशेषज्ञ-आधारित आयोग की स्थापना अनिवार्य हो जाती है। डॉ. सिंह ने पत्र में अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, चीन और दक्षिण कोरिया के संस्थानों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन देशों की आर्थिक और औद्योगिक प्रगति के पीछे ऐसे थिंक टैंक्स की अहम भूमिका रही है। भारत में भी नीति आयोग और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद इसकी मिसाल हैं, जबकि राज्यों में केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र ने इस मॉडल पर प्रयोग किए हैं। डॉ. सिंह ने निजी कंसल्टेंसी कंपनियों की सीमाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि उनकी रिपोर्टें लाभ-केंद्रित होती हैं और सामाजिक-सांस्कृतिक वास्तविकताओं से अक्सर कट जाती हैं। उत्तर प्रदेश को केवल रिपोर्ट तैयार करने वाली एजेंसी नहीं, बल्कि एक विधिक शक्ति प्राप्त, जवाबदेह और दीर्घकालिक दृष्टि रखने वाली संस्था की आवश्यकता है। यह संस्थानों का कार्य, दस्तावेज तैयार करना। नीतियों का वित्तीय एवं नियामकीय आकलन करना। विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों और उद्योग जगत से सरकार को जोड़ना। डिलीवरी एवं रिजल्ट्स यूनिट के माध्यम से योजनाओं के परिणामों की समीक्षा करना। पॉलिसी इनोवेशन लैब बनाकर नए समाधान प्रस्तुत करना होगा। इससे विश्वस्तरीय और प्रतिस्पर्धी नीतियां तैयार होंगी। निवेशकों व अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में उत्तर प्रदेश की विश्वसनीयता बढ़ेगी। राजनीतिक व प्रशासनिक बदलावों से परे नीतिगत निरंतरता बनी रहेगी। 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य शीघ्र पूरा होगा। योजनाओं का स्वतंत्र मूल्यांकन और सतत सुधार संभव होगा। डॉ. सिंह ने अपने पत्र में इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इस आयोग की स्थापना के लिए विधायी प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए।

## बस में सीट के पीछे लगाया जायेगा यूपीआई का स्टीकर: दयाशंकर

**लखनऊ।** भारत इंटरफेस फॉर मनी यूपीआई ऐप के माध्यम से यूपीआई आधारित डिजिटल टिकटिंग सिस्टम के प्रयोग पर यात्रियों को कैशबैक दिये जाने तथा बस चालकों, परिचालकों को प्रोत्साहित करने की योजना को निगम द्वारा आज अनुमति प्राप्त हो गयी है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा निगम बसों में डिजिटल ट्रान्जैक्शन को बढ़ावा देने के आशय से यूपीआई आधारित वित्तीय व्यवहारों को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक कारगर कदम है। यह जानकारी देते हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि यात्रियों को निगम बसों में डिजिटल ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देने के लिए निगम की समस्त बसो में यात्री सीट के पीछे यूपीआई स्टीकर लगाये जायेगे। उन्होंने बताया कि यात्री सीट के पीछे 85 इंच आकार के स्टीकर मै0 एनपीसीआई द्वारा सहमति प्रदान की गयी है। मैसर्स एनपीसीआई ने स्टीकर विभिन्न क्षेत्रों के लिए उपलब्ध कराये हैं। जो सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को उपलब्ध कराये जायेगे।

# नगर निगम कार्यकारिणी बैठक आज कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का होगा चुनाव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम कार्यकारिणी की शुक्रवार को होने वाली बैठक में सम्पत्तियों का दाखिल खारिज शुल्क कम करने, नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को उठाने के बाद पुलिस को शेयर न दिए जाने सहित कई प्रमुख प्रस्तावों को मंजूरी के लिए लाया जाएगा। प्रस्तावों पर चर्चा से पहले कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव होगा।

कार्यकारिणी बैठक में जो प्रस्ताव मंजूरी के लिए लाए जाने वाले हैं उनमें 10 वार्डों के नाम बदलने का प्रस्ताव प्रमुख है लेकिन इसको लेकर विवाद उठ सकता है। जानकारों का कहना है कि दो साल पहले नगर निगम के पार्षदों का चुनाव हुआ था। उससे परिसीमन किया गया था और कई वार्डों का दायरा और नाम बदले गए थे। नए नाम के आधार पर ही चुनाव हुआ था। ऐसे में अब बीच में वार्डों का नाम बदल जाने से वार्ड के नाम को लेकर भ्रम की स्थिति बन सकती है। यदि नाम बदला गया तो सरकारी दस्तावेजों में उसे बदलना होगा। गृहकर रिकार्ड में उसे सही करना पड़ा है जो आसान नहीं होगा। नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को उठाने के लिए क्रेन संचालन की जिम्मेदारी निजी संस्था को दी गई है। वाहन चालकों से जुर्माना वसूला जाता है। जिसमें से 50 प्रतिशत नगर निगम, पुलिस को 30 व संस्था को 20 प्रतिशत का करार है, लेकिन प्रस्ताव के अनुसार क्रेन संचालन का दायित्व नगर निगम का है, इसमें पुलिस का कोई रोल नहीं है। इसलिए पुलिस को दिए जाने वाला शेयर बंद कर नगर निगम व संस्था के बीच 50-50 प्रतिशत के हिसाब से बंटवारा हो।

**यह प्रस्ताव भी आएंगे :** कन्हैया माधौपुर द्वितीय वार्ड स्थित बसंत बिहार कालोनी लालाबाग, रमना दुबग्गा का संपर्क मार्ग जो वर्तमान में नगर निगम के पास है उसे लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित करने, इंदिरा नगर सेक्टर-आठ से रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल के सामने की सड़क का नामकरण वैज्ञानिक स्वर्गीय राम बक्श सिंह के नाम पर करने, विकास नगर सेक्टर छह विद्युत उपकेंद्र के निकट चौराहे पर पद्मभूषण पूर्व रक्षा मंत्री स्वर्गीय जार्ज फर्नांडिस की मूर्ति लगाने, हजरतगंज स्थित रामतीरथ वार्ड में परिवर्तन चौक के पास डिवाइडर पर सफाई कर्मचारियों के नेता स्वर्गीय जगदीश प्रसाद वाल्मीकि की मूर्ति लगाने, सम्राट विक्रमादित्य की मूर्ति लगाने, गोमती नगर स्टेशन रोड का नाम महामना मालवीय मार्ग किए जाने तथा 20 लाख में गोमती नगर में पार्क के विकास कार्य को मंजूरी दिए जाने का प्रस्ताव दिया गया।

# टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक में नगर आयुक्त व भाजपा पार्षद में विवाद

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय स्थित बाबू राज कुमार श्रीवास्तव समिति कक्ष में गुरुवार को टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक में नगर आयुक्त और भाजपा पार्षद के बीच तू-तू, मैं-मैं हो गई। टीवीसी के अध्यक्ष व नगर आयुक्त गौरव कुमार के बैठक के समय से 50 मिनट देरी से आने के बाद भाजपा पार्षद रंजीत सिंह की ओर से आपत्ति जताई गई। नगर आयुक्त के रवैये से आहत होकर भाजपा पार्षद व टीवीसी सदस्य रंजीत सिंह ने महापौर को पत्र भेजकर नाराजगी जताते हुए कमेटी से इस्तीफा भी दे दिया है।

उन्होंने नगर आयुक्त से पूछा क्या कारण है कि कमेटी की बठैक जो प्रत्येक तीन माह मे होनी चाहिए थी 10 महीनें बाद हो रही है। सदस्यों से चर्चा के लिए कोई भी प्रस्ताव एजेंडे में न लिए जाने पर आपत्ति जताई। इस पर नगर आयुक्त ने कहा कि ये सदन नहीं है। ये मेरे अधिकार क्षेत्र में है। मैं कमेटी का अध्यक्ष हूं। मेरे मे सारे अधिकार निहित है। रंजीत सिंह ने कहा कि आप अध्यक्ष हैं तो मैं भी कमेटी का सदस्य हूं। नगर आयुक्त ने कहा कि अध्यक्ष होने के नाते मैं कुछ भी कर सकता हूं। इस पर नाराज होकर रंजीत सिंह ने कहा कि आप कुछ भी कर सकते हैं तो आप मुझे कमेटी से बाहर कर दें। महापौर को लिए गए पत्र में रंजीत सिंह ने कहा टाउन वेंडिंग कमेटी के लिए गठित कमेटी मे मुझे कमेटी का सदस्य नामित किया गया था। जिस प्रकार का व्यवहार सार्वजनिक रूप से नगर आयुक्त की ओर से कमेटी के सभी सदस्यों के बीच में मेरे ऊपर किया गया, काफी अपमानित सा महसूस हुआ। अगर इसी प्रकार का व्यवहार कमेटी के अध्यक्ष की ओर से एक घंटे का इंतजार लगभग 100 जिम्मेदार लोगों और जनप्रतिनिधि का कराया जायेगा तथा नियमतः तीन माह में होने वाली बैठक को 10 माह में किया जायेगा तो टाउन वेंडिंग कमेटी आखिर शहर के वेडर्स तथा वेंडिंग जोन के साथ क्या न्याय कर पायेगी। इस पत्र को मेरा टाउन वेण्डिंग कमेटी से इस्तीफा समझा जाय।

## हर जोन में बनेंगे 5 वेंडिंग जोन

**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार की अध्यक्षता में टाउन वेंडिंग कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में पार्षद दल के उपनेता सुशील तिवारी 'पम्मी', पार्षद रंजीत सिंह और टिंकू सोनकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह, सहायक नगर आयुक्त विनीत सिंह, सभी जोनल अधिकारी, नगर अभियंता, कर अधीक्षक, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा टाउन वेण्डिंग कमेटी के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

बैठक में शहर के विभिन्न हिस्सों में सड़क पर काम करने वाले वेंडरों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने और उनके लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा की गई। कमेटी के सदस्यों की मांग पर नगर आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने जोन में वेंडरों का विस्तृत सर्वे कराएं। इस सर्वेक्षण में वेंडिंग कमेटी के सदस्यों से अधिकतम सहयोग लेने पर जोर दिया गया ताकि आंकड़े सटीक और पारदर्शी हों। साथ ही यह आश्वासन भी दिया गया कि प्रत्येक जोन में 4 से 5 वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे, जहां पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और कूड़ा निस्तारण जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि जिन वार्डों में नए वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे, वहां के संबंधित पार्षदों एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों से विचार-विमर्श अवश्य किया जाएगा। इससे स्थानीय आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त स्थानों का चयन किया जा सकेगा। गौरव कुमार ने निर्देशित किया कि वेंडरों से संबंधित सभी जानकारियों को एक डिजिटल पटल पर लाने के लिए विशेष सॉफ्टवेयर तैयार कराया जाए। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से वेंडरों के पंजीकरण, स्थान, और अन्य महत्वपूर्ण विवरणों का संकलन व मॉनिटरिंग आसान होगी। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान शीघ्र संभव होगा। बैठक में मौजूद पार्षदों व सदस्यों ने नगर आयुक्त के इन निर्णयों का स्वागत करते हुए कहा कि इस पहल से शहर में वेंडरों की स्थिति बेहतर होगी और उन्हें सम्मानजनक आजीविका मिल सकेगी।

# शहरी शासन की स्थिति और नगर सरकारों के वित्तीय सशक्तीकरण पर चर्चा

## प्रजा फाउंडेशन ने आयोजित किया उत्तर प्रदेश अर्बन गवर्नेंस कंसल्टेशन 2025

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रजा फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश अर्बन गवर्नेंस कंसल्टेशन 2025 का आयोजन नगर निकाय निदेशालय में किया। इस परामर्श बैठक में जनप्रतिनिधियों, नगर निकाय अधिकारियों, शहरी विशेषज्ञों और नागरिक समाज के सदस्यों ने भाग लिया। परामर्श के दौरान तीन महत्वपूर्ण विषयों पर शहरी शासन की स्थिति, नगर सरकारों का वित्तीय सशक्तिकरण और शहरी विकास के लिए स्थानिक योजना पर चर्चा हुई।

प्रजा की लंबे समय से की जा रही प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए, प्रजा फाउंडेशन के सीईओ मिलिंद म्हास्के ने कहा, पिछले 26 वर्षों से प्रजा फाउंडेशन स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नगर प्रशासन को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश में, हम पिछले तीन वर्षों से नगर निगमों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशालाएं, प्रक्रिया नियमों को मजबूत करने और नगरपालिका वित्त को सुदृढ़ करने पर काम कर रहे हैं। प्रजा फाउंडेशन की प्रोग्राम निदेशक प्रियंका शर्मा ने कहा, उत्तर प्रदेश में पार्षद प्रशिक्षण को संस्थागत बनाने और शासन संरचनाओं को मजबूत करने पर केंद्रित हैं।

पार्षद कार्यशालाओं को उत्तर प्रदेश राज्य प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान के पाठ्यक्रम में सम्मिलित करना इन पहलों की दीर्घकालिक स्थिरता और विस्तार सुनिश्चित करेगा। गोरखपुर नगर निगम के महापौर मंगलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा, इस प्रकार की खुली चचाएं निर्वाचित प्रतिनिधियों, प्रशासकीय अधिकारियों और नागरिक समाज संगठनों के विविध दृष्टिकोणों को एक साथ लाती हैं, जो शासन प्रणाली में सुधार के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

प्रदेश सरकार के नगर विकास विभाग (यूडीडी) के विशेष सचिव अरुण प्रकाश ने कहा, राज्य ने कई पहल की हैं, जैसे नगरपालिका कैडर का पुनर्गठन और राज्य योजनाओं के माध्यम से नगरीय निकायों को सहयोग प्रदान करना हैं। हमारे नगरीय निकायों को मजबूत करना समय की आवश्यकता है और हम इस प्रक्रिया में प्रजा के महत्त्वपूर्ण सहयोग की सराहना करते हैं। वर्ष 2023 में, प्रजा ने उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे ताकि शहरी शासन सुधारों को आगे बढ़ाया जा सके।

प्रजा फाउंडेशन के प्रबंधक अविरल दुबे ने बताया, हमारा सहयोग प्रक्रिया नियमों, वित्तीय सशक्तिकरण और पार्षद प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर शोध और परामर्श सहायता प्रदान करता है। नगर सरकारों को सशक्त बनाना आवश्यक है ताकि वे बेहतर सेवाएँ प्रदान कर सकें और उत्तर प्रदेश की प्रगति में प्रभावी योगदान दे सके।

# स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को पारदर्शी और बेहतर सुविधा मिलेगी : चेयरमैन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- चेक मीटर से उपभोक्ता की हर शंका का समाधान



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में 2.73 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से अब तक 35 लाख स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। योगी सरकार की मंशा है कि प्रदेश में हर उपभोक्ता को पारदर्शी, सुरक्षित और विश्वस्तरीय बिजली सुविधा मिले। इसी कड़ी में स्मार्ट मीटर परियोजना को प्राथमिकता दी जा रही है। पावर कार्पोरेशन के चेयरमैन ने निर्देश दिया है कि उन्ही का मीटर बदला जायेगा जिसमें रिडिंग का अन्तर पाया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर पूर्ण रूप से कार्य कर रहा है।

**स्मार्ट मीटर पूरी तरह सही :** स्मार्ट मीटरों को लेकर यह गलतफहमी फैलाई जा रही है कि ये तेज चलते हैं और अधिक खपत दिखाते हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह सुरक्षित, पारदर्शी और उपभोक्ता हित में हैं। इनमें खपत मापन की तकनीक बिल्कुल वही है जो वर्तमान इलेक्ट्रॉनिक मीटर में है। अंतर सिर्फ इतना है कि स्मार्ट मीटर में रीडिंग और बिलिंग ऑनलाइन हो जाती है, जिससे मानवीय हस्तक्षेप समाप्त हो जाता है।

**550 मीटरों की विशेष जांच, सभी सही पाए गए :** 20 अगस्त को पूरे प्रदेश में अभियान चलाकर 550 स्मार्ट मीटरों की जांच की गई। लखनऊ सहित विभिन्न जिलों के उपभोक्ताओं झ जैसे विशाल खंड की कान्ती यादव, चिनहट की रजनी सिंह, फैजाबाद रोड के दीपक सिंह और इंदिरा नगर की कामिनी पांडेय झ के मीटरों की चेकिंग में पाया गया कि सभी मीटर सही खपत दर्ज कर रहे थे।

**चेक मीटर सुविधा से उपभोक्ताओं की शंका दूर :** 15 अगस्त तक लगाए गए 34,05,066 स्मार्ट मीटरों के सापेक्ष 1,66,304 चेक मीटर भी लगाए गए हैं। उपभोक्ता की शंका होने पर उनके परिसर में चेक मीटर लगाया जा सकता है। जांच रिपोर्ट से भी उपभोक्ताओं को अवगत कराया जा रहा है।

**स्मार्ट ऐप से मिलेगी पारदर्शिता और नियंत्रण :** स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद उपभोक्ता यूपीपीसीएल के स्मार्ट कंज्यूमर ऐप से अपनी खपत घंटे-घंटे देख सकते हैं। इससे यह समझना आसान हो जाता है कि कौन-सा उपकरण सबसे अधिक बिजली खर्च कर रहा है। उपभोक्ता घर बैठे रिचार्ज भी कर सकते हैं।

**प्रीपेड पर 2 प्रतिशत की छूट और समय पर अलर्ट :** प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को निर्धारित टैरिफ में 2 प्रतिशत की छूट दी जाती है। बैलेंस की जानकारी समय-समय पर एसएमएस अलर्ट से दी जाती है—30 प्रतिशत, 10 प्रतिशत और शून्य पर उपभोक्ता को सूचित किया जाता है। इसके बाद भी 30 दिन का ग्रेस पीरियड और अतिरिक्त 3 दिन का समय दिया जाता है। शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे के बीच तथा छुट्टियों में कनेक्शन नहीं काटा जाता।

**भ्रामक प्रचार से दूर रहें :** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अफवाहों से दूर रहें और इस तकनीकी बदलाव को सकारात्मक रूप से अपनाएं। जैसे दूरसंचार क्षेत्र में मोबाइल ने क्रांति की, वैसे ही स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने और देश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

| महत्वपूर्ण नंबर | | फायर स्टेशन | एम्बुलेंस | |
|---|---|---|---|---|
| वूमेन पावर लाइन | 1090 | हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642 | मेडिकल सेवा- | 102, 108 |
| पुलिस | 100, 2629999 | गोमती नगर-9454418657 | | |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 | | | |



# मुख्यमंत्री जनता दरबार में रिटायर सैन्यकर्मी ने खाया जहर

- बेसुध होकर गिरा, सिविल अस्पताल में कराया गया भर्ती
- बिजली विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार का कर रहे थे खुलासा
- नाराज बिजली विभाग के अफसरों ने काट दिया था लाइट

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** बिजली विभाग में भ्रष्टाचार की आवाज उठायी, तो बिजली विभाग ने लाइट काट दी। वह 25 दिन से परेशान था। न्याय के लिए वह गुरुवार को मुख्यमंत्री के जनता दरबार पहुंचा और फिर अचानक बेसुध होने लगा। जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उसे एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उसने बताया कि वह जहरीला पदार्थ खाया है, फिलहाल उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

मामला राजधानी में मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित जनता दरबार का है। जहां सुबह करीब नौ बजे जनता दरबार में पीड़ितों की समस्या की सुनवाई चल रही थी। बताया जा रहा है कि गाजियाबाद के सरौली थाना लोनी निवासी सतवीर गुर्जर जनता दरबार पहुंचे थे। उनके साथ में कुछ परिवार के सदस्य व करीबी भी थे। थोड़ी देर बाद सतवीर ने वहां मौजूद लोगों से बताया कि उन्होंने जहर खा लिया है। यह सुनकर सबके होश उड़ गए। जानकारी सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारियों को दी गई। लिहाजा आनन-फानन में तुरंत सतवीर को एबुलेंस से सिविल अस्पताल ले जाया गया। सतवीर के साथ पहुंचे लोगों ने बताया कि उन्हें खुद इस बात की जानकारी नहीं थी कि वह जहर साथ लेकर चले हैं। सतवीर एयरफोर्स से रिटायर होकर अब सामाजिक कार्य करते है। उनकी खुद की गौशाला है, 30 से 35 स्ट्रीट डॉग्स को खाना खिलाते हैं। परिजनों के मुताबिक, बिजली विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ सतवीर ने आवाज उठाई थी। आरोप लगाया कि इसी कारण उनके घर की बिजली 25 दिन पहले काट दी गई थी। इससे सतवीर काफी परेशान थे। उनके घर में दो बेटे और एक बेटी है। बेटी की शादी हो चुकी है।

मुख्यमंत्री जनता दरबार में पूर्व सैनिक सतवीर गुर्जर ने जहर खाया था। जिन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सतवीर गुर्जर ने जहर क्यों खाया, इसकी जानकारी करने का प्रयास किया जा रहा है।
**विकास जायसवाल**
**एसीपी हजरतगंज**

## रेशम की साड़ी बनाने का बंदियों को दिया गया प्रशिक्षण

लखनऊ। केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मन्त्रालय भारत सरकार की समर्थ योजना के अन्तर्गत संस्था संगीता सिल्क क्रिएशन वाराणसी द्वारा जिला कारागार लखनऊ में बंदियों को रेशम की साड़ी बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत 30 दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को 5,100 रुपए का मानदेय व केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक प्रमाण-पत्र दिया जा रहा है। गुरुवार को सिद्दीकी अली अहमद, नोडल अधिकारी, समर्थ व वैज्ञानिक (डी) केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार तथा आरके जायसवाल, वरिष्ठ अधीक्षक, जिला कारागार लखनऊ द्वारा तीसरे बैच का उद्घाटन किया गया व सभी प्रशिक्षणार्थियों को किट वितरित किया।

## जच्चा-बच्चा की मौत मामले में कार्रवाई की मांग

- पुलिस को मिली तीन तहरीर, जांच में जुटी
- युवती के परिजनों ने पति समेत अन्य पर लगाया आरोप

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** निगोहां में जच्चा-बच्चा की हुई मौत के प्रकरण में स्वास्थ्य विभाग सहित सभी जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए है, आखिर किसकी लापरवाही से प्रसूता की मौत हुई है? अभी तक जांच सिर्फ जांच ही चल रही है। पुलिस को मारपीट सहित इस मामले में दो तहरीर मिली है। जिसको लेकर पुलिस असमंजस की स्थित में है और पुलिस विभाग के आलाधिकारी भी गंभीरता के साथ नजर बनाए हुए है।

बताया जा रहा है कि दयालपुर के मजरा परमेश्वरखेडा के मजदूर शैलेन्द्र कुमार की पत्नी प्रेमलता (26) की डिलवरी होनी थी। शैलेन्द्र ने पत्नी को निगोहां कस्बा के एक निजी अस्पताल में बीती 18 अगस्त को दोपहर में भर्ती कराया गया था। जहां मंगलवार देर रात महिला की तबियत बिगड़ने लगी, तब डॉक्टरों ने महिला को दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया था। पति और अन्य लोग एबुलेंस से महिला को दूसरे अस्पताल ले जा रहे थे, जहां रास्ते में ही प्रसूता की मौत हो गयी थी। इस मामले में मृतका के मायके पक्ष का आरोप था कि ससुराल वाले एबुलेंस को रास्ते में ही काफी देर तक रुकवा कर अस्पताल का चयन करते रहे। इस दौरान महिला की और तबियत बिगड़ती गई, जिसके चलते उसकी मौत हो गयी। अब अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाने लगे। वहीं मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर समय पर सही इलाज न कराने का आरोप लगाते हुये हंगामा करते हुए मारपीट शुरू कर दी थी। इस मामले में निगोहां पुलिस की मृतका के मायके और ससुराल सहित तीन तहरीर मिली है। जिस पर जांच चल रही है। आखिरकार किसकी लापरवाही के चलते प्रसूता की मौत हुई है, सभी चुप्पी साधे हुए है।

## सूचना

सूचित हो कि मेरी एच.डी.एफ.सी. लाईफ इन्सयोरेंस पॉलिसी सं. 13864789 में त्रुटिवश मेरा नाम अलीमुद्दीन अलीस अब्बू दर्ज है जबकि मेरे आधार व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम अलीमुद्दीन अब्बासी दर्ज है। मेरी पॉलिसी में भी मेरा सही नाम दर्ज किया जाये। **अलीमुद्दीन अब्बासी पुत्र निजामुद्दीन अब्बासी नि.- 14/468 बर्फ खाना, उदयगंज, लखनऊ।**

## सूचना

बिजनौर ज़िले की अवाम और अन्य जिला वासियों को जानकारी दी जा रही है की बिजनौर बाइपास चक्कर रोड पर स्थित फैरी लैंड वाटर पार्क के नाम से मेरी चार आराजी है, इस आराजी का कुछ भाग पंजाब नेशनल बैंक ने कब्जा ले लिया है, जबकि उक्त आराजी का वाद देहरादून के पारस टावर में स्थित डीआरटी कोर्ट में वाद संख्या एस.ए. 54/ 2024 और अन्य माननीय न्यायालयों में वाद विचाराधीन है। जो माननीय न्यायालयो की वेबसाइट पर मौजूद हैं। जिस कारण यह आराजी विवादित है। मुझे ज्ञात हुआ है की मेरी इस आराजी को बेची जा सकती है, यदि इस आराजी के वाद न्यायालयो में विचाराधीन के दौरान कोई भी व्यक्ति इस विवादित आराजी को खरिदता है तो वह खुद उसका जिम्मेदारी होगी। **अब्दुल्ल समी पुत्र अब्दुल शकूर मोहल्ला चाहशिरी बी0 24, थाना कोतवाली शहर, जनपद बिजनौर।**

## दुष्कर्म के आरोपी को भेजा गया जेल

लखनऊ। माल इलाके के एक गांव में शौच गयी नाबालिक लड़की को दूधिया ने रास्ते में रोककर दुष्कर्म किया। साथ ही किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं पीड़ित को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया।

## अफसरों ने डॉटा, डाक कर्मचारी ने की खुदकुशी

**लखनऊ।** महानगर क्षेत्र के डाकघर में कार्यरत हरियाणा निवासी 21 वर्षीय अंकित ने खुदकुशी कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर। गुरुवार को उसका शव कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिलने से डाक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन शुरू की पता चला कि कुछ दिनों पहले अफसरों ने निरीक्षण के दौरान कोई कमी पाने पर अंकित को जमकर फटकार लगाई थी। जिससे आहत होकर 21 वर्षीय ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस) अंकित ने आत्महत्या कर लिया।

# दिनदहाड़े भाजपा मंडल अध्यक्ष के मकान में बदमाशों का धावा

### 25 लाख की कीमती ज्वेलरी व नगदी ले गये बदमाश

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** चिनहट इलाके में नकाबपोश बदमाशों ने दिनदहाड़े भाजपा की मंडल अध्यक्ष प्रेमलता सिंह के घर धावा बोल दिया। दरवाजे का लॉक तोड़कर घुसे। अलमारियां और तिजोरी तोड़कर डेढ़ लाख रुपये और करीब 25 लाख रुपये के जेवर लूट लिए। इस बीच प्रेमलता अपने पौत्र को स्कूल से लेकर घर पहुंचीं तो आहट सुनकर बदमाश भागने लगे। रोकने का प्रयास किया तो प्रेमलता का गला दबाया, धक्का देकर गिरा दिया और फरार हो गए। तीन बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। उनकी तलाश में पुलिस की चार टीमें दबिश दे रही हैं। पुलिस ने चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमलता सिंह चिनहट की सराय शेख देवराजी विहार कॉलोनी में रहती हैं। साथ में उनका बेटा, बहू और पौत्र रहते हैं। मंगलवार दोपहर बेटा और बहू बाहर गए थे। प्रेमलता घर पर ताला लगाकर आरएलबी स्कूल से पौत्र को लेने गई थीं। प्रेमलता के मुताबिक करीब एक बजे वह पौत्र के साथ लौटीं। गेट खोलकर जैसे ही अंदर पहुंचीं तो घर में खटपट हो रही थी। आवाज दी तो एक नकाबपोश घर के अंदर से निकला और धक्का देकर बाउंड्रीवाल फांदकर फरार हो गया। इस बीच दूसरा भी निकला। उसे उन्होंने पकड़ लिया। खुद को फंसता देख बदमाश ने उन पर हमला बोल दिया। गला पकड़कर दबाया और धक्का देकर गिरा दिया। वह बदहवास गिर पड़ीं। पौत्र के शोर मचाने पर आस-पड़ोस के लोग दौड़े। तब तक दोनों बदमाश बाउंड्रीवाल के बाहर गलियारे से भागे और कुछ दूरी पर खड़े बाइक सवार अपने तीसरे साथी के साथ भाग निकले। घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। इंस्पेक्टर चिनहट और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस ने साक्ष्य जुटाए। आस-पड़ोस और मुख्य मार्ग पर लगे सीसी कैमरों की तफ्तीश की। कैमरे में बाइक से तीन बदमाश भागते दिखे। इंस्पेक्टर ने बताया कि बदमाशों की तलाश में सर्विलांस समेत चार टीमें लगी हैं। फुटेज के आधार पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। टीमें दबिश दे रही हैं। उधर, घर में छानबीन के बाद प्रेमलता ने बताया कि अलमारी और तिजोरी का लाक टूटा पड़ा था। सारा सामान अस्त-व्यस्त था। चोर अलमारी में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये और 25 लाख के जेवर लूट ले गए। दिनदहाड़े हुई घटना से पूरी कॉलोनी में दहशत है। प्रेमलता के मुताबिक बदमाश बहू नेहा और उनके सोने के 105 ग्राम जेवर। इसके अलावा उपहार में मिले 145 ग्राम सोने के अलावा चांदी के जेवर। जेवरों की कुल कीमत करीब 25 लाख रुपये है। इसके अलावा डेढ़ लाख रुपये भी लूट ले गए।

## ऑनलाइन खाते से निकल गये 90 हजार रुपये

लखनऊ। साइबर जालसाजों ने आशियाना थाना इलाके में रहने वाले एक खाताधारक के खाते से ऑनलाइन 90 हजार रुपये पार कर दिया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित भदरुख बंगला बाजार निवासी मोनू कुमार पुत्र कमलेश प्रजापति के अनुसार उसका बैंक खाता बैंक आफ बडौदा में है। वहीं पीड़ित का कहना था कि बीते 7 अगस्त को साइबर हैकरों ने उनके उक्त खाते से अपने अलग-अलग मोबाइल नंबरों पर 90 हजार रुपये आनलाइन ट्रांसफर कर लिए। जिसकी जानकारी होने पर खाताधारक ने साइबर सेल सहित स्थानीय आशियाना थाने में मोबाइल नंबर के आधार पर लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## अभियान चलाकर मुख्य मार्गो से हटाया गया अतिक्रमण

लखनऊ। मोहनलालगंज कस्बे में पुलिस-प्रशासन ने संयुक्त अभियान चलाकर सड़क पर फैले अतिक्रमण को हटवाया। इस दौरान कस्बे में मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध कब्जे व सामान सड़क पर रखने की शिकायत पर नगर पंचायत ईओ अंकिता व एसीपी रजनीश वर्मा के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। अभियान में प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी अतुल सिंह पुलिस कर्मी विकास जायसवाल सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। अभियान के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने दुकानदारों को सड़क पर अतिक्रमण न करने की कड़ी चेतावनी दी अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में अतिक्रमण की शिकायत मिली, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वही पुलिस ने सेफ राइड अभियान के तहत ऑटो चालकों व मालिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया। चालकों को वाहन पंजीकरण लाइसेंस फिटनेस और यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत दी। प्रभारी निरीक्षक ने चेतावनी दी कि नियम तोड़ने वालों पर चालान और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कस्बे के व्यापारियों ने भी अपनी परेशानियां सामने रखी। उनका कहना है कि यदि ग्राहक दुकान पर बाइक से आता है और पुलिस चालान कर देती है तो ग्राहक नाराज होकर दुकान पर आना ही बंद कर देगा। ऐसे में व्यापार पर सीधा असर पड़ेगा। व्यापारियों ने प्रशासन से इस मुद्दे पर संतुलित कार्रवाई करने की मांग की है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पांडेय सत्यम ने कहा कि कस्बे में हो रहे अतिक्रमण के लिए नगर पंचायत की टीम लगातार काम कर रही है। जल्द ही जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

## मजदूर की हत्या करने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में हुई मजदूर की पिटाई से मौत के मामले में पुलिस ने गुरुवार को घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी मनीष रावत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि उसका भाई रंजीत अभी फरार है। पुलिस के मुताबिक बंथरा के सराय शहजादी निवासी सुशीला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पति प्रदीप (25) मंगलवार दोपहर करीब दो बजे बाइक का पंचर बनवाने घर से कुछ दूर कानपुर रोड स्थित कटी बगिया चौराहे पर गया था। वहां किसी बात को लेकर विवाद हुआ और चार युवकों ने मिलकर उसके पति को लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और घूंसों से बेरहमी से पीटा। गंभीर चोट लगने के बाद प्रदीप किसी तरह घर लौटा और पत्नी को घटना की जानकारी दी, लेकिन थोड़ी ही देर बाद वह बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजन उसे पास के निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान देरशाम को उसकी मौत हो गई। सुशीला ने इस मामले में अंकित, अमित, रवि और मनीष नामक चार लोगों को नामजद किया था।

# विवाहिता ने जेठ-नंदोई व भांजे पर छेड़छाड़ का लगाया आरोप

- पति समेत ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके में रहने वाली एक नवविवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया। उसने जेठ, नंदोई व भांजे पर छेड़छाड का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नवविवाहिता के अनुसार उसका विवाह बीते नौ माह पूर्व नवंबर 2024 में हिंदू रीति रिवाज से उन्नाव जनपद के मौरावां में रहने वाले एक युवक से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसके पति और ससुरालीजन कम दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। यहां तक कि जान से मारने की नियत से उसे गैस सिलेंडर खुला छोड़कर किचन में बंद कर जलाने का भी प्रयास किया था। पति शराब पीने का आदि है, जेठ नंदोई और भांजे संग रोज शराब पीता है। जेठ नंदोई और भांजा उस पर गंदी नियत रखते थे और शराब के नशे में कई बार उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी करते थे। इन हरकतों और प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने अपने मायके पहुंच परिजनों को आपबीती बतायी। स्थानीय आशियाना थाने पर पति समेत ससुरालियों के खिलाफ नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की नामजद शिकायत पर दहेज प्रताड़ना सहित छेड़छाड़ व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## दबंगों ने महिला को किया लहूलुहान

लखनऊ। मोहनलालगंज में जमीन कब्जे को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि विपक्षियों ने पीड़ित की पत्नी को लाठियों-डंडों से बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। नगराम थाना क्षेत्र के धोबइया मजरा कमलापुर में पीड़ित राजेन्द्र कुमार पुत्र स्वर्गीय मथुरा ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि विपक्षी सुरेन्द्र पुत्र स्व. मथुरा और राकेश पुत्र सूबेदार जबरन उसके घर के पीछे स्थित जमीन पर कब्जा करने लगे। जब उनकी पत्नी शशि देवी ने इसका विरोध किया, तो विपक्षियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठियों से हमला कर दिया। हमले में शशि देवी गंभीर रूप से घायल होकर खून से लथपथ जमीन पर गिर पड़ी। जिसके बाद घायल की बेटी ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी, लेकिन पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस बिना कोई कार्रवाई किए वापस लौट गई।

## शव मिला

लखनऊ। ठाकुरगंज में हसिया मऊ कब्रिस्तान के पास एक महिला का शव मिला। शव करीब चार-पांच दिन पुराना बताया जा रहा है। दुर्गंध आने पर लोगों को जानकारी हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# किसान यूनियन की नगर पंचायत बीकेटी कार्यालय पर तालेबंदी

प्रदीप सिंह (vol)

**लखनऊ /बीकेटी।** जहां आमजन की सुनवाई होती है, उनके शिकायतों का निस्तारण होता है। वहां अब तालाबंदी है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने नगर पंचायत कार्यालय में ताला डालकर सभी कार्यो को बाधित कर दिया है। पिछले दो दिन से संगठन के कार्यकर्त्ता पंचायत पर कब्जा किये है। जिस कारण आमजन से जुड़ी शिकायतों का निराकरण नहीं हो पा रहा।

इस मसले पर जब जिला अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया तो फोन उनके प्रतिनिधि ने उठाया और बताया उक्त मसले के संदर्भ में सीडीओ साहब को जानकारी दे दी जाएगी, वह ही उचित कार्रवाई कर सकेंगे।

किसान यूनियन ने पूर्व में ही ज्ञापन दिया था, कि जिसमें संगठन ने पचांयत के अधिशाषी अधिकारी इंद्रभान पर बेहद गंभीर आरोप लगाए थे, साथ ही आरोपों के आधार पर उन पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर उन्हें पदमुक्त किए जाने की मांग की थी। ज्ञापन के साथ ही किसान यूनियन ने अनिश्चित कालीन हड़ताल का एलान किया था। यूनियन ने नगर पंचायत बीकेटी पर उसी रोज से कब्जा किया हुआ है। जानकारी ने अनुसार कार्य के दौरान ही यूनियन के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। जिसके चलते उस वक्त मौजूद अधिशाषी अधिकारी इंद्रभान ने बीकेटी के पुलिस अधिकारीयों से संपर्क का मौजूदा हालातों से अवगत कराया गया। तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच हालात काबू में किए गए। इसी दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश रावत भी घटना की सूचना पर पहुंचे और किसान यूनियन से वार्ता की, किंतु वार्ता की सार्थकता सिद्ध न होने पर बीकेटी पुलिस ने मौके की नजाकत भांपते हुए अपनी सुरक्षा में जिला पंचायत अध्यक्ष को उनके आवास पर पंहुचा दिया।

किंतु जिन अधिकारी पर यूनियन द्वारा आरोप लगाए गए उनकी सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी, फिलहाल किसी तरह अधिशाषी अधिकारी भी विषम हालातों में मौके से निकलने में सफल रहे। आज तीसरे दिन पंचायत कार्यालय पर पूर्ण रूप से किसान यूनियन का कब्जा है। बरसात के दौरान सभी पंचायत भवन को आशियाना बना लेते है और यदि बरसात नहीं हो रही हो तो भवन के बाहर ही भोजन और रात्रि विश्राम कर धरना प्रदर्शन बदस्तूर जारी है। पुलिस द्वारा मसले मे किसी भी प्रकार का हस्ताक्षेप करने से इंकार किया जा रहा है किंतु आमजन से जुड़े संस्थान पर हुई तालाबंदी से आम जन को दिक्कतों का सामना कारना पड़ रहा है।

### किसान यूनियन की भूमिका पर भी सवाल

किसान यूनियन द्वारा जिस महिला से छेडछाड़ की बात की जा रही, जानकारी के अनुसार वह महिला नगर पंचायत की निवासी भी नहीं है, साथ ही यदि वास्तविकता में घटना हुई तो पुलिस द्वारा मुकदमा न लिखवा, सीधे तालेबंदी की बात गले नहीं उतरती। घटना की जगह पर हर जगह सीसीटीवी लगा है, इसके चलते सबूत की भी दिक्कत नहीं आती। जिन्हे आधार बना तत्काल अभियोग पंजीकृत कराया जा सकता था। इसके इतर तालाबंदी कुछ न कुछ तो मसले में ऐसा जो अभी भविष्य की गर्त में हैं। सबसे अहम और गौर करने वाली बात यह की आज तक और पूर्व में भी जिस महिला से छेडछाड़ की बात की जा रही उसकी कोई भी शिकायत थाने में लिखित रूप मे नहीं दर्ज है

### कहीं बंदर बाट का नतीजा तो नहीं तालेबंदी

नगर निगम, नगर पालिका या नगर पंचायत इन सभी संस्थानों में विकास कार्यों में अपने चहेते व्यक्तियों को कार्य दिया जाने के तमाम मसले संज्ञान में आते रहते है। आज जिस तरह नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश रावत ने ईओ पर गैर संविधानिक तौर पर कार्य किए जाने का आरोप लगाया, खुद जांच की बात करना, इससे यह जरूर सिद्ध होता कि कही न कही कुछ न कुछ गड़बड़ है। क्योंकि सभी कार्य व्यवस्थित तरीके से चल रहे थे। इस दौरान अचानक किसान यूनियन द्वारा ईओ पर गंभीर आरोप लगाना, फिर तालेबंदी करना और आज अध्यक्ष को आश्वासन देना कि कार्यों में व्यवधान नहीं डाला जायेगा।

हम सिर्फ सुरक्षा देने का कार्य कर सकते है, फिर वो किसान यूनियन के लोग हो या नगर पंचायतकर्मी, ताला खुलवाने का अधिकार हमारा नहीं है। मात्र जिला अधिकारी ही ताला खुलवा सकते है। किसान यूनियन द्वारा जिस महिला से छेडछाड़ की बात कर धरना दिया जा रहा, उस महिला की न ही पूर्व में और न ही आज तक लिखित में कोई भी सूचना थाना में है।
**कैशल दुबे**
**अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक बीकेटी**

संपूर्ण मसले से उच्चअधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।
**इन्द्रभान**
**अधिशाषी अभियंता**

अधिशाषी अधिकारी (एड) के तमाम कार्य पूर्व में भी संदिग्ध है जिनकी जांच मै अपने स्तर से करा रहा हूं। तमाम टेंडर भी जांच के दायरे में है जो मेरी जानकारी में ही नहीं लाये गए। ईओ के गलत कृत्यों के चलते ही पिछले दो माह से कर्मियों को वेतन नहीं दिया जा सका। यूनियन से तालेबंदी को लेकर बात हुई है। संभावतः कल से कार्यालय के कार्यों में अवरोध नहीं होगा, बाकी यूनियन को धरना प्रदर्शन का अधिकार है पर उनके धरने से आमजन को दिक्कत न हो, इसलिए किसान यूनियन से आज पुनः वार्ता की गई थी।
**गणेश रावत**
**पंचायत अध्यक्ष**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरौला, वि.ख.- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-21.08.2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- बरौला, विकासखंड- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार/भठ्ठा मालिक दिनांक- 22.08.2025 से दिनांक- 28.08.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बरौला पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 28.08.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | कोडरी मोड़ से राम यज्ञ के खेत तक पक्की नाली व आर.सी.सी. पटिया निर्माण कार्य। | 7.80 लाख रुपये। | सीमेंट, मोरंग गिट्टी, बालू व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | सुरेंद्र की दुकान से हितलाल व राम फल के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 7.32 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्तें गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- बरौला, वि.ख.-कूरेभार**
**जनपद-सुलतानपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बनकेगांव, वि.ख.- कादीपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-21.08.2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- बनकेगांव, विकासखंड- कादीपुर, जनपद-सुलतानपुर 15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 में प्राप्त होने वाली धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरे आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 22.08.2025 से दिनांक- 28.08.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बनकेगांव पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 28.08.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरे पीडब्ल्यूडी की दरे से अधिक नहीं होनी चाहिए।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रा.वि. बनकेगांव से सीताराम के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 5 लाख। | इण्टरलॉकिंग ईंट, सीमेंट, मोरंग, बालू व अन्य सामग्री। |
| 2. | पक्की सड़क से सियाराम के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 5 लाख। | इण्टरलॉकिंग ईंट, सीमेंट, मोरंग, बालू व अन्य सामग्री। |
| 3. | बनकेगांव पश्चिम पुरवा में करिया के घर से दिनेश मिश्रा के घर तक इण्टरलॉकिंग मरम्मत कार्य। | 5 लाख। | इण्टरलॉकिंग ईंट, सीमेंट, मोरंग, बालू व अन्य सामग्री। |
| 4. | पक्की सड़क से पप्पू के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 5 लाख। | इण्टरलॉकिंग ईंट, सीमेंट, मोरंग, बालू व अन्य सामग्री। |
| 5. | पक्की सड़क से श्रीनाथ के घर तक मि. और खण्डजा कार्य। | 4 लाख। | एसओबी ईंट व अन्य सामग्री। |
| 6. | पक्की सड़क से नन्दलाल के घर तक मि. और खण्डजा कार्य। | 4 लाख। | एसओबी ईंट व अन्य सामग्री। |
| 7. | प्रा.वि. अजीतपुर में बालक-बालिका शौंचालय निर्माण कार्य। | 4 लाख। | प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेंट, मोरंग, बालू, सरिया व अन्य सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- बनकेगांव, वि.ख.-कादीपुर**
**जनपद-सुलतानपुर**

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम**
**अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।**

**ई- निविदा सूचना दिनांकः 14.08.2025**

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. ई-निविदा संख्या 54 एच(एफ)(कार्य)/2025-26: मुख्य अभियन्ता (वितरण), अयोध्या क्षेत्र, अयोध्या को विभागीय कार्यों के लिए एक अदद डीजल चलित वाहन मय चालक 24 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 6500.00।
2. ई-निविदा संख्या 55 एच (एफ) (कार्य) / 2025-26 : अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या को विभागीय कार्यों के लिए एक अदद डीजल चलित वाहन मय चालक 24 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 6000.00।

**ई निविदा की अंतिम तिथिः 28 अगस्त 2025, 17.00 बजे।**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगायें''
(पत्रांक 6757 / दि. 14.08.2025)

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या**

# लड्डू गोपाल की छठी आज, मंदिरों व घरों में होगी पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शुक्रवार 22 अगस्त को कृष्ण की छठी मनाई जाएगी। छठी के दिन शहर के मंदिरों व घरों में कान्हा की विशेष पूजा अर्चना की जायेगी। हिंदू धर्म में 16 संस्कारों का बहुत महत्व है। 16 संस्कारों की शुरूआत गर्भ से शुरू हो जाता है। फिर जन्म से लेकर मृत्यु तक 16 संस्कार पूरे किये जाते है। ये संस्कार मनुष्य और देव दोनों के लिए होता है। जैसे हम अपने बच्चे के लिए छठी मनाते है। वैसे ही कृष्ण की भी छठी मनाई जाती है। इस दिन लोग लड्डू गोपाल की पूजा करते हैं और कान्हा के नामकरण संस्कार को पूरा करते हैं। कान्हा की छठी भी जन्माष्टमी के छठे दिन ही मनाई जाती है। इस दिन लोग घरों में कढ़ी चावल बनाकर भोग लगाते है और खाते है।

**लड्डू गोपाल की छठी का महत्व:** हिंदू धर्म में बच्चे के जन्म के छह दिन बाद षष्ठी देवी की पूजा का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार षष्ठी देवी की कृपा से राजा प्रियव्रत का मृतपुत्र दोबारा जीवित हो गया था। पुराणों में षष्ठी देवी को बच्चों की अधिष्ठात्री देवी माना गया है। कहते हैं कि इनकी पूजा करने से नवजात शिशु पर कोई आंच नहीं आती।

**लड्डू गोपाल को छठी में किन चीजों का भोग लगाना चाहिए:** भगवान कृष्ण की छठी पर कढ़ी चावल का भोग अत्यंत शुभ माना गया है। इसके अलावा आप माखन, मिश्री व मालपुआ आदि का भोग लगा सकते हैं।

**पूजा की विधि:** जिस दिन कान्हा की छठी मनाई जाती है उस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र पहनें, कृष्ण का पसंदीदा पंचामृत से लड्डू गोपाल को स्नान कराया जाता है। स्नान करवाते समय लड्डू गोपाल के मुख के तरफ से स्नान करवाये, ध्यान रहें पीठ की तरफ से स्नान करना वर्जित है। फिर शंख में गंगाजल भरकर लड्डू गोपाल से स्नान कराया जाता है। उसके बाद भगवान को पीले रंग के वस्त्र पहना कर श्रृंगार किया जाता है। काजल का टीका लगाया जाता है। फिर लड्डू गोपाल को माखन.मिश्री भोग लगाया जाता है। कृष्ण के नामों में से कोई एक नाम से नामकरण किया जाता है। इसके बाद कढ़ी.चावल का भोग लगाया जाता है और प्रसाद स्वरुप खाया जाता है। इस दिन ऊं नमो भगवते वासुदेवाय का जाप करें। कहते हैं कि ऐसा करने से घर में धन.धान्य का भंडार भरा रहता है।

**लड्डू गोपाल की छठी के दिन क्या करें:** इस दिन सुबह से शाम तक भजन कीर्तन करें। झूठ ना बोले और न कोई अपराध करें। ईर्ष्या द्वेष से खुद को दूर रखें। दूसरों को भोजन करायें और गौ सेवा करें। जन सरोकार के लिए सुख.सुविधाओं के त्याग की भावना मन में रखें। इस दिन घर में बांसूरी जरूर लाएं। लड्डू गोपाल की छठी के दिन कुंटूंब जनों को प्रसाद वितरण करें। मांस मदिरा के सेवन से दूर रहें और दुष्टजनों का त्याग करें। माता-पिता और बुजुर्गों की सेवा का सकंल्प ले। घर से किसी को भी खाली हाथ न जाने दें।

**खाटू श्याम मंदिर में श्री कृष्ण छठी महोत्सव आज:** श्री श्याम भक्त परिवार की ओर से श्री श्याम परिवार के सान्निध्य में श्री कृष्ण छठी महोत्सव का आयोजन 22 अगस्त को श्री खाटू श्याम मंदिर, बीरबल साहनी मार्ग, लखनऊ में किया जायेगा। मीडिया प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि भक्त परिवार द्वारा बाबा श्याम का उत्सव बहुत ही प्रेम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। मीडिया प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि उत्सव का शुभारम्भ शाम 7 बजे श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के पूजन से किया जायेगा भक्त परिवार के प्रेम अग्रवाल ने बताया कि मंदिर प्रांगण को कोलकाता के कारीगरों द्वारा कोलकाता से विशेषतौर पर मंगाये गये रंग-बिरंगे, देशी-विदेशी फूलों, रंग-बिरंगी चमचमाती लाइटों, रंगीन गुब्बारों, विभिन्न प्रकार की टॉफियों एवं खिलौनों से सजाया जाएगा जोकि आकर्षण का केंद्र होगा। मध्यरात्रि में बाबा श्याम को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा जो आरती होने के तत्पश्चात भक्तों में बांट दिया जाएगा। भक्त परिवार के मीडिया प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि उत्सव का समापन श्याम प्रभु से फूलों की होली के बाद प्रभु की महाआरती से होगा उन्होंने बताया कि हर भक्त को प्रसाद मिले इसके लिये भक्त परिवार द्वारा विशेष व्यवस्था की जा रही है।

**श्याम मंदिर में भजन संध्या:** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री कृष्णा छठी उत्सव पर श्री श्याम भक्त परिवार द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया।

श्री श्याम परिवार महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि सुप्रसिद्ध भजन गायिका उदयपुर से केमिता राठौर, लखनऊ से धीरज तिवारी, उड़ीसा से शुभांगी सोनी ने भजनों का गुलदस्ता श्री श्याम के चरणों में पेश किया।



## राधा-कृष्ण ने भक्तों संग खेली फूलों की होली

- कंवल ज्योत कौर ने गायन स्पर्धा में मारी बाजी
- दही हांडी मटकी फोड़ स्पर्धा में खालसा कॉलेज की एनसीसी टीम बनी विजेता



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मित्तल परिवार की ओर से अमीनाबाद रोड स्थित न्यू गणेशगंज में छठी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शहर की एकमात्र डिजिटल मूविंग जन्माष्टमी झांकी में बरसाना होली का दृश्य दिखाया गया। वहीं सांस्कृतिक मंच पर राधा कृष्ण की फूलों की होली के अलावा रोहित इवेंट समूह ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ आज बृज में होली रे रसिया, होली खेले रघुवीरा अवध में... जैसे भक्तिमय गीतों पर राधा कृष्ण रूपी बच्चों ने भक्तों के संग फूलों की होली खेल वातावरण को भक्तिमय बना दिया।झांकी संयोजक अनुपम मित्तल ने बताया कि नृत्य-गायन स्पर्धा में कंवल ज्योत कौर को प्रथम, आराधिका शर्मा को द्वितीय तथा आरुषि अग्रवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। नृत्य-गायन स्पर्धा के विजयी बच्चों के संग सभी प्रतिभागी बच्चों के अलावा दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता के विजेता खालसा कॉलेज की एनसीसी टीम को जन्मोत्सव समिति ने स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया।सांस्कृतिक संध्या के दूसरे चरण में रोहित इवेंट समूह ने गणेश वंदना, शंकरजी का तांडव, हनुमानजी का राम से बड़ा राम का नाम, राधा-कृष्ण का मयूर नृत्य जैसे नृत्य नाटिकाओं ने उपस्थित भक्तजनों को मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं स्वचालित बरसाना होली की झांकी में होली के मस्ती भरे गीतों पर राधा व गोपियां कृष्ण के साथ नृत्य कर अपने को आनंदित कर रही थी।

नृत्य करते हुए राधा कृष्ण पर ग्वाल वालों की टोलियां ने रंग गुलाल उड़ा कर एवं पिचकारियों से रंगों की बौछार कर बरसाना की होली का आनंद ले रहे थे। इस मौके पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं डिजिटल मूविंग झांकियों में चार चांद लगाने वालों का मुख्य अतिथियों ने सम्मान किया। खूबसूरत लाइटिंग के लिए अग्रवाल लाइट के प्रो. घनश्याम अग्रवाल एवं सतीश लाइट, स्वचालित झांकियों के लिए मूर्तिकार पवन को क्षेत्रीय पार्षद शशि गुप्ता, गिरीश गुप्ता, श्रवण अग्रवाल तथा अनुपम प्रकाश ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। वहीं अन्य अन्य झांकियां में परंपरागत झूले पर विराजमान राधा कृष्ण, कालिया मर्दन, 20 फीट ऊंया शिवलिंग, सीना चीरते हनुमानजी की स्वचालित झांकी भी आकर्षण का केंद्र बनी है। भालू-बंदर नचाते और सांप का खेल दिखाते मदारी की झांकी के साथ राम नाम जपते तुलसी दास, माखन चोरी करने पर कन्हैया को छड़ी लेकर दौड़ाती यशोदा माता की चलती फिरती झांकी सभी भक्तों को लुभा रही है। ऑपरेशन सिंदूर का सेल्फी प्वाइंट सभी लोगों में देशभक्ति का जोश पैदा कर रही थी।

न्यू गणेशगंज झांकी स्थल के दोनों ओर रंग बिरंगी एलईडी लाइटों जगमगा रहा था एवं विशालकाय तोरण द्वारों पर शेर पर सवार माता दुर्गा, बांसुरी बजाते कृष्ण को कोलकाता की एलइडी पैनलों से सुशोभित हो रहे थे।

## कान्हा की छठी पर 5 चीजों का लगायें भोग, होगा शुभ



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लड्डू गोपाल की छठी जन्माष्टमी के 6 दिन बाद यानी 22 अगस्त को है। लड्डू गोपाल की सेवा लोग अपने बच्चे की तरह करते हैं इसलिए उनकी छठी भी अपने बच्चे की तरह पूरे विधि विधान के साथ मनाते हैं। बता दें कि सनातन धर्म में बच्चे होने के छह दिन बाद छठी मनाते हैं। मान्यताओं के अनुसार, बच्चे होने के छह दिन बाद उसकी शुद्धि की जाती है। जोकि छह दिन बाद होती है तो इसलिए इसे छठी कहा जाता है। साथ ही इस दिन कढ़ी चावल और बाकी पकवान बनाए जाते हैं। कढी इस दिन इसलिए बनाई जाती है क्योंकि वह बेसन और दही से बनती है और बेसन और दही दोनों को ही ठंडा माना जाता है।

**लड्डू गोपाल को लगाएं कढ़ी चावल का भोग:** लड्डू गोपाल की छठी के दिन जो कढ़ी चावल बनाए जाते हैं उसमें प्याज लहसुन का प्रयोग न करें। घर के मसालों का इस्तेमाल करते हुए कढ़ी बनाई जाती है। ऐसा मान्यता है कि इस तरह बनाए गए कढ़ी चावल से शीतलता मिलती है।

**लड्डू गोपाल को लगाएं मखाने की खीर का भोग:** लड्डू गोपाल को मखाने की खीर का भोग भी लगाना जरूरी है। इस दिन मखाने की खीर लड्डू गोपाल को काफी प्रिय है। इसलिए छठी के दिन उन्हें मखाने की खीर का भोग जरुर लगाए।

**धनिया की पंजीरी:** लड्डू गोपाल को धनिया पंजीरी बहुत ही पसंद है। उनकी छठी के दिन धनिया की पंजीरी का भोग जरूर लगाना चाहिए।

**माखन मिश्री:** लड्डू गोपाल को माखन मिश्री बहुत ही प्रिय हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान कृष्ण अपने बचपन में माखन चुरा कर भी खाया करते थे। इसलिए छठी के दिन उनके लिए माखन मिश्री का भोग जरूर लगाएं। साथ ही पंच मेवे का भोग भी लड्डू गोपाल को जरुर लगाएं।


## कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ, जनपद-उन्नाव

पत्रांक : 10 82/न.पं. मौ./2025-26 दिनांक 20/8/2025

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

नगर पंचायत मौरावां सीमान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु राज्य वित्त व बोर्ड फण्ड मद अन्तर्गत नगर पंचायत मौरावां में सीलबंद निविदा दिनांक 12-9-2025 को अपरान्ह 01.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक नगर पंचायत मौरावां में रखे गये निविदा बाक्स में डाली जायेगी, जो उसी दिन अपरान्ह 03.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष नामित अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 11.9.2025 तक अपरान्ह 5.00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा करके कार्यालय कार्य दिवस में नगर पंचायत मौरावां के कार्यालय से कय किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आंगणन धनराशि | धरोहर धनराशि (रु. में) | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 'कर प्रबन्धन प्रणाली' के लिए आनलाइन डैशबोर्ड (एप्लिकेशन) का कार्य । | | | | |
| | सम्पत्तिकर प्रबन्धन प्रणाली (आवासीय एवं व्यावसायिक) | | | | |
| | जल कर प्रबन्धन प्रणाली, | | | | |
| | दुकान किराया रजिस्ट्री प्रबन्धन प्रणाली, | | | | |
| | लाइसेंस फीस प्रबन्धन प्रणाली, | | | | |
| | बिल एवं रसीद प्रबन्धन प्रणाली, | | | | |
| | वेबपोर्टल डेटाबेस कनेक्टिविटी सहित | | | | |
| | उपरोक्त सेवाओ का निकाय के वेब पोर्टल के साथ एकीकरण, | | | | |
| 2 | 'कर प्रबन्धन प्रणाली' के लिए सम्पत्तियों के मास्टर डेटा फीडिंग का कार्य । | | | | |
| | अनुमानित डेटा-3000 | | | | |
| | मास्टर डेटाबेस का निर्माण (असेसमेंट रजिस्टर से) | | | | |
| | डिमांड अपडेट कराना (डिमांड रजिस्टर से) | | | | |
| | बिल कैलकुलेट कराना | | | | |
| | डिमांड रजिस्टर से कलेक्शन रजिस्टर मैच करना | 300/- | 50,000.00 | 1,000/- | 06माह |
| | बिल जमा करना (वर्तमान वित्तीय वर्ष तक) | | | | |
| | लोकशिकायत प्रकोष्ठ से आपत्तियों को अपडेट करना | | | | |
| 3 | थर्ड पार्टी एपीआई इंटीग्रेशन | | | | |
| | पेमेंट गेटवे इंटीग्रेशान, | | | | |
| | पेमेंट गेटवे इंटीग्रेशन हेतु बैंक किट/API इंटीग्रेशन किट उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी निकाय की होगी। | | | | |
| | बैंक द्वारा सिक्योरिटी ऑडिट कराने एवं SSL सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी निकाय की होगी। | | | | |
| | एसएमएस गेटवे इंटीग्रेशन, | | | | |
| | भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के दिशा-निदेर्शों के अनुसार, विभाग द्वारा स्वतः प्रतिवर्ष 5,900 रुपये का डीएलटी पंजीकरण शुल्क देना अनिवार्य है और यह शुल्क ट्राई द्वारा वर्तमान दर के अनुसार लागू किया गया है, जो भविष्य में ट्राई के दिशा-निदेर्शों के अनुसार बदल सकता है। | | | | |
| | डीएलटी प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज ग्राहक विभाग द्वारा प्राधिकरण पत्र, अधिकृत व्यक्ति और विभाग दोनों का पैन, जीएसटी पंजीकरण प्रमाणपत्र, अधिकृत व्यक्ति का मोबाइल नंबर और मेल आईडी | | | | |

प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर धनराशि का अंकन रू. 50,000/- का बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मौरावां के नाम बंधक करते हुए प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी। एम.एस.एम.ई. प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर धरोहर धनराशि माफ कर दी जाएगी, प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

- सॉफ्टवेयर निर्माण का कार्य नवीनतम वेब प्रौद्योगिकियों के अनुसार डिजाइन एवं होस्ट किया जाना अनिवार्य होगा।
- कार्य की रख-रखाव की 1 साल की जिम्मेदारी फर्म की होगी।
- पेमेंट गेटवे इंटीग्रेशन हेतु बैंक किट /API इंटीग्रेशन किट उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी निकाय की होगी।
- बैंक द्वारा सिक्योरिटी ऑडिट कराने एवं SSL सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी निकाय की होगी।
- सिक्योरिटी ऑडिट के दौरान बैंक द्वारा सॉफ्टवेयर में दिए गए करेक्शन एवं अपडेशन करने की जिम्मेदारी सेवा प्रदाता फर्म की होगी ।
- सॉफ्टवेयर पर होस्ट/अपडेट करने वाली जानकारी निकाय के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रदान की जाएगी।
- सभी संषोधन/अपडेशन टीम व्यूअर सॉफ्टवेयर का उपयोग करके आनलाइन कनेक्टिविटी के माध्यम से किए जाऐंगे। डेटा सेवा प्रदाता संस्था को ई-मेल के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।
- निविदा में भाग लेने वाली फर्म को तकनीकी एवं वित्तीय निविदां अलग अलग सील बन्द लिफाफों मे जमा करानी होगी।
- तकनीकी निविदा की शर्ते (100 अंकों में से 80 अंक) पाने वाली फर्म को ही तकनीकी रूप से अर्ह माना जायेगा एवं उसी की वित्तीय निविदा खोली जायगी ।
- सशर्त अथवा दशामलव में निविदा मान्य नही होगी एवं निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।
- उपरोक्त शर्तों का विचलन/उल्लघन करने पर नियमानुसार सम्बन्धित कम्पनी/फर्म के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी तथा इससे होने वाली क्षति की वसूली सम्बन्धित से की जायेगी।
- निविदादाता कम्पनी/फर्म को सॉफ्टवेयर में यदि कोई तकनीकी खराबी होती है उसे प्राथमिक्ता के आधार पर ठीक करना अनिवार्य होगा।
- निविदा सम्बन्धी किसी भी जानकारी हेतु कार्यालय में कार्य दिवस अन्तर्गत प्राप्त की जा सकती है।

**(संतोष चतुवेर्दी)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव**

**(विवेक सेठ)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव**


## शहर की तनुश्री गुप्ता को मिला वीजी मिसेज इंडिया एम्प्रेस का ताज



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी की समाजसेवी श्रीमती तनुश्री गुप्ता को वीजी मिसेज इंडिया एम्प्रेस 2025-26 का ताज मिला।

तनुश्री गुप्ता ने 14 अगस्त 2025 को यह ताज नई दिल्ली के फेयरली होटल्स एंड रिसॉर्ट्स में राष्ट्रीय स्तर की कड़ी सौन्दर्य प्रतियोगिता में हासिल किया है। अपनी जीत से उत्साहित तनुश्री गुप्ता ने आज राजधानी में एक पत्रकार वार्ता में बताया कि यह प्रतियोगिता ड्रीम डेयर एंड बी द क्वीन थीम पर आधारित थी। उन्होंने आगे बताया कि इस कार्यक्रम में साड़ी राउंड, ऑफिशियल डांस राउंड, इवनिंग गाउन सेगमेंट, टैलेंट शोकेस, पर्सनल इंटरव्यू आदि कई राउंड शामिल थे। तनुश्री ने बताया कि उन्होंने न केवल ताज जीता, बल्कि प्रतिष्ठित उप-शीर्षक भी जीते, जैसे वीजी एम्प्रेस हार्ट ऑफ गोल्ड, वीजी एम्प्रेस लिगेसी लीडर और वीजी एम्प्रेस हेल्दी ग्लो। उन्होंने आगे कहा की यह आयोजन इस बात पर जोर देता है कि ग्लैमर और सामाजिक उद्देश्य को एक साथ मिलाने वाले मंच पर यह उपाधि प्राप्त करना कितना दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण है। यह न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि पर गर्व का प्रतीक है, बल्कि एक नेता, मार्गदर्शक और परिवर्तनकारी के रूप में उनकी भूमिका के लिए प्रशंसा का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह ताज न केवल सुंदरता का प्रतीक है, बल्कि हर महिला के लचीलेपन, संतुलन और सपनों की यात्रा का प्रतीक है। मैं यह जीत उन सभी महिलाओं को समर्पित करती हूँ जो अपने परिवार, करियर और समुदाय में चमकने की आकांक्षा रखती हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में मेरे पति और मेरे तीन बच्चों का बहुत बड़ा योगदान रहा है, इन सबने मुझे बहुत प्रेरित किया है। एक उद्यमी होने के नाते, तनुश्री का मानना है कि उद्योगों को तेजी से विकास की आवश्यकता है, जिससे मानव प्रवास कम होगा, प्रति व्यक्ति आय बेहतर होगी और प्रतिभा पलायन रुकेगा जिससे भारत जल्द ही एक विकसित राष्ट्र बनेगा।

## नंद के लाला की भक्ति में लीन दिखे लखनऊवासी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री राधामाधव देवस्थानम् (मंदिर) में गुरुवार को भगवान लड्डू गोपाल का छठी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में जुटी भीड़ पूरी तरह श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन नजर आई। मंदिर में शंख, घंटे, मजीरा और ढोलक की थाप के बीच श्रीकृष्ण की भक्ति से सराबोर भजनों से पूरा मंदिर परिसर और आसपास का वातावरण भक्तिमय हो उठा। भक्त अपने नन्हे बाल ह्यगोपालह्व के दर्शन के लिए आतुर नजर आए और मंदिर में विराजमान भगवान का अलौकिक व अनुपम श्रृंगार सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। इस कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, महिला आयोग की सदस्य अपर्णा यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत प्रचारक कौशल जी, क्षेत्र प्रचारक अनिल जी भाई साहब, बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला समेत लखनऊ के अनेकों गणमान्य भक्त उपस्थित रहे और प्रसाद ग्रहण किया।

वसुधा फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा गोमतीनगर स्थित श्री राधामाधव देवस्थानम् (मंदिर) में आयोजित छठी महोत्सव के अवसर पर मनोरम छटा देखते ही बन रही थी। मंदिर को फूलों, दीपकों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। शाम 5 बजे से ही भक्तों की भारी भीड़ अपने अतिप्रिय कान्हा के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। ढोल, ताशे, हारमोनियम और खंजरी की धुन पर सैकड़ों श्रद्धालु कृष्ण भक्ति में लीन होकर झूमते रहे। मंदिर के मुख्य पुजारी लोकेन्द्र चतुवेर्दी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी लड्डू गोपाल का जन्मोत्सव और छठी समारोह बड़े पैमाने पर आयोजित किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर में भक्तों की आस्था दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना अवश्य पूरी होती है। छठी उत्सव का शुभारंभ शाम 6 बजे हुआ। इस दौरान श्रीकृष्ण को भोग लगाने, पालना झुलाने और पूजा करने के बाद भक्तों को लड्डू और प्रसाद का वितरण किया गया। लड्डू गोपाल की झांकी, फूलों की सजावट और रंग-बिरंगी झालरों से मंदिर का हर हिस्सा मनमोहक लग रहा था।

**दर्शन के बाद गदगद दिखे श्रद्धालु:** लौलई की रिंकी मिश्रा ने कहा कि मंदिर में छठी महोत्सव का आयोजन बहुत ही दिव्य रहा। हम यहां कई बार पहले भी आ चुके हैं, लेकिन आज की शाम बिल्कुल ही अलग लग रही है। मंदिर में कान्हा के दर्शन करने के बाद काफी देर तक बैठकर भी घर जाने का मन नहीं हो रहा है। गोमतीनगर की रेनू पांडे अपने पति प्रवीण पांडे के साथ मंदिर में छठी उत्सव देखने आई थीं। उन्होंने कहा कि मंदिर में आकर बहुत अच्छा लगा। हम पहले भी कई बार अपने परिवार के साथ आ चुके हैं। माधवपुरम की पूनम अपने परिवार के सदस्यों के साथ मंदिर आई थीं। उन्होंने कहा कि इस बार मंदिर की सजावट और कान्हा का श्रृंगार बहुत ही अद्भुत और आकर्षक नजर आ रहा है। कृष्ण की मोहिनी मूरत देखकर मन प्रसन्न हो गया।

**भजन और भंडारे का भव्य आयोजन:** छठी महोत्सव में आए सभी श्रद्धालु कान्हा के भजनों पर झूमते और राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियों से मंत्रमुग्ध होते नजर आए। भजन मंडली ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोपिकाओं से उनके प्रेम और माता यशोदा से उनके स्नेह से जुड़े भजनों की धुन छेड़ी, जिससे हर कोई भक्ति रस में डूब गया। ट्रस्ट द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## कजरी लोक और शास्त्रीय संगीत का सेतु : डॉ लीना मिश्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कजरी भारतीय लोक संगीत की कोख से उत्पन्न हुई है जिसे समय के साथ भारतीय उपशास्त्रीय संगीत में सम्मिलित कर लिया गया। कजरी गीत की रचना आमतौर पर प्रेम, विरह, श्रृंगार, और प्रकृति के परिवेश से संबंधित होती है। इसमें प्यार, बिछोह, प्रतीक्षा, और प्रेमी की यादों का चित्रण किया जाता है। सावन भादों का महीना, जो वर्षा ऋतु से संबंधित है, कजरी गीतों का महीना है। कजरी का गायन मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा किया जाता है और इसके शब्दों में भावनाओं की गहरी अभिव्यक्ति होती है। इसमें रागों का प्रयोग बहुत महत्वपूर्ण होता है, जैसे राग भैरवी, राग मल्हार और राग यमन।

इन रागों के माध्यम से गायक या गायिका अपनी आवाज में निरंतरता और आरोह अवरोह के साथ श्रोताओं के दिलों को छूने का प्रयास करते हैं। कजरी में खास तौर पर मधुरता और तीव्र भावनात्मक संवेदनाओं पर जोर दिया जाता है। बालिका विद्यालय इंटरमीडिएट कॉलेज, मोती नगर, लखनऊ में आज भारत विकास परिषद, महिला शाखा चौक द्वारा संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत कजरी गीत और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारतीय संस्कृति एवं संस्कारयुक्त कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए भारत विकास परिषद द्वारा संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम का आरम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ लीना मिश्र द्वारा भारत विकास परिषद की अध्यक्ष कंचन अग्रवाल, साधना रस्तोगी तथा दीपा शुक्ला का विद्यालय परिसर में स्वागत करके किया गया। विषय प्रवर्तन करते हुए प्रधानाचार्य डॉ लीना मिश्र ने कहा कि कजरी की विशेषता यह है कि यह शास्त्रीय संगीत की तकनीकी जटिलताओं से भरी नहीं होती, बल्कि यह सरल, सहज और प्रवाहयुक्त होती है, जो आम जनमानस के साथ सहजता से जुड़ती है। इसके बोल आम बोलचाल की भाषा में होते हैं, जिससे हर वर्ग के लोग आसानी से जुड़ सकते हैं। कजरी गीतों का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इन गीतों में आदिवासी और ग्रामीण जीवन के अनगिनत पहलुओं की झलक मिलती है। इसमें बारिश के मौसम की सुंदरता, किसान की चिंता, और प्रेमी-प्रेमिका का दुख-खुशी का संचार किया जाता है। कृषि कार्य या झूला इत्यादि जैसे मनोरंजन अथवा मेहंदी लगाते समय भी इसका पूर्ण मनोयोग से गायन होता है। कजरी का प्रमुख उद्देश्य श्रोताओं को मानसिक शांति और भावनात्मक संतुलन प्रदान करना है। इसका संगीत न केवल सुनने में सुखद होता है, बल्कि यह श्रोताओं को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम भी प्रदान करता है। कजरी के संगीत में स्त्री जीवन की आंतरिक सुंदरता और संवेदनाओं का शानदार वर्णन मिलता है। इसमें गायक या गायिका भावनाओं में बहकर गीत को गाते हैं, जिससे श्रोता भी उस भावनात्मक लहर में बहने के लिए प्रेरित होते हैं।

## फामिशा प्रोडक्शन्स की नयी फिल्म 'अविराम' की घोषणा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रतिष्ठित फिल्म प्रोडक्शन कंपनी फामिशा प्रोडक्शन्स ने आज लखनऊ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी आगामी फिल्म 'अविराम' की आधिकारिक घोषणा की। इस फिल्म का निर्देशन जाने-माने निर्देशक अखिलेश कुमार उपाध्याय करेंगे। फिल्म के निमार्ता समिक्षा यादव और मेराज हैं, जबकि कहानी और पटकथा का लेखन प्रतिभाशाली लेखक वेदान ने किया है।



निमार्ताओं ने बताया कि 'अविराम' एक सशक्त और अलग विषय पर आधारित फिल्म होगी, जो दर्शकों को एक अनोखा अनुभव प्रदान करेगी। फिल्म की स्टारकास्ट अभी फाइनल नहीं की गई है, जिसका खुलासा जल्द ही किया जाएगा। निर्देशक अखिलेश कुमार उपाध्याय ने कहा अविराममेरे लिए सिर्फ.एक फिल्म नहीं, बल्कि एक भावनात्मक सफर है। हम दर्शकों तक ऐसी कहानी पहुँचाना चाहते हैं, जो उन्हें भीतर तक छू ले। प्रोड्यूसर समिक्षा यादव और मेराज ने कहा हम इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हमारी कोशिश है कि दर्शकों को एक बेहतरीन सिनेमाई अनुभव दिया जाए। फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी और रिलीज डेट की घोषणा भी समय आने पर की जाएगी।

# ऑफिस में हिंदी भाषा का प्रयोग करें अफसर व कर्मचारी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में आज पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल ह्वारा मण्डल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के आरम्भ में अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी सह अपर मण्डल रेल प्रबंधक (इंफ्रा0) भुवनेश सिंह ने अपने स्वागत सम्बोधन में कहा कि राजभाषा में सरल कार्य करने हेतु ह्विन्दी शब्द सिन्धु कोशह्न की सहायता लेने पर जोर दिया। सभी अपने कार्यक्षेत्र में लगभग सभी कार्य नियमानुसार हिंदी या द्विभाषी रुप में निष्पादित कर रहे हैं। सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग करना हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी है, हम सभी इसी तरह हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग-प्रसार में योगदान देते रहेंगे। हमें इस स्वर्ण जयंती वर्ष पर राजभाषा में कार्य करने हेतु अपनी ओर से विशेष पहल करनी है। इसके उपरांत बैठक में मण्डल के कार्यालयों एवं स्टेशनों पर हो रहे हिंदी के प्रयोग एवं प्रगति की समीक्षा की गई।

समीक्षा के पश्चात मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा कि राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के मामले में लखनऊ मंडल का योगदान निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। हम सभी अपने सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग कर संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन भली भांति कर रहे हैं। स्टेशनों, फील्ड यूनिटों पर कार्यरत रेलकर्मियों को राजभाषा हिन्दी में कार्य किये जाने के लिए पुरस्कृत किया जायें।

आप सभी अपने विभागों से इच्छुक कार्मिकों को आयोजित होने वाली राजभाषा संबंधित प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। इसके पश्चात अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ऐशबाग डा. दीक्षा चौधरी द्वारा ह्वहास्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) तथा राजभाषा अधिकारी सह मण्डल वित्त प्रबंधक उमेश कुमार द्वारा एनपीएस (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) बनाम यूपीएस (यूनिवर्सल पेंशन योजना) से संबंधित विषयों पर व्याख्यान दिया गया। राजभाषा अधिकारी सह मण्डल वित्त प्रबंधक उमेश कुमार ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का संचालन करते हुए रेलवे बोर्ड की मानक कार्यसूची के अनुसार विभागवार रपट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अन्त में अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/परिचालन श्री रजनीश गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर समस्त शाखाधिकारी व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## चिरगांव स्टेशन पर रुकेगी बरौनी-ग्वालियर ट्रेन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 11124/11123 बरौनी-ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस का 02 मिनट का ठहराव उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के चिरगाँव रेलवे स्टेशन पर निम्नवत प्रदान किया गया है। बरौनी से 22 अगस्त से चलने वाली 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस चिरगाँव स्टेशन पर 15.58 बजे पहुँचकर 16.00 बजे छूटेगी। ग्वालियर से 23 अगस्त से चलने वाली 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस चिरगाँव स्टेशन पर 14.27 बजे पहुँचकर 14.29 बजे छूटेगी। चिरगाँव स्टेशन पर ठहराव प्रदान किये जाने के फलस्वरूप 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस 23 अगस्त से मोठ स्टेशन से निर्धारित समय 14.42 बजे के स्थान पर 14.52 बजे, एट जं. से 15.08 बजे के स्थान पर 15.23 बजे, उरई से 15.32 बजे के स्थान पर 15.47 बजे, कालपी से 16.03 बजे के स्थान पर 16.17 बजे तथा पुखरायां से 16.19 बजे के स्थान पर 16.35 बजे छूटेगी।

## सिर्फ 14 हलफनामों की दी आधी अधूरी सफाई : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा है कि चुनाव आयोग से लेकर जिलाधिकारी तक और सीओ से लेकर लेखपाल तक सब जुगाड़ करने के बाद भी भाजपा, चुनाव आयोग, जिलाधिकारी की तिकड़ी अभी तक, हमारे द्वारा दिये गये 18 हजार एफिडेविट में से सिर्फ 14 शपथपत्रों के बारे में ही, वो भी आधी-अधूरी-निराधार सफाई दे पायी है। उन्होंने कहा कि 18 हजार हलफनामों में से 14 को कम भी कर दें तो भी 17986 का हिसाब बाकी है। यही है हक का गणित। अखिलेश यादव ने कहा कि न चलेगी हकमारी, न मतमारी। इस बार पीडीए सरकार हमारी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पीडीए समाज का वोट कटवाकर या कुछ समय के लिए हटवाकर वोट का हक छीना था, अब पीडीए समाज ने ठान लिया है कि वो भाजपा सरकार को हमेशा के लिए ही हटा देगा।

## एकेटीयू में स्कूल के शिक्षकों ने सीखा थ्री डी प्रिंटिंग तकनीकी

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) स्कूली शिक्षकों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने की पहल कर रहा है। इसी क्रम में सीएमएस, लखनऊ के शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन शिक्षकों को विशेषज्ञों ने थ्री डी प्रिंटिंग, सेंसर, लेजर तकनीकी आदि की जानकारी दी। इस तकनीकी के जरिये शिक्षक बच्चों को तैयार कर सकेंगे। सीएमएस के 23 शाखाओं के शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया।

## बीबीएयू कुलपति ने नवाचारपूर्ण शिक्षण और शोध कार्यों में पूर्ण सहयोग का दिया आश्वासन



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय का भ्रमण किया और वहां के संकाय सदस्यों से संवाद किया। उन्होंने प्रबंधन अध्ययन विभाग एवं वाणिज्य विभाग में हो रहे शिक्षण एवं शोध कार्यों की सराहना की। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से भी वार्ता की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने प्रबंधन, उद्यमिता, कौशल विकास, वित्तीय साक्षरता एवं शोध के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने विभागों के विकास के लिए फिनटेक लैब, कंसल्टेंसी सेल, उद्यमिता सेल आदि की स्थापना जैसे नए आयामों पर भी जोर दिया। कुलपति ने विभागों में हो रहे नवाचारपूर्ण शिक्षण और शोध कार्यों की उपलब्धियों एवं प्रयासों में पूर्ण सहयोग और सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के संकायाध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सिंह, प्रो. कुशेंद्र मिश्र तथा अन्य संकाय सदस्य डॉ. तरूणा, डॉ. कृष्ण मुरारी, डॉ. रमेश कुमार चतुवेर्दी, डॉ. लता बाजपेयी सिंह, डॉ. अर्पित शैलेश, डॉ. सलील सेठ, गैर-शिक्षण कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सीएमएस में अंतर्राष्ट्रीय संगीत सम्मेलन का उद्घाटन



**लखनऊ।** सीएमएस के राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस द्वारा आयोजित चार-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगीत सम्मेलन का भव्य उद्घाटन गुरुवार को सायं विद्यालय के डा. जगदीश गांधी ऑडिटोरियम में हुआ। समारोह के बतौर मुख्य अतिथि भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा ने फीता काटकर संगीत सम्मेलन का शुभारम्भ किया। यह अंतर्राष्ट्रीय संगीत सम्मेलन 21 से 24 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें श्रीलंका, नेपाल व देश के विभिन्न राज्यों से आये 500 से अधिक बाल संगीतज्ञ प्रतिभाग कर रहे हैं। उद्घाटन समारोह में भातखण्डे यूनिवर्सिटी की वाइस-चांसलर मांडवी सिंह, दिल्ली से आये प्रख्यात तबला वादक नीरज कुमार, प्रख्यात बांसुरी वादक कार्तिकेय वशिष्ट एवं एसोसिएटेड बोर्ड ऑफ द रॉयल स्कूल्स ऑफ म्यूजिक (एबीआरएसएम), लंदन की इंडिया हेड सोनिया खान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और देश-विदेश से आये बाल संगीतज्ञों की हौसलअफजाई की।

## जानकीपुरम में डायरिया के दस रोगी मिले



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जानकीपुरम विस्तार से0-7 में डायरिया रोग की सूचना प्राप्त होने परमुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ के निदेर्शानुसार बुधवार को डा0 निशांत निर्वाण, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ एवं अधीक्षक, नग0सामु0स्वा0केन्द्र अलीगंज एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जानकीपुरम लखनऊ एवं उनकी टीम द्वारा क्षेत्र में 164 घरों का भ्रमण किया गया, जिसमें सामान्य लक्षण के 10 मरीज मिले तथा 06 रोगियों को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुनः गुरुवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जानकीपुरम, लखनऊ की टीम द्वारा क्षेत्र में 240 घरों का निरीक्षण किया गया, जिसमें सामान्य लक्षण के 06 मरीज मिले तथा 03 रोगियों को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। क्षेत्र में चिकित्सा कैम्प लगाकर रोगियों को उपचारित किया गया तथा आवश्यक औषधियां वितरित की गयी। क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर का छिडकाव एवं जनसामान्य को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी। नगर मलेरिया इकाई की टीम द्वारा क्षेत्र में एण्टी लार्वा रसायन का छिडकाव भी किया गया। साथ ही क्षेत्र में चिकित्सीय टीम की उपलब्धता हेतु अधीक्षक, नगगरीय सामुदायिक स्वा0केन्द्र अलीगंज एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जानकीपुरम लखनऊ को क्षेत्र में निरन्तर निगरानी रखने हेतु निर्देशित कर दिया गया है। क्षेत्र में रोगी वाहन की भी तैनाती कर दी गयी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा सायं काल अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एन यादव एवं अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया गया साथ ही भर्ती मरीजों से मुलाकात किया । अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज को क्षेत्र में सघन निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया। क्षेत्र की स्थिति नियन्त्रण में है।

# श्रावस्ती में कथित अवैध रूप से चल रहे मदरसों पर सरकार की कार्यवाही को लगा झटका

## हाईकोर्ट ने मदरसों को जारी नोटिसों को किया खारिज

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** श्रावस्ती जिले में नेपाल की सीमा के इर्द गिर्द कथित अवैध रूप से चल रहे तमाम मदरसों पर लगाम लगाने के राज्य सरकार के प्रयास को गुरूवार को तगड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जिला प्रषासन द्वारा जिले में करीब तीस मदरसों को दी गयी नोटिसों को तकनीकी आधार पर सही न पाते हुए खारिज कर दिया है। हांलाकि, कोर्ट ने राज्य सरकार को नियमानुसार नयी नोटिसें जारी करने की छूट दे दी है। कोर्ट ने इन नोटिसों पर पहले ही गत 5 जून को अंतरिम रोक लगा दी थी। यह निर्णय जस्टिस पंकज भाटिया की एकल पीठ ने मदरसा मोईनुल इस्लाम कसमिया समिति और दो दर्जन से अधिक अन्य मदरसों की ओर से अलग अलग दायर रिट याचिकाओं को अंतिम रूप से निस्तारित करते हुए पारित किया है। याचिकायें दायर कर प्रषासन की ओर से उन्हें जारी की गयी नोटिसों को चुनौती दी गयी थी। कहा गया था कि पहले तो याचिकाकताओं को नोटिसों की तामीला नहीं करायी गयी और दूसरे कि नोटिसें बिना मस्तिश्का का प्रयोग किये और मनमाने तरीके से जारी की गयीं हैं। कहा गया कि सारी नोटिसों पर एक ही नंबर पड़ा था जिससे साफ जाहिर होता है कि हड़बड़ी में दुर्भावनावष कार्यवाही की जा रही है। याचियों की ओर से कहा गया कि उन्हें समुचित नोटिसें देकर उन्हें जवाब दाखिल करने का पूरा मौका मिलना चाहिए किन्तु सरकार मनमाने तरीके से काम कर रही है और उन्हें अपना जवाब देने का भी मौका नहीं दिया जा रहा है। दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से याचिका का विरोध करके कहा गया कि याची मदरसों के खिलाफ यू पी नान गवर्नमेंटल अरेबिक एंड पर्सियन मदरसा रिकगनीषन , एडमिनिस्ट्रेषन एंड सर्विसेस रेगुलेषन 2016 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की गयी है जिसमें कुछ भी गलत नहीं है।सुनवायी के बाद फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा गया कि नोटिसों में कमी है लिहाजा वे खारिज होने योग्य हैं । साथ ही कोर्ट ने कहा कि याचियों के खिलाफ कार्यवाही से पहले उन्हें सुनवायी का पूरा मौका देना आवश्यक है।

## एक किलोमीटर से अधिक दूरी के स्कूलों की नहीं होगी पेयरिंग : सरकार

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में गुरूवार को स्कूलों की पेयरिंग के मामले में सुनवायी हुयी। याची पक्ष की ओर से उपस्थित अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने बताया कि सीतापुर में स्कूलों की पेयरिंग पर यथास्थिति अगली सुनवायी तक बरकरार रखने के आदेश न्यायालय ने दिए हैं। वहीं राज्य सरकार की ओर से न्यायालय को अवगत कराया गया है कि एक किलोमीटर से कम दूरी वाले तथा जिन स्कूलों में 50 से अधिक बच्चे हैं, उनकी पेयरिंग नहीं की जाएगी। इस पर मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने सरकार को इस सम्बंध में पारित आदेश को रिकॉर्ड पर लाने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवायी 1 सितम्बर को होगी। उल्लेखनीय है कि 24 जुलाई को मामले में दाखिल याचिकाओं पर सुनवायी करते हुए, सीतापुर जनपद में स्कूलों के पेयरिंग संबंधित कार्यवाही पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया।

## भाषा विवि में शुरू हुआ मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना केंद्र

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो अजय तनेजा के मार्गदर्शन में नये अभ्युदय केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र का उद्घाटन भाषा विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग की स्थापना शैक्षणिक भवन के चतुर्थ तल पर समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुमार प्रशांत ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का उद्देश्य प्रतिभावान एवं मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क मार्गदर्शन एवं अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना है, जिससे वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर सकें। उन्होंने कहा कि यह ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के उन छात्रों के लिए वरदान साबित होगी, जिनके पास गुणवत्तापूर्ण कोचिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं होती। इस केंद्र के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्चस्तरीय विषय विशेषज्ञों द्वारा क्लास, ऑनलाइन व ऑफलाइन अध्ययन सामग्री, करियर काउंसलिंग तथा परीक्षा की तैयारी से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करायी जाएंगी। उद्घाटन कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन में भाषा विवि के कुलपति प्रो अजय तनेजा ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना को शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए इसे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में बड़ा कदम बताया। प्रो तनेजा ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और सफलता प्राप्त कर प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य वक्ता गौरव त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में अंजनी कुमार जिला समाज कल्याण अधिकारी लखनऊ ने यह छात्रों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगी।

## लविवि में हुआ हॉस्टल आवंटन

**लखनऊ।** लविवि में गुरुवार को प्रवेशित छात्र-छात्राओं का नियमानुसार चयन करते हुए हॉस्टल आवंटन किया गया। चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष एवं बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्राओं का तिलक हॉस्टल तथा बीएससी प्रथम वर्ष का चंद्र शेखर आजाद हॉस्टल में आवंटन किया गया। बीबीए प्रथम वर्ष की छात्राओं को गंगा छात्रावास एवं एलएलबी ऑनर्स को बीआर अंबेडकर छात्रावास आवंटित किया गया। इसी प्रकार बीए, बीकॉम तथा बीएससी प्रथम वर्ष के छात्रों को एलबीएस एवं सुभाष छात्रावास आवंटित किया गया। बीबीए और बीसीए प्रथम वर्ष को कौटिल्य एवं एलएलबी ऑनर्स को एचजेबी छात्रावास आवंटित हुआ। सभी चयनित विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस सभी के लिए हॉस्टल फीस जमा करने की अंतिम तिथि 28 अगस्त है।

## 720 दिव्यांग युवाओं को मिला रोजगार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा 05 से 13 अगस्त तक चलाया गया दिव्यांगजन रोजगार अभियान संपन्न हुआ, जिसके तहत प्रदेश के कुल 720 दिव्यांग युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये। इनमें से 518 युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में सवेतन रोजगार प्रदान किया गया, जबकि 202 युवाओं को स्वरोजगार के लिए मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराई गई।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि इस विशेष अभियान के प्रभावी संचालन के लिए 75 जिलों के मुख्य विकास अधिकारियों, सेवायोजन अधिकारियों, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारियों तथा उपायुक्त- जिला उद्योग केंद्र के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। साथ ही जिलाधिकारियों को भी पत्र भेजकर कार्ययोजना साझा की गई थी।

अभियान के अंतर्गत बैंकिंग एंड एकाउंटिंग, टेलिकॉम, रिटेल, आई सेक्टर में कम्प्यूटर ऑपरेटर, वेयर हाऊस एक्जीक्यूटिव, कस्टमर सेल्स एसोसिएट, टेलीकॉलर, एकाउंटेंट, पैंकिंग एंड स्कैनिंग, रिटेलर्स जैसी विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए ऑफर प्रदान किए गए। चयनित युवाओं को औसतन 11,000 से 15,000 रुपये मासिक वेतन ऑफर किया गया। इस दौरान रोजगार मेलों और कैंप का आयोजन विभिन्न जनपदों में किया गया, जिसमें लखनऊ, कानपुर नगर, अमरोहा, बाराबंकी और वाराणसी शीर्ष पांच जनपदों में शामिल रहे। इस अभियान में वर्धमान टेक्सलाइल लि., एमेजॉन इंडिया, स्विगी, फ्लिपकार्ट, बिलियंस ऑफ माइंड, मेगा माइंड सेल्यूशन, टाटा मोटर्स सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने दिव्यांग युवाओं को रोजगार प्रदान किया।

## 360 तहसीलों पर कांग्रेस बनायेगी न्याय योद्धा : अजय राय



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण विषय पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के कोऑर्डिनेटर आसिफ रिजवी रिंकू एवं विधि विभाग के प्रदेश चेयरमैन नितिन कुमार मिश्रा, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत शामिल रहे। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि योगी सरकार में जिस तरह सच बोलने पर और सरकार की नीतियों का विरोध करने पर फर्जी मुकदमे लादे जा रहे हैं। उसमें न सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ता बल्कि पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता भी पिस रहे हैं। हम अपने विधि विभाग का नए सिरे से पुनर्गठन कर न्याय योद्धा बनायेंगे। अजय राय ने बताया कि यह न्याय योद्धा सरकारी तानाशाही के शिकार लोगों को कानूनी रूप से न्याय दिलाएंगे और सच और इंसाफ की लौ जलाये रखेंगे।

## कल्याण सिंह ने राम मंदिर के लिए त्यागी सत्ता : ब्रजेश पाठक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह बाबूजी की पुण्यतिथि पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लालबाग में नगर निगम के सामने स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा ने भी कल्याण सिंह को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कल्याण सिंह को याद करते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी नायक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हम सबके बाबू जी कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर उनको याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। बाबूजी ने श्री राम मंदिर निर्माण के लिए सत्ता त्यागकर सर्वोच्च बलिदान दिया। बाबूजी का संघर्ष, व्यक्तित्व, राजनीतिक व संगठनात्मक कौशल सदैव हमें प्रेरित करता रहेगा। राम मंदिर निर्माण के लिए उनकी भूमिका और त्याग को उत्तर प्रदेश हमेशा याद रखेगा। बाबूजी सिर्फ उत्तर प्रदेश के नहीं पूरे देश के नेता थे।

आनंद द्विवेदी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबूजी असाधारण व्यक्तित्व के साथ अपने मूल्यों, आदर्शों पर सदैव अडिग रहे। अपनी प्रशासनिक दक्षता से उन्होंने देश और प्रदेश की राजनीति को नई दिशा प्रदान की। भारतीय जनता पार्टी के हम सभी कार्यकर्ता उनके दिखाए मार्ग पर चल रहे हैं। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, रमेश तूफानी, किशन कुमार लोधी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित पार्टी पदाधिकारी, पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## अवध प्रांत ने तोड़ा पिछला रिकॉर्ड : पुष्पेंद्र बाजपेई

### एबीवीपी अवध प्रांत ने सर्वाधिक 1,23,318 विद्यार्थियों को दिलायी सदस्यता

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) अवध प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई ने कहा कि एबीवीपी द्वारा प्रत्येक वर्ष स्कूल, कॉलेज एवं कोचिंग संस्थानों में जाकर छात्रों को अभाविप की वर्ष भर की गतिविधियों के बारे अवगत करा कर तथा राष्ट्र पुनर्निर्माण की भावना से अपने निर्धारित किए हुए लक्ष्य को बताते हुए छात्र छात्राएं एवं शिक्षकों को सदस्यता दिलाई जाती है। प्रांत मंत्री ने बताया कि इस वर्ष अवध प्रांत में 8,27,366 सदस्यता का लक्ष्य लिया था, जिसमें अवध प्रांत ने अभी तक विद्यालय सदस्यता अभियान के तहत 3 लाख से अधिक विद्यार्थियों को सदस्यता बनाया है। 20 अगस्त को अधिकतम सदस्यता दिवस के दिन अवध प्रांत ने 1,23,318 छात्र एवं छात्राओं को एबीवीपी की सदस्यता दिलाकर अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़कर विद्यार्थियों को राष्ट्र पुनर्निर्माण की भावना से प्रेरित किया। आगामी 22 अगस्त से महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं की सदस्यता कराई जाएगी। प्रांत मंत्री ने कहा स्थापना काल से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्र हित और राष्ट्र हित से जुड़े प्रश्नों को प्रमुखता से उठाया है और देश व्यापी आंदोलनों का नेतृत्व किया है। आज इस संगठन से जुड़े रहे लोग समाज-जीवन के हर क्षेत्र में सक्रिय हैं और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। बांग्लादेशी अवैध घुसपैठ और कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए विद्यार्थी परिषद समय-समय पर आंदोलन चलाते रहा है। बांग्ला देश को तीन बीघा भूमि देने के विरुद्ध परिषद ने ऐतिहासिक सत्याग्रह किया था। विद्यार्थी परिषद् देशभर के अनेक राज्यों में प्रकल्प चलाती है। बिहार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नाम सबसे ज्यादा रक्तदान करने का रिकॉर्ड है। इसके अतिरिक्त निर्धन मेधावी छात्र, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये. निजी कोचिंग संस्थानों में नहीं जा सकते उनके लिये स्वामी विवेकानंद निःशुल्क शिक्षा शिविर का आयोजन किया जाता है।

## कल्याण सिंह ने वंचितों की आवाज की बुलंद : रामाशीष

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कल्याण सिंह की नगर निगम लखनऊ स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर रालोद उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी, प्रदेश महासचिव मनोज सिंह चौहान, राघवेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव अशोक तिवारी, तराई क्षेत्र अध्यक्ष पी के पाठक , जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश तिवारी मौजूद रहें। उनके योगदान को याद करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामाशीष राय ने कहा कि कल्याण सिंह वास्तव में चौधरी चरण सिंह के सच्चे अनुयायी थे। उन्होंने हमेशा किसानों, गरीबों और वंचितों के अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज बुलंद की। अपने कार्यकाल में उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को मजबूत और चुस्त-दुरुस्त रखा। उनकी प्रशासनिक कार्यशैली का एक उल्लेखनीय पहलू यह था कि अधिकारियों की नियुक्ति और प्रमोशन पूरी तरह से योग्यता के आधार पर किया जाता था, जिससे शासन व्यवस्था में पारदर्शिता और विश्वास कायम हुआ। यहां तक कि उनके नेतृत्व में 90 दिन तक प्रदेश की विधानसभा बिना किसी व्यवधान के निरंतर चली, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड था। राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कहा कि कल्याण सिंह केवल एक राजनेता ही नहीं बल्कि सामाजिक समरसता के प्रबल पक्षधर भी थे। वे हमेशा सभी वर्गों और समुदायों को साथ लेकर चलने की बात करते थे और समाज को जोड़ने वाली राजनीति का प्रतीक बने।

संक्षेप

## साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. एच.बी. सिंह का निधन

**अयोध्या।** कामता प्रसाद सुन्दरलाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य तथा के0 टी0 पब्लिक स्कूल के संस्थापक डॉ0 एच0 बी0 सिंह का लखनऊ निवास पर गुरूवार को दिन में 10:00 बजे निधन हो गया। उनके निधन पर उनके शिष्यों,मित्रों, रिश्तेदारों व शुभचिंतकों के साथ-साथ साकेत महाविद्यालय व के0 टी0 पब्लिक स्कूल में शोक की लहर दौड़ गई। फैजाबाद के लोगों में वे काफी लोकप्रिय रहे हैं। कामता प्रसाद सुन्दर लाल साकेत स्नातकोत्तरमहाविद्यालय अयोध्या के प्राचार्य रहते हुए उन्होंने महाविद्यालय का काफी विकास कराया। डा0 एच0 बी0 सिंह के निधन पर साहित्य मंगलम् के अध्यक्ष डा0 जनार्दन उपाध्याय, पूर्व महासचिव वीर त्रिपाठी, साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ एच बी सिंह के निधन पर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया।

# गौरीबाजार सीएचसी में लगा 15 किलोवाट सोलर पैनल, डीएम ने किया निरीक्षण

**देवरिया ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौरीबाजार में अब बिजली की समस्या से निजात मिलेगी। स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में एसबीआई सीएसआर (रइक उरफ) के सहयोग से 15 किलोवाट क्षमता का अत्याधुनिक सोलर पैनल लगाया गया है, जिसका

- **डीएम ने मरीजों में वितरित किए फल, बेबी किट, पोषण पोटली और चश्मे**

निरीक्षण जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा आज समय की बड़ी आवश्यकता है। सौर ऊर्जा से स्वास्थ्य केन्द्रों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी। इससे न केवल आपातकालीन सेवाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, बल्कि अस्पताल का बिजली खर्च भी घटेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सराहनीय कदम है। जिलाधिकारी ने भारतीय स्टेट बैंक की सामाजिक उत्तरदायित्व (उरफ) पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से समाज के महत्वपूर्ण संस्थानों को नई मजबूती मिलती है।

उन्होंने अपील की कि अन्य संस्थाएं भी इस प्रकार की जनहितकारी पहल आगे बढ़ाकर समाज के उत्थान में योगदान दें। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी, वार्ड, प्रसूति कक्ष सहित विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण करते हुए मरीजों से बातचीत की और उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और नवजात शिशुओं के अभिभावकों को फल एवं बेबी



किट वितरित किए। इसके साथ ही टीबी से पीड़ित मरीजों को पोषण पोटली और अन्य मरीजों को निःशुल्क चश्मे भी प्रदान किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक मरीज को बेहतर इलाज के साथ-साथ संपूर्ण सहयोग मिले। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, एसबीआई के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## अचानक तबीयत बिगड़ने से महिला की मौत

ललितपुर। मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम रोंडा में रहने वाले विकेश पुत्र मिट्ठूलाल रजक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी 37 वर्षीय बहन प्रवेश की शादी सिलगन निवासी प्रेमनारायण के साथ हुयी थी। करीब आठ वर्ष पहले उसकी बहन के पति की बीमारी के चलते मौत हो गयी थी। इसके बाद उसकी बहन अपने ससुराल में ही रहती थी और अस्पताल में काम करते हुये अपना भरण-पोषण करती थी। बताया कि गांव में ही रहने वाला सोनू यादव पुत्र फूलसिंह यादव उसकी बहन को अक्सर परेशान करता था और पीछा करते हुये आये दिन छेड़छाड़ करते हुये धमकाता था। पीड़ित के अनुसार उसकी बहन से सोनू ने बहला-फुसलाकर 60 हजार रुपये उधार भी लिये थे, जो मांगने पर वापस नहीं कर रहा था। पीड़ित ने आगे बताया कि बीती 18 अगस्त को वह अपनी बहन को भोपाल से ललितपुर ला रहे थे। तभी स्टेशन पहुंचने पर उसकी तबीयत खराब हो गयी, जिस पर वह उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसकी बहन को मृत घोषित कर दिया।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय अंधया में बैठक संपन्न



**कसया, कुशीनगर।** तहसील अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय अंध्या के परिसर में अगस्त माह की संकुल बैठक संपन्न हुई बैठक में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण पर जोर दिया गया।बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी कसया अशोक कुमार यादव ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप नौनिहालों को संस्कारयुक्त, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण देने का कार्य शिक्षक करें। बीईओ श्री यादव ने शिक्षक नेटवर्किंग, गणित किट, अवधारणात्मक शिक्षण की दिशा में कदम कैसे बढ़ाएं, साथ ही डिजिटल शिक्षण योजना के विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। संकुल शिक्षक मनोज कुमार सिंह, ध्रुव नारायण सिंह, महेश कंरणधार, राज किशोर सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि नागेंद्र त्रिपाठी व राकेश त्रिपाठी ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार त्रिपाठी वआभार व्यक्त वकील सिंह ने व्यक्त किए। इस अवसर पर शिक्षक अशोक कुमार दुबे, बृज नारायण प्रसाद गोंड, राम केवल, दुर्गेश शर्मा, पुष्कर शर्मा, रूपेश कुमार, अरुण प्रताप, अजय कुमार, दिनेश यादव, नीरज राव, धर्मेंद्र गौड़, मनोज कुमार, आमिर अंसारी, अभय कुमार, शिक्षिका मोना सिंह, संगीता राय, सुमन गुप्ता, सत्यवंती मिश्रा, सविता शर्मा, प्रतिभा सिंह, सीमा मद्धेशिया, मीना सिंह, पूजा यादव, इन्दू कुमारी, संध्या कुमारी, पूनम राय, गौतमी, सपना शर्मा के अलावा छात्र सूरज यादव, संदीप कुमार सिंह, शिवम प्रसाद, नसीरुद्दीन, छात्रा खुशी दुबे, शिल्पा दुबे, रिया ,अनु, तनु, कुमारी बिंदी आदि शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत कुमारगंज के नये भवन में दरारें, निर्माण गुणवत्ता पर सवाल




मिल्कीपुर-अयोध्या। नगर पंचायत कुमारगंज का अधिशासी अधिकारी कार्यालय, जो महज तीन साल पहले 17 नवंबर 2022 को उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के मंत्री एके शर्मा द्वारा उद्घाटन किया गया था, अब अपनी खराब निर्माण गुणवत्ता के कारण चर्चा में है। इस भवन में गंभीर संरचनात्मक खामियां सामने आई हैं, जिसमें बीम में दरारें, फर्श का धंसना और सीढ़ियों का उखड़ना शामिल है। यह भवन 1 करोड़ 47 लाख 86 हजार रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ था, लेकिन इसकी स्थिति निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठा रही है।

नगर पंचायत कुमारगंज के कार्यालय भवन की स्थिति देखकर कोई भी हैरान रह सकता है। भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर बना फर्श धंस चुका है, इसके अलावा, कार्यालय के ऊपरी हिस्से में जहां कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कुमारगंज, अयोध्या लिखा हुआ है, वहां की बीम में स्पष्ट दरारें दिखाई दे रही हैं।

सीढ़ियों की हालत भी बदतर है, जहां टाइलें उखड़ चुकी हैं और कई जगह दरारें नजर आ रही हैं। यह स्थिति न केवल भवन की खराब गुणवत्ता को दर्शाती है।

इस भवन का निर्माण उत्तर प्रदेश जल निगम, अयोध्या की कार्यदाई संस्था सीएनडीएस द्वारा किया गया था। इतनी बड़ी लागत से बने भवन में इतने कम समय में इस तरह की खामियां सामने आने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और कार्यदाई संस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों का कहना है कि इतने कम समय में भवन की ऐसी स्थिति चिंताजनक है और इसकी गहन जांच होनी चाहिए।

जब इस संबंध में नगर पंचायत कुमारगंज के अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि भवन की स्थिति के बारे में संबंधित संस्था को दो महीने पहले ही सूचित कर दिया गया था। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक कोई जिम्मेदार अधिकारी या तकनीकी टीम मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं आई है। यह उदासीनता निर्माण कार्य की मरम्मत और जवाबदेही तय करने में देरी का कारण बन रही है।

नगर पंचायत कुमारगंज के इस नए भवन की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में भी नाराजगी देखी जा रही है। यह मामला न केवल निर्माण कार्य में लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि सरकारी परियोजनाओं में जवाबदेही और पारदर्शिता की कमी को भी दर्शाता है। नगर पंचायत कुमारगंज का यह भवन, क्षेत्र के विकास का प्रतीक माना गया है अब अपनी खराब स्थिति के कारण चर्चा का विषय बन चुका है। देखना होगा कि इस मामले में प्रशासन कितनी जल्दी कार्रवाई करता है और इस भवन की मरम्मत और जिम्मेदारी तय करने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

## उद्यान विभाग के पौधशालाओं पर उपलब्ध हैं विभिन्न प्रजातियों के पौध

**बहराइच ।** जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी ने बताया कि राजकीय स्वर्ण जयन्ती पौधशाला बभनी, बहराइच पर पौधशाला के अतिरिक्त मिनी सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स नर्सरी, एग्रो फॉरेस्ट्री एवं बनाना टिश्यू कल्चर लैब सहित 04 उत्पादन इकाईयॉ संचालित है। जहॉ पर बनाना टिश्यू कल्चर लैब में उत्पादित जी-9 प्रजाति के केले का पौध रू. 18/प्रति पौध की दर से प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा यहॉ पर उत्पादित बेहन पौध रू. 2/प्रति पौध की दर से प्राप्त किया जा सकता है। एक्सीलेन्स नर्सरी में इच्छुक किसान अपना बीज देकर भी रू. 1/प्रति पौध का शुल्क जमा कर पौध उत्पादित करा सकते हैं। आगामी मौसम मसाला मिर्च, शिमला मिर्च, सेम, टमाटर, गोभी आदि के उपर्युक्त समय है। जिससे अगेती फसल तैयार कर अच्छा लाभ प्राप्त सकते हैं। श्री चैधरी ने बताया कि एग्रो फॉरेस्ट्री अन्तर्गत स्वर्ण जयन्ती पौधशाला पर यूकेलिप्टिस के एक लाख पौध तैयार है।

## जाली दस्तावेजों पर चल रहा है मदरसा, केस दर्ज

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले में वर्षों से फर्जी दस्तावेज पर चल रहे एक मदरसे का भंडाफोड़ हुआ है जिसका प्रबंधक कूटरचित कागजात प्रस्तुत कर वर्षों से सरकारी पैसे का दोहन कर रहा था। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने पाया है

- **डीएम ने दिए मामले के रिकॉर्ड दुरुस्त करने के निर्देश**
- **तत्कालीन रीडर राहुल कुमार चतुर्वेदी निलंबित**

कि यह मदरसा वर्षों से जाली दस्तावेजों पर चल रहा था और अपनी जमीन न होने के बावजूद सरकारी धनराशि भी ले रहा था।जिलाधिकारी के आदेश पर हुई जांच के अनुसार, अंजुमन इस्लामिया फैजुल उलूम (धनौजी खुर्द, फाजिलनगर) नामक मदरसे को 1996 में सहायता राशि दी गई थी, लेकिन वह ग्राम सभा की अतिक्रमित जमीन पर चल रहा था। जांच का नेतृत्व कर रहे अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) वैभव मिश्रा ने कहा कि जांच के दौरान, यह पता चला कि मदरसा प्रबंधन वर्षों से जाली दस्तावेज़ पेश कर रहा था और सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहा था।

राज्य ओबीसी आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा की शिकायत के बाद जांच शुरू की गई। मिश्रा के निर्देश पर, मदरसा प्रबंधक सेराज अहमद और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) अदालत के तत्कालीन रीडर (पेशकार) राहुल कुमार चतुर्वेदी के खिलाफ कसया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जांच अधिकारी ने बताया कि मामला तब सामने आया जब 24 जुलाई, 2023 को एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव के कार्यमुक्त होने के एक दिन बाद, उनके तत्कालीन रीडर राहुल चतुर्वेदी ने कथित तौर पर पिछली तारीख का एक जाली आदेश जारी किया और उसे सरकारी पोर्टल पर अपलोड कर दिया। इस तरह धोखाधड़ी पकड़ी गई।

अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) ने कहा कि राजस्व बोर्ड के सहयोग से की गई जांच में केस रिकॉर्ड में हेराफेरी और फर्जी डिजिटल आदेशों का खुलासा हुआ। ऑर्डर शीट में कोई यूआरएल, पृष्ठ संख्या या दिनांक-समय विवरण नहीं था, जैसा कि पोर्टल से तैयार किए गए दस्तावेजों में अनिवार्य है। यहां तक कि कोर्ट का नाम, केस नंबर और धाराएं भी जाली थीं।

यह भी पाया गया कि सुनवाई की तारीखें पिछली तारीख की थीं और ऑर्डर शीट पर पीठासीन अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर थे। इस पूरे प्रकरण ने लाभार्थियों और स्थानीय राजस्व कर्मचारियों के बीच मिलीभगत को उजागर किया है।

रिपोर्ट के बाद, ज़िलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने मामले के रिकॉर्ड दुरुस्त करने के निर्देश दिए और तत्कालीन रीडर चतुर्वेदी को निलंबित कर दिया।

अधिकारियों ने बताया कि 20 अगस्त को कसया थाने में उनके और मदरसा प्रबंधक अहमद के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया गया।

## प्लेसमेंट कैंप 25 को

**देवरिया ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, देवरिया के प्रधानाचार्य के.के. राम ने बताया कि महेन्द्रा लिमिटेड फर्म डिवीजन, रुद्रपुर (उत्तराखंड) द्वारा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 25 अगस्त (सोमवार) को प्रातः 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, देवरिया परिसर में आयोजित होगा। इसमें पेंटर, वेल्डर, फिटर, टर्नर, डीजल मैकेनिक, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रिशियन, कोपा तथा अन्य व्यवसायों से संबंधित अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया की जाएगी। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

## निर्माण श्रमिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित

**देवरिया।** सहायक श्रमायुक्त देवरिया स्कन्द कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों जैसे नरेगा श्रमिक, राजमिस्त्री, शटरिंग कार्य, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, प्लम्बर, दिहाड़ी मजदूर, बढ़ई, पेंटर आदि के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ ऑनलाइन आवेदन कर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक को दो पुत्रियों के विवाह हेतु ?55 हजार प्रति पुत्री की एकमुश्त सहायता राशि सीधे बैंक खाते में प्रदान की जाती है। मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक को संतान जन्म पर सहायता राशि दी जाती है, जिसमें पुत्र जन्म पर ?26, से ?50, हजार तथा पुत्री जन्म पर ?31से ?55,हजार तक की धनराशि दी जाती है। साथ ही पुत्री के नाम से ?25 हजार की सावधि जमा भी कराई जाती है। सहायक श्रमायुक्त श्री कुमार ने जिले के समस्त पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की है कि वे अपने निकटतम सहज जन सेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर इन योजनाओं का लाभ अवश्य प्राप्त करें। अधिक जानकारी के लिए श्रमिक कार्यालय, सहायक श्रमायुक्त, विकास भवन परिसर देवरिया में संपर्क किया जा सकता है।

## सहकारिता से समृद्ध होगा देश का किसानः कमलेश

अयोध्या। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के द्वारा हैरिंगटनगंज विकास खंड के पूरे पटना मजरे चमोला में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में सहकारिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक कमलेश यादव ने कहा कि सहकारिता से संबंधित होगा देश का किसान। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना केंद्र सरकार के द्वारा सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मंत्रीमंडल सचिवालय की राजपत्र अधिसूचना संख्या2516 दिनांक 06 जुलाई 2021 के माध्यम से की गई ।

समितियों का सीधा लाभ आम जनता विशेष रूप से किसानों को मिलेगा । वर्तमान में सहकारी समिति के बायलॉज में परिवर्तन करके उन्हें और भी अधिकार दिए गए है। सहकारी समिति अब खाद बीज ,ऋण के अलावा बड़े बड़े शॉपिंग मॉल,पेट्रोल पंप भी खोल रहे है ,जन सुविधा केंद्र,बैंकिंग सेवा केंद्र ,सिनेमा हॉल भी दक्षिण भारत में अभी समिति के द्वारा खोले गए है ।

# संगीतमयी कथा में श्रीराम-सीता विवाह प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर स्थानीय कस्बे के जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में चल रही संगीतमयी रामकथा के पांचवें दिन कथा वाचक वीरेंद्र तिवारी ने भगवान श्रीराम-सीता विवाह का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। संगीत और भजनों की मधुर ध्वनि से पंडाल भक्ति रस में सराबोर हो गया।

कथा वाचक वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि महर्षि विश्वामित्र श्रीराम और लक्ष्मण को साथ लेकर अयोध्या से वन की ओर जा रहे थे, तभी मार्ग में राक्षसी ताड़का ने उन्हें रोक लिया। विश्वामित्र के आदेश पर भगवान श्रीराम ने ताड़का का वध कर दिया। इसके पश्चात वे मिथिला पहुंचे, जहां राजा जनक द्वारा आयोजित सीता स्वयंवर में भगवान श्रीराम ने भगवान शिव का धनुष तोड़ दिया।



धनुष टूटने की आवाज सुनते ही भगवान परशुराम वहां वायु गति से पहुंचे और क्रोधित होकर पूछने लगे कि शिव का धेनुस किसने तोड़ा है। इस पर लक्ष्मण ने व्यंग्यपूर्ण उत्तर देते हुए कहा कि बचपन में हमने कई धेनुस तोड़े, किसी ने टोका नहीं। यह सुनकर विश्वामित्र ने लक्ष्मण को समझाते हुए कहा कि यह कोई साधारण धेनुस नहीं, बल्कि भगवान शिव का पवित्र धनुष है। तब जाकर परशुराम का क्रोध शांत हुआ। भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग का वर्णन होते ही पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा और श्रद्धालु राममय वातावरण में लीन हो गए। कथा का शुभारंभ रामायण चौरसिया द्वारा व्यास गद्दी की पूजा कर किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, वर्तमान महामंत्री ब्यास सिंह, शिवशंकर सिंह, जगन्नाथ सिंह, ओमप्रकाश सिंह उमा, संतोष वर्मा, हीरालाल गुप्ता, रामनरेश सिंह, नंदकिशोर खरवार, कलावती देवी, सोनी सिंह, ममता देवी, प्रियंका देवी सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## डॉ सुनील कुमार चौरसिया सावन पद्म पुरस्कार के लिए नामित



**कुशीनगर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गांग रानी के शिक्षक डॉ सुनील कुमार चौरसिया सावन की उत्कृष्ट साहित्य सेवा, समाज सेवा और सामुदायिक कार्यों को देखते हुए उन्हें पद्म पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।कवि, साहित्यकार, शिक्षक डॉ चौरसिया ने बताया कि उनके नाम का प्रस्ताव जिला प्रशासन ने किया है और खुद उन्होंने नामांकन करते हुए पद्म पुरस्कार के लिए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए हैं। हिंदी, अंग्रेजी, भोजपुरी में हजारों कविताएं लिख चुके हैं जो देश, विदेश की पत्र पत्रिकाओं में छप चुकी है।समाज सुधार के क्षेत्र में तलाक शुदा स्त्री, विधवा स्त्री, किन्नरों, विकलांग जन की पढ़ाई लिखाई के लिए सहयोग किया है। युवाओं को यू ट्यूब चैनल के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई। नाटक भी लिखा। पूर्वोत्तर के आदिवासियों के जीवन सुधारने के लिए भी काम किया। डेढ़ दर्जन पुरस्कारों और सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं। जनपद के बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों ने पद्म पुरस्कार के लिए श्री चौरसिया के नामित होने पर खुशी व्यक्त की है।

## भाजपा ने मनायी कल्याण सिंह की पुण्यतिथि



देवरिया ।, क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजस्थान व हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल, 'पद्म विभूषण' से सम्मानित कल्याण सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके बताए रास्ते पर चलने का भी संकल्प लिया।इस अवसर पर जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी ने कहा कि कल्याण सिंह, जिन्हें प्यार से 'बाबूजी' कहा जाता था, न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि राम मंदिर आंदोलन के महानायकों में से एक थे। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में उनके योगदान और मुख्यमंत्री के तौर पर उत्तर प्रदेश में किए गए सामाजिक और प्रशासनिक सुधारों को लेकर उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि हम सभी को कल्याण सिंह के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उनके बताए रास्ते पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कहा कि कल्याण सिंह ने विपरित परिस्थितियों के बावजूद उ.प्र. जैसे विशाल प्रदेश में सुशासन की स्थापना की थी। इस दौरान किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा, अभिषेक राय अंकुर, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सैंथवार, मारकंडे गिरी, गोविंद चौरसिया, गिरिजेश सिंह, यशवंत शाही, राहुल प्रताप सिंह, चंदन गिरी, सुशील सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एएनएम, आशा संगिनी सीएचओ की समीक्षा




जिला संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** स्थानीय सीएचसी परिसर में अधीक्षक की अगुवाई में एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आशा संगिनी, सीएचओ की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल एएनसी, एचआरपी, एनसीडी स्क्रीनिंग, जेएएस, ईकवच, अनमोल, जेएसवाई आदि के प्रगति की जानकारी लेकर लापरवाही बरतने वाले 20 आशा, 2 संगिनी, 8 एएनएम, 5 सीएचओ को नोटिस जारी किया गया। अधीक्षक के इस कारवाई से स्वास्थ्य कार्यों में लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप की स्थिति रही।

गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुशीनगर के निर्देश के क्रम में अधीक्षक तमकुही डॉ हिमांशु कुमार की अध्यक्षता में एएनएम, सीएचओ, आशा कार्यकर्ता, आशा संगिनी, सीएचओ के स्वास्थ्य कार्यप्रणाली की समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। बैठक में इन स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल एएनसी, एचआरपी, एनसीडी स्क्रीनिंग, जेएएस, ईकवच, अनमोल, जेएसवाई आदि में किए जा रहे योगदान की प्रगति की समीक्षा की गई। अधीक्षक के समीक्षा बैठक में अधिकांश स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने की शिकायत संज्ञान में आने पर अधीक्षक ने नाराजगी जाहिर करते हुए लापरवाही बरतने वाले 20 आशा, 2 संगिनी, 8 एएनएम, 5 सीएचओ को नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण तलब किया। अधीक्षक के सख्त रुख को देखते हुए स्वास्थ्य कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति रही। अधीक्षक ने कर्मचारियों को हिदायत दिया कि कर्तव्यों को लेकर सजग रहना होगा। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई तय है। उन्होंने खराब प्रगति वाले कर्मचारियों एवं अन्य सभी कर्मियों से अपने कार्यों में सुधार लाने की अपील किया। इस दौरान जिला मातृ परामर्शदाता डा. रितेश तिवारी, बीपीएम प्रवीन कुमार राय, वाहिद हुसैन, विजय चौहान, अटल बिहारी गुप्ता, उमेश राय, अर्चना कुशवाहा, वंदना सिंह, गीता शर्मा, अतुल, साधना आदि उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारम्भ

अयोध्या। का.सु. साकेत पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास ,शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित सात दिवसीय अयोध्या पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि एडीएम एम.के. सिंह द्वारा जे पी एन सिंह सभागार में मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर एमके सिंह ने सभागार में उपस्थित छात्र छात्रों एवं अध्यापक गणों को संबोधित करते हुए एनबीटी के पुस्तकों के प्रति अपने अनुभव एवं दिलचस्पी को साझा करते हुए सभी को न्यास की पुस्तकों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने न्यास द्वारा आयोजित विभिन्न पुस्तक मेलो एवं सचल पुस्तक प्रदर्शनी का सराहना करते हुए न्यास के सहायक निदेशक मुकेश कुमार से इस तरह के आयोजन नियमित अंतराल पर अयोध्या में आयोजित कराने का आग्रह किया। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के सहायक निदशक ने न्यास के विभिन्न योजनाओं (पुस्तक प्रदर्शनी ,।। न्यास द्वारा 1972 से संचालित विश्व पुस्तक मेले के आगामी संस्करण का आयोजन 10-18 जनवरी 2025 को होना सुनिश्चित हुआ।

## जाति प्रमाणपत्रों के सत्यापन में पारदर्शिता बरतें : डीएम




**देवरिया ।**जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय जाति प्रमाणपत्र संवीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जाति प्रमाणपत्रों के सत्यापन एवं वैधानिकता की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जाति प्रमाणपत्रों के सत्यापन कार्य में पूर्ण पारदर्शिता और गंभीरता बरती जाए। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों को ही प्रमाणपत्र उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, वहीं अपात्र व्यक्तियों द्वारा किसी भी प्रकार से अनुचित लाभ उठाए जाने की संभावना पूरी तरह समाप्त होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सत्यापन प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी हो और इसमें पारदर्शिता सर्वोच्च स्तर पर बनी रहे।

बैठक में समिति के नामित अधिकारीगण तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहै ।

## निःशुल्क रोजगारल 26 से 28 तक लखनऊ में

**देवरिया ।** जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया है कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप बेरोजगार युवाओं की रोजगारिता में वृद्धि के उद्देश्य से, निदेशक सेवायोजन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशन एवं समन्वय में दिनांक 26 से 28 अगस्त तक इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में तीन दिवसीय निःशुल्क ह्यरोजगार महाकुंभ-2025ह्न का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस रोजगार महाकुंभ में 100 से अधिक कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा देश एवं विदेश के निजी क्षेत्र में विभिन्न सेक्टरों के 50 हजार से अधिक पदों पर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

संक्षेप

## लोडर की टक्कर से मोपेड सवार घायल

सफीपुर, (उन्नाव)। तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से मोपेड सवार गंभीर घायल हो गया जिसे राहगीरों ने सी एच सी सफीपुर पहुचाया जहा से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल के भाई ने तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की। कोतवाली क्षेत्र मवई भान निवासी कृपाशंकर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका छोटा भाई जटाशंकर (32) पुत्र गंगादीन बुधवार शाम गांव के बाहर ओसिया मार्ग स्थित चक्की पर मोपेड से गेहू पिसाने गया था। तभी मियागंज मार्ग से गाँव की तरफ तेजी से आए लोडर ने मोपेड में टक्कर मार दी जिससे भाई जटाशंकर घायल हो गया जिसे सी एच सी सफीपुर ले जाया गया जहा गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एस ओ एस एन त्रिपाठी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाई की जाएगी।

## सर्पदंश से चौकीदार की मौत

सिधौली (सीतापुर)। बीती रात नलकूप विभाग कार्यालय में ड्यूटी पर तैनात 40 वर्षीय चौकीदार अंकुर तिवारी उर्फ टीपू पुत्र अनिल तिवारी, निवासी मोहल्ला विवेक नगर, सर्पदंश का शिकार हो गए। बताया जाता है कि रात में ड्यूटी के दौरान सोते समय जहरीले सांप ने उनके पैर में काट लिया। इसके बाद उन्होंने शोर मचाकर मदद मांगी तो साथी लोग उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

## युवक ने खाया जहर अस्पताल में भर्ती

सिधौली (सीतापुर)। थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव में गुरुवार को घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने जहरीली दवा खा ली। जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय सोनू पुत्र रामदयाल का किसी बात पर घरवालों से मामूली कहासुनी हो गई थी। नाराज होकर सोनू ने घर में रखी चूहे मारने वाली जहरीली दवा खा ली। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन घबरा गए और आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।

## चयन वेतनमान से वंचित 1500 शिक्षक, लापरवाही पर आक्रोशित

उन्नाव, (वीओएल)। जनपद के लगभग 1500 शिक्षक चयन वेतनमान के लाभ से अब भी वंचित हैं। मानव संपदा पोर्टल की तकनीकी खामियों के चलते फॉर्म जनरेट नहीं हो पा रहे, वहीं ब्लॉक स्तर से फॉरवर्ड किए गए अनेक फॉर्म जिला स्तर पर महीनों से लंबित पड़े हैं।संघ का आरोप है कि यह स्थिति न केवल शिक्षकों के वैधानिक अधिकारों का हनन है बल्कि प्रशासनिक शिथिलता और घोर लापरवाही का प्रमाण भी है।गौरतलब है कि इस प्रकरण पर संघ ने पहले भी धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन और यहाँ तक कि विधान सभा में प्रश्न उठवाने तक के प्रयास किए, लेकिन नतीजा आज तक शून्य है।इसी क्रम में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, उन्नाव ने मंगलवार को डीएम व बीएसए कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर चयन वेतनमान सहित अन्य चार गंभीर मुद्दों पर तत्काल समाधान की मांग की। हस्ताक्षरित फॉर्म-16 अब तक अनेक शिक्षकों को उपलब्ध नहीं कराया गया। शिक्षकों के अवशेष भुगतान व एरियर महीनों से लंबित हैं। निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी होते हुए भी शिक्षकों को कार्य में झोंका जा रहा है। प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया,मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सेंगर, मंडल संयुक्त मंत्री जिला उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, विनीत बाजपेई, अमित शर्मा, वीरेंद्र कुमार, वैष्णो कनौजिया, अविनाश आदि रहे।

## परंपरागतढंग से मनायी गयी चेहल्लुम

सिधौली (सीतापुर)। कस्बा बाड़ी में पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद में चेहल्लुम श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया गया। 24 चांद को ताजिया चौक पर रखा गया, जगह-जगह सबीले व लंगर का आयोजन हुआ और रातभर झांकियां व नुमाइश लगी। 25 चांद को ताजियों का जुलूस निकाला गया जो बड़ा कुआं मेला मैदान पर पहुंचा। जबकि 26 चांद को ताजिए कोनी घाट स्थित कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक किए गए। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में अजादार शामिल हुए। इस दौरान कानून व्यवस्था हेतु सीओ कपूर कुमार, चौकी प्रभारी संतोष राय, अपराध निरीक्षक राम मणि यादव समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

# खेत में डालें संतुलित खाद




जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में कृषि उत्पादन से सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगणों के साथ ही किसान एवं किसान यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। किसान दिवस में उप कृषि निदेशक, सीतापुर के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया गया। गत माह के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की निस्तारण स्थिति से जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सीतापुर द्वारा अवगत कराया गया। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सीतापुर के द्वारा नन्द बाबा दुग्ध विकास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। किसान भाई अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि विभाग में निःशुल्क तिलहन बीज मिनी किट वितरण योजना में तोरिया बीज की 02 किग्रा0 मात्रा प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषक भाई 1 अगस्त से 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। किसानों एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि जनपद में यूरिया कम मात्रा में उपलब्ध है, इसके क्रम में जिला कृषि अधिकारी, सीतापुर के द्वारा अवगत कराया गया कि 35 प्रतिशत यूरिया साधन सहकारी समितियों पर तथा 65 प्रतिशत यूरिया प्राइवेट प्रतिष्ठानों को दी जायेगी। जिला कृषि अधिकारी ने किसान भाईयों से अनुरोध किया कि खेत में संस्तुत मात्रा में ही उर्वरक का उपयोग करें।

जनपद में डी0ए0पी0 एवं एन0पी0के0 पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करायी जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों तथा किसान भाईयों को सम्बोधित करते हुये बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 10 प्रतिशत अधिक यूरिया का जनपद में वितरण किया जा चुका है। किसान दिवस में अधिकतर शिकायतें विद्युत विभाग से प्राप्त हुयी। जिलाधिकारी को कमलापुर फेड फार्मर प्रोडक्शन कम्पनी के प्रदीप कुमार शुक्ला ने पारम्परिक तरीके से दली हुयी अरहर की दाल दी। अध्यक्ष महोदय द्वारा शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। किसान दिवस में किसानों के स्तर से कुल 31 शिकायतें प्राप्त हुई। किसान भाईयों के स्तर से प्राप्त शिकायतों को अध्यक्ष द्वारा सुना गया। सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को उक्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किये जाने हेतु अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समापन की घोषणा की गयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, किसान बन्धु सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रोजगार महाकुंभ में 50 हजार को मिलेंगी नौकरियां

जौनपुर। जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत कराया है कि 26, 27 एवं 28 अगस्त 2025 को रोजगार महाकुंभध्कैंपस प्लेसमेंट इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। इस रोजगार महाकुंभ में 50 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं जाएंगे। जिसमें देश-विदेश की कम्पनियां प्रतिभाग कर योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इन विभिन्न कम्पनियॉ द्वारा इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, बी0टेक, पैरामेडिकल कोर्स आदि से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन उनके बायोडाटा व साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा साथ ही इसमें श्रमिक वर्ग, कुशल कामगार, अकुशल कामगार भी प्रतिभाग कर सकते है। इस रोजगार महाकुंभ में यूएई, सऊदी अरब, जापान और जर्मनी जैसे देशों में भी रोजगार के पंद्रह हजार से अधिक अवसर मिलेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा स्टाल पर स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी मिलेंगी और राज्य के स्टार्टअप द्वारा अपने नवाचार प्रस्तुत करेंगे।

# निर्वाचन नामावली का वृहद पुनरीक्षण 29 सितंबर तक होगा

उन्नाव। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुशील कुमार गोंड ने बताया है कि ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का कार्य दिनांक 19 अगस्त से प्रारम्भ हो चुका है जो दिनांक 29 सितम्बर तक चलेगा। जिसके अन्तर्गत बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर निर्वाचक नामावली में परिवर्धित, संशोधित एवं विलोपित होने वाले नामों तथा नए मकानों/वर्तमान निर्वाचक नामावली में छूटे हुए मकानों के निर्वाचकों के नामों की जॉच और परिवर्धन का कार्य किया जायेगा। उन्होने बताया है कि सभी अर्ह भारतीय नागरिक कृपया उक्त कार्य की अवधि में ही अपना नाम पंचायत निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराना सुनिश्चित कर लें। ऐसे भारतीय नागरिक जो किसी ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सामान्य रुप से निवास कर रहें है दिनांक 01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी कर लिए हो, अपने निवास स्थान से सम्बन्धित ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए अर्ह होंगे। अपना और अपने परिवार के सभी अर्ह सदस्यों के नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज है अथवा नहीं की जाँच कर लें। यदि दर्ज नहीं है तो अवश्य दर्ज कराएं और इस हेतु घर पर पहुँचने वाले बी0एल0ओ0 को वॉछित सूचना दिए बिना कदापि वापस न करें। यदि आप के अथवा आपके परिवार के किसी नाम व प्रविष्टि में कोई संशोधन होना है या किसी नाम व प्रविष्टि को विलोपित किया जाना है तो उसे घर पर पहुँचने वाले बी0एल0ओ0 को अवश्य अवगत करा दें। यदि दिनॉक 26 अगस्त तक कोई बी0एल0ओ0 आपकी ग्राम पंचायत में न पहुँचे या कोई शिकायत हो तो आप तत्काल अधोहस्ताक्षरी अथवा अपने क्षेत्र के उप जिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा खण्ड विकास अधिकारी से टेलीफोन पर अथवा व्यक्तिगत रूप से संपर्क करें।

## तहसील में दो सांड़ आपस में भिड़े , मची अफरा-तफरी

सिधौली (सीतापुर)। तहसील मुख्यालय पर मंगलवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने उस समय हड़कंप मच गया। जब दो दबंग सांड़ आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों सांड़ों के बीच जमकर दंगल शुरू हो गया। करीब एक घंटे तक चली इस भिड़ंत में आसपास अफरा-तफरी मची रही। इस दौरान वहां खड़ी दो मोटरसाइकिल और एक ई-रिक्शा सांडों की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए। अचानक हुए इस घटनाक्रम से लोग दहशत में आ गए और काफी देर तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। लोग भयवश सड़क किनारे और दुकानों में शरण लेने पर मजबूर हो गए। स्थिति बिगड़ती देख उप जिलाधिकारी कार्यालय में तैनात सुरक्षा गार्ड ने फौरन कार्यालय का गेट बंद कर दिया, जिससे दोनों सांड भीतर न घुस पाएं। करीब एक घंटे तक जंग चलने के बाद दोनों सांड़ थककर अलग हो गए, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों का कहना है कि आवारा पशुओं के खुलेआम विचरण से आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। यदि समय रहते प्रशासन ने इसका समाधान नहीं किया तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## दवा समझकर मां ने बच्चे को पिला दिया कीटनाशक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती

सिधौली (सीतापुर)। गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में एक साल के बच्चे के कीटनाशक पीने का मामला सामने आया। जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार थाना रामपुर कला क्षेत्र के गोसाई पुरवा निवासी विकास गिरी का पुत्र प्रिंस 1 वर्ष बीमार था। विकास बाजार से बच्चे की दवा के साथ कीटनाशक की दवा भी खरीदकर लाया था। घर पहुंचने पर पत्नी ने बच्चे की दवा के बारे में पूछा तो विकास ने झोले में रखी शीशी को दवा बताते हुए थमा दी। अनजाने में मां ने दवा के स्थान पर कीटनाशक की बोतल खोलकर एक ढक्कन बच्चे को पिला दिया। कुछ ही देर में बच्चे की हालत बिगड़ने लगी तो परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली लेकर पहुंचे। वर्तमान में डॉक्टरों की देखरेख में बच्चे का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने बच्चे की हालत गंभीर बताई है। घटना से परिवार और ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## भाजपाइयों ने पुण्यतिथि पर पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को समर्पित की श्रद्धांजलि

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राजस्थान के पूर्व राज्यपाल साथ ही श्री राम मंदिर आंदोलन के नायक रहे कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा व जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गये। तत्पश्चात जिला पदाधिकारियों ने कल्याण सिंह के सम्मान में अपनी बात रखी इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा ने बताया कि कल्याण सिंह केवल एक नेता नहीं वह प्रदेश और देश के करोड़ों करोड़ों कार्यकताओं के अभिभावक थे। आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सब उन्हें श्रद्धांजलि समर्पित करते हैं। भारतीय जनता पार्टी कल्याण सिंह के आदर्शों पर चल के आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। अपने उद्बोधन में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि कल्याण सिंह कोई साधारण व्यक्तित्व नहीं थे। बल्कि वह अवतार पुरुष थे प्रभु श्री राम के मंदिर आंदोलन में उनकी जो भूमिका है। सनातन समाज सदियों तक उसे याद रखेगा आज कल्याण सिंह जी की खींची हुई भारतीय जनता पार्टी रूपी बगिया पूरे देश में हरी-भरी दिख रही है। भारतीय जनता पार्टी कल्याण सिंह जी के आदर्शों को आत्मसात करके आज सनातन के गौरव को पूरी दुनिया में चमकाने का कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी हिंदू हृदय सम्राट के रूप में कल्याण सिंह को अपना आदर्श मानती है और सनातन की रक्षा के लिए उनके द्वारा दिया गया मूल मंत्र आज भारतीय जनता पार्टी का स्थाई एजेंडा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा सनातन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही साथ उन्होंने बाबूजी को श्रद्धांजलि समर्पित की। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की मनी पुण्य तिथि



- पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्य तिथि पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने किया माल्यार्पण

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे कल्याण सिंह की पुण्य तिथि पर पूरे जिले में कार्यक्रम किए गये। खैराबाद कस्बे में नगर पालिका कार्यालय में अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता व भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद रेखा अरुण वर्मा, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु एवं क्षेत्रीय मंत्री नीरज वर्मा एवं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि के बाद पूर्व सांसद रेखा वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर पालिका के सभासद और गणमान्य लोगों के द्वारा सफाई कर्मियों के साथ सड़क पर झाड़ू लगाकर सफाई का संदेश दिया।

इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कहा जिस समय बाबू जी की सरकार प्रदेश में थी वो समय बहुत ही चुनौतियों से भरा था। उसी समय राममंदिर का मुद्दा अपने जोर पर था। हमारे बाबू जी पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने कार सेवकों को गोली न चलवाकर अपनी कुर्सी से इस्तीफा देने पर राजी हो गए थे। आज राम मंदिर का सपना पूरा हो गया है। बाबूजी का अहम योगदान है। जिसको जन्म जन्मांतरण तक याद रखा जाएगा। इसी मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। लेकिन उसके पीछे पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह जैसे बहुत से नेताओं ने इस पार्टी में अपना जीवन खपाया है। जिनका पार्टी को लेकर बहुत बड़ा योगदान है। आज हम सभी को गर्व है कि आज हम उस पार्टी के कार्यकर्ता है। बाबू जी पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह कहा करते थे कि पार्टी का हर एक कार्यकर्ता जरूरी है और अपने कार्यकर्ता के लिए हमेशा लड़ जाने वाले हमारे मुख्यमंत्री के विचार आज भी हम सभी में जिंदा है और युगों युगों तक जब कभी राममन्दिर की चर्चा होगी। हमारे बाबू के नाम की चर्चा जरूर होगी।

# सीएचसी सांडा में जन औषधि केंद्र का शुभारंभ



साण्डा (सीतापुर)। गरीब व निर्धन तबके से आने वाले मरीजों को कम कीमत पर जीवन रक्षक दवाएं मिल सकें इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा में बुधवार को डिप्टी सीएमओ राजशेखर रावत ने प्रधानमंत्री योजना तहत जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया।

डिप्टी सीएमओ राजशेखर रावत ने बताया कि पीएम जन औषधि केंद्र से गंभीर रूप से बीमार मरीजों को अत्यंत कम मूल्य पर सभी जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध कराई जायेगी। सस्ते मूल्य पर दवाएं उपलब्ध होने से गरीब व कमजोर तबके के लोगों का पैसा बचेगा और उन्हें अच्छी दवाई मिलेंगी। इस अवसर सीएचसी अधीक्षक सांडा डॉ अनिल कुमार सचान ने कहा इस औषधि केंद्र मे दवाएं सस्ती होने से ग्रामीण क्षेत्र के गरीब मरीजों को काफी लाभ होगा। इस अवसर पर चिकित्सक डॉ पीसी यादव, डॉ सुनील यादव, डा.रवि अवस्थी के साथ पूर्व सदस्य जिला पंचायत मोलहेराम, राधा कृष्ण दीक्षित, जितेंद्र मिश्रा, नीरज श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान श्रवण कुमार गुप्ता, प्रताप भार्गव, विकास मिश्र, अक्षत मिश्र, सुन्दरम् आदि लोग मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मनी जयंती



बिसवां नगर (सीतापुर)। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर कांग्रेस जनों ने पत्थर शिवाला परिसर में एक गोष्ठी कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा ने कहा राजीव गांधी एक युवा नेता थे। उन्होंने देश की तरक्की में अपना विशेष योगदान दिया है। उन्होंने ही आज कंप्यूटर व मोबाइल को देश को दिया है। प्रदेश कांग्रेस के आईटी सेल के प्रदेश महासचिव रजनीश मिश्रा एडवोकेट ने उनके जन्मदिवस पर उनके संकल्पना को याद करते हुए उनके कार्यकाल में भारत में तकनीकी और शैक्षिक सुधारो को बढ़ावा देने की बात कहीं। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष रमेश चंद गौड, अब्दुल मुजीब सिद्दीकी, करीम अंसारी, गौरव सेठ, आयुष नाथ सिंह, मोहम्मद आदिल, शहीद कई कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# जांच में सहयोग न करने पर डीडीओ ने भेजा पुनः रिमाइंडर

उन्नाव, (वीओएल)। एक माह पूर्व मरम्मतीकरण व सुंदरीकरण के लिए आए धन के बंदरबांट के बाद सीवीओ मामले से कही न कही बचते नजर आ रहे है। जब उनसे उनकी सफाई के संबन्ध में सवाल किया गया तो वह कहते नजर आए कि इस विषय पर फोन से बात नही आफिस आकर बात करिए। इस तरह के जवाब कही न कही सीवीओ को सवालों के घेरे में खडा करते है।

इधर जिलाविकास अधिकारी द्वारा जांच संबन्धी अभिलेख भी मांगे गए ताकि जांच को आगे बढाकर शीघ्र शासन को रिपोर्ट भेजी जा सके। लेकिन अब तक सीवीओ के द्वारा जांच में किसी प्रकार का सहयोग नही किया गया। बता दें कि जांच का पत्र शासन स्तर से 18 जुलाई को जिलाधिकारी को भेजा गया था। विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने पत्र में उल्लेख किया था कि पशु चिकित्सालयों के मरम्मतीकरण, सौन्दर्यीकरण, कार्यालय के उपयोग में आने वाली सामग्री के क्रय करने में सीवीओ डा0 महावीर सिंह के विरुद्ध वित्तीय अनियमितता का उल्लेख किया गया है। इन शिकायती बिंदुओं की तथ्यात्मक जांच कराकर अपनी संतुति सहित जांच आख्या अविलंब शासन को उपलब्ध कराने की बात कही गयी। लगभग एक माह का समय बीत चुका है लेकिन अब तक सीवीओ महावीर सिंह द्वारा जांच संबन्धी अभिलेख उपलब्ध नही कराए गए है। ऐसे में बार बार जांच अधिकारी द्वारा रिमाइण्डर भेजे जाने के बावजूद सीवीओ द्वारा लापरवाही किया जाना कही न कही उनकी अनियमितताओं को भी उजागर करता है। कई बार रिमाइंडर के बावजूद वह इसमें गंभीरता नही दिखा रहे है। उनकी यह कार्यशैली कही न कही मामले में संलिप्तता पर कई सवाल खडे कर रही है। ऐसे में जानकार बताते है कि जांच अधिकारी मौके पर जाकर पूरी स्थिति का जायजा ले तो काफी कुछ तस्वीर सामने आ सकती है।

### बोले मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

सीवीओ महावीर सिंह ने बताया कि फोन पर बात करने की कोई बात नहीं होती है। झूठे आरोप है। जांच अपने आप से चल रही है।

### बोले जिला विकास अधिकारी

मामले में डीडीओ देव कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि सीवीओ से कागज अभी मिला नहीं है। रिमाइण्डर दिया गया है।

# सीएमएस की कार्रवाई के बाद ओपीडी में बैठे नेत्र चिकित्सक डॉ संजीव कुमार


ओपीडी कक्ष में नहीं बैठते नेत्र चिकित्सक, मरीज परेशान


जिला संवाददाता

उन्नाव (वीओएल)। तत्कालीन सीएमएस एवं वरिष्ठ परामर्श दाता डा0 रियाज अली मिर्जा के तबादला कानपुर हो गया। इसको लेकर वॉयस ऑफ लखनऊ ने खबर का असर प्रकाशित किया। उसके दूसरे ही दिन नेत्र चिकित्सक डॉ0 संजीव कुमार ओपीडी में मरीज को देखते मिले। उन पर पूर्व में आरोप लगे थे कि वह कभी भी ओपीडी नही करते है। इसकों लेकर एडी स्वास्थ से भी शिकायत हुयी थी। बुधवार को जब तत्कालीन सीएमएस के तबादला सूची आयी तो कई उनसे जुडे मनमाने चिकित्सकों में हड़कंप

**वॉयस ऑफ लखनऊ की खबर का असर . . .**

देखा गया। जिला अस्पताल में नेत्र के मरीजों को ओपीडी में डॉक्टर के न बैठने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को लेकर पुरुष सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता को अवगत कराया गया था। खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। जिसके बाद सीएमएस के कड़े रुख के बाद अपनी जिम्मेदारियों से मुंह चुराकर ओपीडी से बचते रहे चिकित्सक को ओपीडी में मरीजों को देखना पडा।

बता दें कि खबर को संज्ञान में लेकर और मरीजों की समस्या को देखते हुए सीएमएस ने मामले को संज्ञान में लेकर डॉ संजीव कुमार को उनके दिन की ओपीडी करने के निर्देश दिए थे। इधर तत्कालीन सीएमएस डा रियाज अली के तबादले से भी इसको जोडकर देखा जा रहा है। लेकिन मरीजों ने अखबार की सरांहना करते हुए जनहित के इस कदम की सरांहना की।

## मनायी गयी चेहल्लुम

हरगांव (सीतापुर)। सीतापुर नगर पंचायत हरगांव में मनी गयी चेहल्लुम। जिसमें बहुत ही अच्छी किस्म के ताजिया मोहल्लों में गस्त करते रहे मोहल्ले वालों ने जगह-जगह खाने-पीने की व्यवस्था करी। जिसे साथ रहे ताजियादारों ने शिरकत की। यह चेहल्लुम नगर पंचायत हरगांव के मोहल्ला तरपतपुर रामपुर बरौरा तथा नगर पंचायत हरगांव के मोहल्ला जलालीपुर से शुरू होकर नगर पंचायत हरगांव के जलालीपुर स्तिथि मेला मैदान पर पहुंच कर मेला समाप्ति के बाद ताजिया को कर्बला में सुपुर्दे खाक कर दिया। यह चेहल्लुम विगत वर्षों से लगातार हो रहा है। यह बात तरपतपुर मोहल्ला के प्रतिनिधि सभासद मोहम्मद अनीस व सज्जाद खां जो कि चेहल्लुम मेला कमेटी के सदस्य हैं ने कहा कि यह चेहल्लुम काफी अरसे से होते हुए हम देख रहे हैं। इस चेहल्लुम मेला कमेटी के अन्य सदस्य नौशाद अली अंसारी, गुड्डू चौहान, इमरान अंसारी, आढ़ती, शमीम, इदरीसी सदस्य शामिल रहे। कमेटी अध्यक्ष इमरान ने कहा हमारे पुरखों से यह परम्परा चली आ रही है। जिसे हम नौजवान साथियों को लेकर मोहल्ले के बड़े बुजुर्गों की राय शुमारी के साथ इतना बड़ा चेहल्लुम मेला करवाते हैं। इस मेल को लेकर पुलिस भी मुस्तैदी के साथ चप्पे-चप्पे पर नजरें गड़ाये हुई नजर आयी।

# सई नदी की बाढ़ से हसनगंज तहसील के करीब 50 गांव प्रभावित



हसनगंज, उन्नाव। हसनगंज तहसील इन दिनों सई नदी की बाढ़ से कराह रही है। नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि ने न सिर्फ ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं, बल्कि किसानों की महीनों की मेहनत पर भी पानी फेर दिया है। लगभग आधा सैकड़ा गांवों के खेत जलमग्न हो चुके हैं और सैकड़ों बीघा धान समेत अन्य खरीफ फसलें पूरी तरह चौपट हो गई हैं। ग्रामीणों के मुताबिक खेतों में बाढ़ का पानी भरने के बाद अब गाद जमने लगी है, जिससे मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो रही है। किसानों की चिंता सिर्फ मौजूदा फसलों तक सीमित नहीं बल्कि आगामी सीजन की बुवाई को लेकर भी है। बाढ़ में सर्वाधिक प्रभावित गावों में भोगला, नसरतपुर जंगलेमऊ, शेखपुर, आदमपुर बरेठी, रानीखेड़ा खालसा, फरहदपुर, अहमदपुर टकटौली, रसूलपुर बकिया, रफीगंढ़ी, छरेहरा, खपुरा भाट, मोहान, ऊंचगांव, फखरुद्दीनमऊ, निजाम खेड़ा, चिलौला, बिचपरी, दरिहट, नेपालपुर, बघवा कोला और हसनगंज कस्बा सहित कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं। हालात बिगड़ने के बाद ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से तत्काल सर्वे कराकर नुकसान की भरपाई कराने की गुहार लगाई है। प्रभावित किसानों का कहना है कि बाढ़ के चलते उनकी सालभर की मेहनत बर्बाद हो गई है, ऐसे में सरकार से उचित मुआवजे और राहत की अपेक्षा है।

### विधायक ने किया बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा

बिचपरी गांव में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने पहुँचे क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत ने ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी परेशानियाँ सुनीं। विधायक ने किसानों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर संभव मदद उपलब्ध कराएगी और प्रशासन को शीघ्र मुआवजे की कार्यवाही करने के निर्देश दिए जाएंगे। सिर्फ वर्तमान फसलों का नुकसान ही नहीं, खेतों में जमी गाद और लंबे समय तक पानी भरे रहने की वजह से खरीफ के बाद होने वाली रबी की बुवाई पर भी संशय गहराता जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि मिट्टी की उपजाऊ क्षमता घटने से उत्पादन पर असर पड़ेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होगी। बाढ़ से घिरे गांवों के किसानों व ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा हमारी गांव-खेती सब कुछ बर्बाद हो गया है, सरकार जल्द से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाए।

संक्षेप

## मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी महिला सभा ने विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। महिला सभा की जिलाध्यक्ष राजकुमारी गौतम ने कहा कि समाजवादी पार्टी द्वारा बार-बार निवेदन करने के बावजूद करीब 18,000 मतदाताओं के नाम सूची में शामिल नहीं किए जा रहे हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि यादव, मुस्लिम, दलित और पिछड़े वर्ग सहित कई समुदायों के नाम जानबूझकर सूची से बाहर रखे गए हैं। निर्वाचन आयोग को प्रमाण और लिखित शिकायतें देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मतदाता सूची से नाम हटाए जाने की प्रक्रिया नहीं रोकी गई तो समाजवादी पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन पर महिला सभा की जिलाध्यक्ष राजकुमारी गौतम, श्रीबाई, तुलसीराम अहिरवार, मूरतसिंह यादव, पवन, भजनलाल कुशवाहा, ऊषा, रचना, बती, सुमित यादव, रूचि यादव, रूबी, सुकन, राम भरत सहित कई पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर किए।

## युवक ने गाय पर चाकू से किया हमला

ललितपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र के नेहरू नगर इलाके में गौ माता पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता अकुंश राजवंश पुत्र मोहन लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 अगस्त 2025 की रात लगभग 8.30 बजे उन्हें मोहल्ले के लोगों से सूचना मिली कि उनके पड़ोसी शाहरूख पुत्र अनवर ने उनकी गाय पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि शाहरूख ने गाय पर चाकू से बार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और बाद में उसके परिजनों ने भी धमकी दी। सूचना पर पहुंचे अकुंश ने बताया कि गाय रोज उनके घर के दरवाजे पर बंधी रहती है, उसी दौरान जान से मारने की नीयत से हमला किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन और मोहल्ले के लोग दहशत में आ गए। घायल गाय का उपचार कराया जा रहा है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है और हमलावर को भी हिरासत में ले लिया है।

## एक्सीडेंट में पुलिस की पैरवी से अभियुक्त को मिली सजा

**ललितपुर।** डीजीपी लखनऊ के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने जनपद में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में अभियुक्त मोहल्ला नदीपुरा निवासी वहीद खां पुत्र गफूर खां के विरूद्ध थाना मड़ावरा में मु.अ.सं. 511/2007 धारा 279, 337, 338, 304ए आईपीसी का अभियोग पंजीकृत हुआ था। इसमें डेडीकेटेड टीम गठित कर वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था। इस प्रकरण की निरन्तर प्रभावी पैरवी करवायी गयी, जिसमें थाना मड़ावरा पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी करते हुए 20 अगस्त 2025 को न्यायालय एसीजेएम महरौनी ने वहीद खां को दोषी पाते हुए 01 वर्ष के कारावास व 4500 रुपए की धनराशि के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## युवक को मारकर किया लहूलुहान, केस दर्ज

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली इलाके के बीरशाहपुर अमसिन गांव के पास एक युवक कुछ लोगो ने मार का लहूलुहान कर दिया। गांव निवासी पंकज कुमार वर्मा पुत्र चिल्लाऊं का कहना है कि पूर्व में उसका बगल के गांव निवासी शैलेश पुत्र दुर्बल सिंह से कहा सुनी हो गयी थी। आरोप है कि बुधवार को वह गांव के पास बीरू की गुमटी पर बैठा था। उसी समय शैलेश अपने तीन अन्य साथियों के साथ आया और उसी बात को लेकर अपशब्द कहने लगा।जब उसने इसका विरोध किया तो लोहे की रिंच से मारकर उसका सर फोड़ दिया। एसएचओ शारदेन्दु दुबे के मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्जकर पड़ताल कराई जा रही है।

# अवैध खनन से जुड़े लोगों पर होगी सख्त कार्रवाई

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** जनपद में हो रहे अवैध खनन एवं खनिज के परिवहन से सख्ती से निपटने के लिए खनिज विभाग की छापामार टीम लगातार कार्यवाहियों को अंजाम दे रही है, जिससे अवैध खननकताओं एवं खनिज का परिवहन करने वालों में भददड़ मची हुई है। टीम आने की खबर लगते ही अब अवैध तरीके से खनिज

**● खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई वाहन समेत बालू गिरोह को पकड़ा**

का दोहन करने वाले लोग वाहनों से खनिज खाली करके भागने में ही अपनी भलाई समझ रहे हैं। ऐसे कई मामले सामने भी आ चुके हैं, जिनमें टीम द्वारा पीछा करने पर बालू से भरी हुई गाड़ियों को खाली करके ऐसे लोग भागते हुये नजर आये हैं।

जिला खान अधिकारी अमितोष वर्मा लगातार टीम के साथ जनपद के दूरस्थ इलाकों में जाकर अभियान चला रहे हैं इसी क्रम में जनपद ललितपुर की तालबेहट तहसील अंतर्गत पुराकलां क्षेत्र में यूपी0-एम0पी0 सीमा पर स्थित ग्राम दिदौरा ग्राम में जामनी नदी पर बालू के अवैध खनन की सूचना मिल रही थी, जिसके क्रम में खनिज विभाग की प्रवर्तन टीम द्वारा पुराकलां क्षेत्र स्थित दिदौरा ग्राम में जामनी नदी पर मध्य रात्रि में छापेमार कार्यवाही की गयी। जिसके अंतर्गत अवैध खननकताओं द्वारा नदी से बालू निकालकर छोटे-छोटे ढेरों को एकत्रित किया गया था, जिसको डम्फर में अवैध खननकताओं द्वारा भरा जा रहा था। प्रवर्तन टीम द्वारा बालू भरते हुये 02 डम्फर यूपी0 93 सी0टी0 8529 एवं यूपी0 94 टी0 7591 को मौके से बरामद कर थाना पूराकलां एवं थाना तालबेहट में पुलिस की अभिरक्षा में दे दिया गया है। जिन पर नियमानुसार खनिज अधिनियम की धाराओं में कार्यवाही की गयी है। वाहन चालक/स्वामी का नाम राजू यादव निवासी-ग्राम पवा एवं हरपाल सिंह यादव पुत्र करन सिंह यादव निवासी-साकरवार लागौन तालबेहट एवं गब्बर सिंह पुत्र दातार सिंह, निवासी-रानीपुरा तालबेहट ललितपुर बताया जा रहा है। खान अधिकारी अमितोष वर्मा ने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले लोगों पर लगातार सतत निगरानी एवं कार्यवाही की जा रही है, अगर भविष्य में कोई भी इस प्रकार का कृत्य करेगा तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# जैन समाज में रोष-संतों पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर एफआईआर की मांग

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिला मुख्यालय पर जैन समाज में तब भारी आक्रोश फूट पड़ा जब नगर की निवासी रेखा जैन द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित संदेशों में जैन संतों के प्रति कथित तौर पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। इन संदेशों के व्हाट्सएप ग्रुप्स में वायरल होते ही समाज के लोगों ने इसे संतों व आस्था पर सीधा प्रहार मानते हुए प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग उठाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेखा जैन ने अपने मोबाइल नंबर से कई जैन धार्मिक ग्रुप्स में संदेश प्रसारित किए।

इन संदेशों में प्रख्यात जैन संत सुधासागर महाराज एवं अन्य मुनियों के संदर्भ में आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग किया गया। संदेशों में संतों की तुलना अपमानजनक रूपकों से किए जाने का आरोप है। समाज का कहना है कि इससे न केवल संतों का अपमान हुआ बल्कि जैन धर्मावलंबियों की गहरी आस्था को भी ठेस पहुँची है। वायरल संदेश सामने आने के बाद जैन समाज के विभिन्न परिवारों और धार्मिक संगठनों ने सामूहिक विरोध दर्ज किया। समाज के सदस्यों ने एक विस्तृत ज्ञापन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक संदेश प्रसारित करने वाली महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए। संदेश प्रसार के पीछे जुड़े अन्य लोगों की भी जाँच कर कड़ी कार्रवाई हो।

समाज में अशांति फैलाने वालों पर आईटी एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा पंजीकृत हो। समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से आग्रह किया कि यदि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आक्रोश और बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि संतों का अपमान पूरे समाज का अपमान है और इस तरह की घटनाओं से धार्मिक सौहार्द प्रभावित होता है।

प्रशासन ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोशल मीडिया पर प्रसारित संदेशों के स्क्रीनशॉट एकत्र किए जा रहे हैं और मामले में विधिक राय ली जा रही है।

## शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर डीआईओएस कार्यालय पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**बिजनौर।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आव्हान पर धरने प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ की अध्यक्षता तथा जिला मंत्री विनोद कुमार के संचालन में आयोजित धरने पर जनपद के सैकड़ों शिक्षकों ने अपनी समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन कर नारे लगाए। ज्ञापन के माध्यम से जिलाध्यक्ष ने जानकारी दी कि प्रांतीय नेतृत्व के आव्हान पर प्रदेश के सभी जनपदों में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर ये धरने आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुरानी पेंशन की बहाली, सेवा सुरक्षा संबंधी धारा 12, 18 तथा धारा 21 की पुनस्थापना, तदर्थ शिक्षकों को पुरानी पेंशन, एनपीएस के पैसे का सही आवंटन, कैशलैस चिकित्सा सुविधा, स्थानांतरण पद्धति का सरलीकरण, कार्यालयों में सिटीजन चार्टर लागू करने, ग्रेच्युटी की राशि को 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख करने, 62 वर्ष में ग्रेच्युटी देने जेसी मांगो को लेकर धरने का आयोजन किया है। धरने को सुरेंद्र मलिक, विनेश त्यागी, टिकेश चैधरी, देवेंद्र कुमार, मनोज यादव, रविंद्र शर्मा, कुलवीर सिंह, सुधांशु कुमार, आदि शिक्षकों ने संबोधित किया। दरी पर बैठकर शासन से अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करने वालों में कैलाश शास्त्री, ब्रजवीर सिंह, राजेंद्र सोलंकी, ओपी यादव, आरवीनद देवरा, डॉ हरीश राजपूत, ललित कुमार, चंद्रहास सिंह, करणवीर सिंह, मयूर मलिक, मजहर नामी, रश्मि चैहान, अमृता यादव, शबाना परवीन आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# महिला मित्र से बागपत से बिजनौर मिलने पहुंचे युवक का 6 हफ्ते बाद भी सुराग नहीं

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** महिला मित्र से बागपत मिलने आए अमित का 6 सप्ताह बीत जाने के बावजूद पुलिस सुराग नही लगा सकी है। दो युवकों और फिर महिला द्वारा अमित की पिटाइ के दो वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहे है। अमित के परिजनों और ग्रामीणों के साथ बागपत के पूर्व राज्यमंत्री कुलदीप उज्जवल ने बिजनौर पहुंचकर कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक से मिलकर अमित को सकुशल बरामद करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार जनपद बागपत के थाना छपरौली क्षेत्र के रठौडा निवासी अमित आर्य (38 वर्ष) मेरठ के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मध्य गंगा नहर कालोनी में रहता था। बीती 11 जुलाई को अमित भैंसाली बस स्टैंड से लापता हो गया। तहेरे भाई अनुराग की तरफ से 27 जुलाई 2025 को सदर बाजार थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। सदर बाजार पुलिस को जांच के दौरान मालूम हुआ कि अमित की चांदपुर के स्याऊ निवासी ज्योति नाम की महिला से सोशल मीडिया पर दोस्ती थी और वह 11 जुलाई को भी वह ज्योति से मिलने चांदपुर क्षेत्र में आया था। पुलिस जांच में यह भी पता चला कि ज्योति के अलावा शुभम और सचिन निवासी गांव कौशल्या थाना चांदपुर व दो अन्य ने अमित के साथ मारपीट की थी। मारपीट के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो चुके है। मेरठ सदर बाजार पुलिस ने 28 जुलाई को ज्योति व चार अन्य के खिलाफ अपहरण और मारपीट का मुकदमा ने दर्ज कर केस को बिजनौर स्थानांतरण कर दिया था। चांदपुर पुलिस अब इस घटना के आरोपियों की तलाश कर रही है। बुधवार को रालोद के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व राज्यमंत्री डॉ0 कुलदीप उज्जवल ने अमित के परिजनों के साथ बिजनौर पहुंचकर कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक संजीव बाजपेई से मुलाकात की। पूर्व मंत्री डॉ0 उज्जवल ने मांग करते हुए कहा कि प्रकरण का अति शीघ्र खुलासा किया जाए और दोषी किसी भी कीमत पर बचने नहीं चाहिए।

# आईटीआई में रोजगार मेला आयोजित



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से आईटीआई में एक दिवसीय रोजगार मेले (कैम्पस प्लेसमेंट) का आयोजन किया गया। साथ ही रोजगार मेले में उपस्थित हुए छात्र-छात्राओं की प्री-प्लेसमेण्ट काउन्सिलिंग भी करायी गयी। रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा यादव ने रोजगार मेले में उपस्थित छात्र-छात्राओं

**● 164 युवाओं को मिला रोजगार**

को रोजगार संगम पोर्टल की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। काउन्सलर कपिल शुक्ला ने अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु रोजगार के विभिन्न आयामों की सम्भावनाओं से परिचित कराया गया। रोजगार मेले में प्रतिभागी 139 कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार उपरान्त कुल 110 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। अंत में प्रधानाचार्य राजपाल सिंह ने आभार जताया। इस दौरान अनुदेशक चन्द्रभान प्रजापति, फोरमैन अनूप कुमार नामदेव व जिला सेवायोजन कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे इसी क्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर ललितपुर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में 90 प्रशिक्षार्थी सम्मिलित हुये। रोजगार में विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा नियोजक के रूप में प्रशिक्षार्थियों का सेवायोजन हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें कुल 54 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया। जिसमें राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर के 13 प्रशिक्षार्थी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तालबेहट (ललितपुर) के 03 प्रशिक्षार्थी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पाली (ललितपुर) के 02 प्रशिक्षार्थी, निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर के 05 प्रशिक्षार्थी, व अन्य के 31 प्रशिक्षार्थी रोजगार हेतु चयनित हुये। कार्यक्रम के दौरान राजपाल सिंह, प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर ने अपने व्यक्तिगत अनुभव द्वारा आई0टी0आई0 के सम्बन्ध में प्रकाश डालते हुये प्रतिभाग कर रहे अभ्यर्थियों को बताया कि हुनरमन्द एवं अनुभव से युक्त योग्य एवं कुशल व्यक्ति को रोजगार से सम्बन्धित कठिनाइयों का सामना नही करना पड़ता है। एवं उन्होने स्वरोजगार पर बल देते हुये बताया कि अभ्यर्थी हुनरमन्द होते हुये स्वरोजगार को अपनाये एवं दूसरो को रोजगार देते हुये स्वावलम्बी बनें। उक्त कार्यक्रम में चन्द्रभान प्रजापति, (प्लेसमेन्ट प्रभारी), दीपक वर्मा, अनुदेशक, रामेश्वर, अनुदेशक, श्रीमति बबिता सिंगरया, अनुदेशक, अमित कुमार, अनुदेशक, अविनाश पासवान, अनुदेशक, श्रीमति नीरजवाला, अतिथिवक्ता, शिवम सेन द्वारा रोजगार मेले को सफल बनानें में विशेष सहयोग रहा।

## मण्डी सहायक कार्यालय में दस्तावेज फाड़े जाने और मारपीट के मामले में केस दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत मोहल्ला पण्डा कालोनी में रहने वाले सप्निल कुमार त्रिपाठी पुत्र स्व.कैलाश नारायण ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह मण्डी समिति महरौनी में मण्डी सहायक के पद पर कार्यरत है। बताया कि बीते बुधवार को सुबह करीब 10.30 बजे वह समिति में अपने पटल पर कार्य कर रहा था। तभी मण्डी कालोनी में रहने वाले गिरजेश कुमार जो कि पूर्व में मण्डी सहायक थे अब सेवानिवृत्त हैं की पत्नी मीना तिवारी ने कार्यालय में अंदर आकर पति गिरजेश कुमार द्वारा किये गये गबन के कागजात दिखाने की बात कही। इस पर उन्होंने गबन के कागजात दिखाने से मना कर दिया।

इस पर मीना तिवारी आवेश में आकर टेबिल पर रखे कागजात व अन्य सरकारी कागजात फाड़कर फेंकने लगी और मना करने पर भद्दी-भद्दी गालियां देते हुये पटल पर ही उसके साथ मारपीट करने लगी। यह भी बताया कि तभी मीना तिवारी के साथ उसकी बेटी, पिता भीमशंकर मिश्रा के सहयोग से मारपीट करने लगे। मारपीट के बाद से उसकी सोने की चेन भी गायब है। घटना को कार्यालय में में काम करने वाले कर्मचारी अंकित तिवारी, शरद परिहार, बृजेन्द्र यादव, मण्डी सचिव अनूप कुमार यादव, रामस्वरूप नामदेव आदि ने बचाया। इस प्रकार सरकारी कार्य में बाधा पहुंचायी गयी और जान से मारने की धमकी देकर भाग गयी। पुलिस ने मण्डी सहायक की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 324 (4), 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## भाजपा ने हिन्दू हृदय सम्राट कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर दी श्रदांजलि



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई ने आज हिन्दू हृदय सम्राट बाबू कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर आज जिला कार्यालय पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा बाबू कल्याण सिंह भारत के ही नहीं वल्कि सारे संसार

**● कल्याण सिंह के त्याग और समर्पण पर वक्ताओं ने रखे विचार**

के हिन्दुओं के दिलों में राज करते हैं। मैं ललितपुर के दोनों विधायकों से अनुरोध करता हूं कि जिले के दोनों सीमाओं के छोरों पर बाबू कल्याण सिंह के नाम से भव्य द्वार वनवाये जायें। उन्होंने कहा कि बाबू कल्याण सिंह का त्याग अमिट है जिन्होंने राममंदिर के पीछे अपने मुख्यमंत्री पद और सरकार को लात मार दी थी इतिहास में सिद्धान्त के लिए सत्ता को छोड़ने के उदाहरण नगण्य ही मिलते हैं।

इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि हम अगर बाबू कल्याण सिंह के वताये रास्ते पर चलें और उनके आचरणों को अंगीकृत करें तो यह उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि मैं बाबू कल्याण सिंह कि आदमकद प्रतिमा लगाने हेतु जिला ललितपुर से एक प्रस्ताव भेजूंगा।इस अवसर पर बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चैबे ने कहा कि अयोध्या आंदोलन के समय के बाबू जी और उनके वे शब्द ष्कि हम गोली नहीं चलवायेंगे,हम गोली नहीं चलवायेंगे, आज भी भारत के हिन्दू समाज के कानों में गूंजते रहते हैं। सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड ने कहा कि बाबू जी कुशल प्रशासक के साथ साथ कुशल संगठक भी थे वे कार्यकताओं की पीड़ा देख नहीं सकते थे और उस पीड़ा को दूर करने के लिए हर तरह का उपाय करने को तैयार रहते थे। इस अवसर पर शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर पंथ उर्फ चंदू भैया, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार जैन जिला उपाध्यक्ष आशीष रावत, चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह संयोजक डा दीपक चैबे ने बाबू कल्याण सिंह जी की स्मृति ताजा करते हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चैबे, पूर्व जिला अध्यक्ष गण जगदीश सिंह लोधी एड, हरीराम निरंजन, राजकुमार जैन, सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड , शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, ई भागीरथ बरुआ आदि उपस्थित रहे।

## युवक को घायल करने वाला गिरफ्तार




**बांदा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस ने व्यक्ति को लाठी डण्डे से मारकर गंभीर रुप से घायल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली देहात के ग्राम जारी के रहने वाले राजाभइया सिंह पुत्र सुरेन्द्र पाल सिंह ने थाना कोतवाली देहात पर सूचना दी कि मेरे भाई को गांव के ही व्यक्ति ने लाठी डण्डे से मारकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया। जिसके सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। गुरुवार को कोतवाली देहात पुलिस की गश्त एवं चेकिगं के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी महंतु यादव उर्फ कोशण कुमार यादव पुत्र मंगी यादव निवासी ग्राम जारी थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक कृष्ण बिहारी लाल मिश्रा, लल्लूराम व कां0 दीपक अहिरवार रहे।

## चित्रकूट मार्ग में भारी वाहनों का आवागमन बंद

**बांदा।** जिले से चित्रकूट जाने वाले भारी वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। केवल अति-आवश्यक सेवाओं वाले भारी वाहन बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से चित्रकूट जा सकते हैं। कबरई, मटौन्ध, बांदा, खुरहंड, अतर्रा, बदौसा, चित्रकूट मार्ग में श्रद्धालुओं और उनके वाहनों को छोड़कर सभी प्रकार के वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। बांदा से चित्रकूट जाने वाले हल्के वाहन बांदा, बिसंडा, पहाड़ी होते हुए या बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से आसानी से आ जा सकते हैं। बांदा से प्रयागराज जाने वाले सभी प्रकार के वाहन बांदा बेंदाघाट फतेहपुर होते हुए जा सकते हैं। प्रयागराज से बांदा, महोबा, हमीरपुर और आगे जाने वाले सभी प्रकार के वाहन फतेहपुर बेंदाघाट बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे होते हुए आसानी से जा सकते हैं। इसी प्रकार महोबा से बांदा होते हुए प्रयागराज जाने वाले भारी वाहन सहित सभी प्रकार के वाहन कबरई से खन्ना बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से बेंदा घाट से आगे जा सकते हैं। बांदा से कालिंजर, बांदा से चिल्ला, बांदा से हमीरपुर और बांदा से बेंदा घाट, बांदा बबेरू और बांदा बिसंडा मार्गों में यातायात सामान्य दिनों की तरह सामान्य गति से जारी रहेगा। बांदा खुरहंड, अतर्रा, बदौसा तथा गिरवा खुरहंड मार्ग पूरी तरह से चित्रकूट जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए आरक्षित है, तथा इन मार्गों में भारी संख्या में श्रद्धालु और उनके छोटे वाहन चित्रकूट की तरफ जा रहे है। पुलिस का अनुरोध है कि यातायात डायवर्जन का पालन करें तथा वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

## अधिकारियों से मिलकर ठेकेदार ने काटे डाक बंगले के पेड़

**बांदा।** कालिंजर के डाक बंगले में लगे पेड़ो को विभागीय अधिकारियों से मिली भगत कर एक ठेकेदार ने काट दिया है। विभाग के अधिकारी पेड़ो की कटान से अनभिज्ञता जता रहे हैं। कालिंजर दुर्ग को सरकार से पर्यटन स्थल घोषित कराने के लिए विधायक और स्थानीय लोग लगातार संघर्ष कर रहे हैं।यहां स्थित महलों, मंदिरों के अलावा वादियों को हरा-भरा बनाने के लिए सरकार हर साल करोड़ो रुपए खर्च कर रही है लेकिन लोक निर्माण विभाग के कुछ अधिकारी निजी स्वार्थ में पलीता लगाने में जुटे हैं। बताते चलें कि कालिंजर स्थित लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले में बड़ी तादाद में कई प्रजाति के पेड़ लगे हैं। यहां आने वाले अधिकारी यहीं आकर ठहरते हैं।

बीते दिनों एक स्थानीय ठेकेदार ने यहां लगे एक दर्जन से अधिक हरे पेड़ो को काट कर गिरा दिया था और ट्रैक्टर ट्राली में लकड़ी भरकर भी ले गया। ठेकेदार ने पूंछने पर बताया कि उसने विभाग से नीलामी में 35 पेड़ लिए उसने नीलामी का एक लाख 75 हजार रुपये भी जमा करा दिया है। इस मामले में पीडब्ल्यूडी के एई विनय सिंह ने गैर जुम्मेदारी से बताया कि पेड़ काटे गए हैं तो नीलामी हुयी होगी, उन्हें जानकारी नहीं है, वह पता करेंगे। कहा कि खण्ड स्तर पर नीलामी का कार्य होता है। कुछ पुराने पेड़ यहां बनी बिल्डिंग के ऊपर गिरने की स्थिति में है। इन्हें काटने के लिए वन विभाग को लिखा गया है।नीलामी प्रक्रिया प्रोसेस में है। अभी नीलामी नही हुई है। इस कार्य को एई विनय सिंह देख रहे हैं।

## लाखों की तादाद में पैदल चित्रकूट पहुंच रहे श्रद्धालु



**बांदा।** चित्रकूट कामता नाथ के लिए बीते सोमवार से श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। झाँसी, हमीरपुर, महोबा, बांदा के अलावा मध्य प्रदेश के छतरपुर व खजुराहो जनपद से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पैदल ही चित्रकूट पहुंच रहे हैं। झाँसी - मिजार्पुर हाईवे के हालात यह हैं कि बांदा से लेकर चित्रकूट तक यातायात वन-वे है। दर्शनार्थियों की लगातार भारी भीड़ को देखते हुए बांदा पुलिस प्रशासन ने गुरुवार को बांदा से चित्रकूट होकर प्रयागराज जाने वाले भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर एएसपी शिवराज, सीओ नगर माविस टक, कोतवाल बलराम सिंह, बीते दो दिन से श्रद्धालुओं की व्यवस्था बनाए रखने को लगातार हाईवे पर खड़े होकर यातायात व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं। अपर एएसपी खुद व्यवस्था सम्भाल रहे हैं। भदई अमावस्या पर कई लाख श्रद्धालुओं के चित्रकूट पहुंचने का अनुमान है। बांदा से लेकर खुरहंड व अतर्रा कस्बे में कई श्रद्धावान लोग लंगर लगाए हुए हैं।

## बासमती धान के लिए कीटनाश की बिक्री करने वालों पर होगी कार्रवाई: कृषि अधिकारी

**बिजनौर।** जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 शासन, कृषि अनुभाग के शासनादेश के द्वारा जारी अधिसूचना के माध्यम से कीटनाशी अधिनियम, 1968 के अधीन प्रदत्व शक्तियों और इस निमित्त अन्य समस्त समर्थकारी शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल द्वारा 01 अगस्त 2025 से 60 दिनों की अवधि के लिए उत्तर प्रदेश राज्य के जनपद बिजनौर सहित तीस जनपदों में बासमती चावल में ट्राइसाइक्लाजोल, बुप्रोफेजिन, एसीफेट, क्लोरपाइरीफॉस, टेबुकोनोजोल, प्रोपिकोनाजोल, थायोगेथाक्साग, प्रोफेनोफॉस, इमिडाक्लोप्रिड, कार्वेण्डाजिम, कार्बोपयूरान कीटनाशकों के सभी प्रकार के फामूर्लेशन की विक्रय वितरण और प्रयोग को प्रतिषिद्ध किया गया है, ताकि गुणवत्तायुक्त बासमती चावल के निर्यात में वृद्धि की जा सकें। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा जारी गानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) के माध्यम से जनपद के रागस्त कीटनाशी विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी विक्रेता द्वारा उपरोक्त अवधि में बासमती धान में लगने वाले विभिन्न प्रकार के कीटों एवं बीमारियों में प्रतिषिद्ध किये गये कीटनाशकों का प्रयोग न कराया जायें। यदि किसी विक्रेता द्वारा प्रतिषिद्ध किये गये कीटनाशकों की बिक्री बासमती धान के लिए की जाती है, तो उसके विरूद्ध कीटनाशी अधिनियम 1968 के अन्तर्गत कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# पीएम-सीएम कानून से विपक्ष बेचैन क्यों

नरेंद्र शर्मा

संसद के मानसून सत्र के समाप्त होने के एक दिन पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में तीन विधेयक पेश किये गये, जिनमें से एक गंभीर आरोपों में 30 दिनों के लिए गिरफ्तार किये गये प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों को हटाने का प्रावधान वाला विधेयक भी है। लेकिन समूचा विपक्ष इस विधेयक को लेकर विरोध में इतना ज्यादा उत्तेजित हो गया कि विपक्षी सदस्यों ने अमित शाह के सामने ही विधेयक के मसौदे की प्रतियां फाड़ डालीं और कुछ फटे हुए पन्ने उनके ऊपर भी फेंके। बहरहाल इस हंगामे के बीच गृहमंत्री ने इस विवादास्पद विधेयक के अलावा जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश शासन (संशोधन) विधेयक भी पेश किये। विपक्ष द्वारा इन विधेयकों की जबर्दस्त आलोचना किये जाने के बाद इन तीनों विधेयकों को गृहमंत्री अमित शाह ने तुरंत ही संसद की एक संयुक्त समिति को सौंप दिया, जिसने उसके लिए एक प्रस्ताव पेश किया। 31 सदस्यीय यह समिति अब शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन इन मसौदा विधेयकों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

हाल के सालों में शायद ही किसी विधेयक के मसौदे पर संसद में विपक्ष इस कदर उत्तेजित हुआ हो कि वह कुछ ही मिनटों में देखते ही देखते मसौदे की प्रतियां फाड़ने लगे। सवाल है आखिर इस विधेयक को लेकर विपक्ष इतना ज्यादा खफा क्यों है? जैसा कि लोकसभा में खुद केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, 'जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद को कानून के दायरे में लाने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाते हैं, तभी दूसरी ओर कानून के दायरे से बाहर रहने, जेल से सरकारें चलाने और कुर्सी का मोह न छोड़ने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व में समूचा विपक्ष एक हो गया।' लेकिन गृहमंत्री द्वारा विपक्ष की यह आलोचना इतनी सीधी और सरल नहीं है। विपक्ष का आरोप है कि कानून की यह बंदूक देश से लोकतंत्र का सफाया कर देगी। उसके मुताबिक अगर कोई मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री या सामान्य मंत्री 30 दिन से ज्यादा हिरासत में रहा, तो वह आटोमेटिक ही अपने पद से मुक्त हो जायेगा, विपक्ष आरोप लगा रहा है कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों और अदालतों का दुरुपयोग करके

> पक्ष-विपक्ष दोनों ही तकनीकी दृष्टि से अपनी अपनी जगह सही हैं, वास्तव में सारे फसाद की जड़ राजनीति में व्याप्त आकंठ भ्रष्टाचार है। अगर राजनेता भ्रष्टाचार से खुद को दूर कर लें, तो शायद इस तरह के कड़े प्रावधानों की जरूरत ही न रहे।



विपक्ष को अपने रास्ते से ही हटा देगी। विपक्ष जिस तरह इस विधेयक के विरोध में एकजुट हुआ है, उसका अंदाजा विपक्ष के कुछ बड़े नेताओं की इस विधेयक को लेकर की गई टिप्पणियों से पता चलता है कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस विधेयक को लेकर कहा, 'यह लोकतंत्र पर हिटलरी हमला है', तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा, 'ब्लैक बिल, ब्लैक डे-यह देश को तानाशाही के नरक में धकेल देगा।' 'असदुद्दीन ओवेसी ने इस विधेयक के लिए कहा, यह संविधान के मूल ढांचे को ही तोड़ देगा, जिससे न्यायपालिका और संघीय ढांचे की हत्या हो जायेगी।'

### 130वां संविधान संशोधन

इस प्रस्तावित विधेयक के विरोध में समूचा विपक्ष एकजुट होकर उतरा। यहां तक कि तृणमूल कांग्रेस के साथ कम्युनिस्ट पार्टियों ने भी कदम से कदम मिलाकर इस विधेयक का विरोध किया। माकपा के राज्यसभा सदस्य जॉन ब्रिटास और महासचिव एमए बेबी तथा माकपा (मार्क्सवादी लेनिनवादी) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने भी इस विधेयक की आलोचना ममता बनर्जी और टीएमसी के सुर में सुर मिलाकर किया। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी के मुताबिक यह विधेयक अगर पास हो गया तो आपराधिक न्याय शास्त्र की परिभाषा ही बदल जायेगी, जिसके मुताबिक किसी आरोपी को तब तक निर्दोष माना जाता है, जब तक कि अदालत में उसके विरूद्ध अपराध साबित न हो जाए। लेकिन इस विधेयक के पास होने के बाद इसकी नौबत ही नहीं आयेगी। 30 दिन गुजरते ही कोई भी मंत्री, मुख्यमंत्री यहां तक कि प्रधानमंत्री को भी स्वतः दोषी मान लिया जायेगा और उसे उसके पद से मुक्त कर दिया जायेगा। विपक्ष का मानना है कि इस कानून का इस्तेमाल करके भाजपा देश के कई लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों और उनकी सरकारों को जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के जरिये सत्ता से बाहर कर सकती है। जबकि भारतीय जनता पार्टी का कहना है कि जो विपक्ष तरह तरह से लोकतंत्र की दुहाईयां देते नहीं थकता था, वह अब भ्रष्टाचार से खुद को ऊपर रखने के लिए एकजुट हो गया है।

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विपक्ष की इस एकजुटता पर कहा कि विपक्ष के नेता एकजुट होकर अपने आपको कानून के ऊपर रखना चाहते हैं तथा दूसरे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि जिस तरह विपक्षी सदस्य सदन में विरोध प्रदर्शन के लिए एकत्र हुए हैं, उससे पता चलता है कि वे भ्रष्ट लोगों को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। जबकि इस सबके बीच विपक्ष का सीधा सीधा आरोप था कि सरकार सीबीआई/ईडी और आईटी जैसी एजेंसियों का भरपूर दुरुपयोग कर रही है, अब वह इन्हीं एजेंसियों के जरिये विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार कराकर उन्हें पद से हटाना चाहती है, मतलब वह यह भी नहीं स्वीकार करना चाहती कि सजा दिलाने के लिए अदालती प्रक्रिया का पालन किया जाए। विपक्ष के मुताबिक अदालत की लंबी प्रक्रिया अब केंद्र सरकार नहीं बर्दास्त करना चाहती, वह चाहती है फटाफट विपक्ष का सफाया हो जाए। विपक्ष ने मीडिया के सामने एक काल्पनिक परिदृश्य पेश करते हुए कहा, ह्यकल्पना कीजिए किसी राज्य में चुनाव होने वाले हैं और वहां का विपक्षी मुख्यमंत्री सरकार के लिए खतरा है, तो ऐसे में केंद्र सरकार उस मुख्यमंत्री को किसी न किसी केस में गिरफ्तार करा के 30 दिन तक जेल में रखेगी और 31वें दिन तो वह स्वयं ही मुख्यमंत्री नहीं रह जायेगा। इस तरह उस मुख्यमंत्री के पद से हट जाने के कारण उसकी पार्टी अस्थिर हो जायेगी और सरकार को चुनावी फायदा मिल जायेगा। यही नहीं विपक्ष के मुताबिक ये सरकार जनता के सामने कह सकती है कि देखो हम भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाई कर रहे हैं, लेकिन विपक्ष कहना है ये भ्रष्टाचार विरोध नहीं बल्कि लोकतंत्र का विरोध है। लेकिन सरकार का दावा है कि इस विधेयक का लौकिक उद्देश्य भ्रष्टाचार और अपराध में लगाम लगाना है। सरकार चाहती है कि नीति निमार्ताओं को इन आरोपों से मुक्त रखा जाए। इसलिए भ्रष्टाचार में फंसने के बाद उन्हें पद से हटाने के लिए विधेयक में प्रावधान किये गये हैं। लेकिन बिना किसी दोष सिद्ध यानी कन्वेंशन के भी हिरासत में रखना और इसी हिरासत के चलते 30 दिन गुजर जाने के बाद सत्ताच्युत कर देना, एक ऐसा खतरनाक प्रावधान है, जिससे विपक्षी राजनीतिक पार्टियों और नेताओं का डरना स्वाभाविक है। क्योंकि विपक्ष के मुताबिक ऐसा करना, नैतिकता और न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। विपक्ष कह रहा है कि हमेशा जांच एजेंसियों का उपयोग विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने में होता रहा है। यह विधेयक इसी कार्यवाई को संवैधानिक जामा पहना रहा है।

हाल के दिनों में अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन और सेंथिल बालाजी जैसे राजनेता इसके उदाहरण हैं। दूसरी तरफ सरकार का कहना है कि 6 महीने से ज्यादा जेल में रहने के बाद भी मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा न देना, निर्लज्जता से कुर्सी के साथ चिपके रहने की निशानी है। ऐसे सत्ताप्रेमियों को कुर्सी से हटाने का कोई ताकतवर कानूनी प्रावधान तो होना ही चाहिए। कुल मिलाकर देखा जाए तो नैतिक रूप से केंद्र सरकार का कहना सही है और विपक्ष का यह कहना कि चुना हुआ प्रतिनिधि मतदाताओं के प्रति जवाबदेह होता है, हकीकत का मजाक है, क्योंकि एक बार विधेयक या सांसद चुन लिये जाने के बाद अगले पांच साल तक के लिए कोई चुना हुआ प्रतिनिधि अपने मतदाताओं की परवाह नहीं करता।

## ऑनलाइन गेमिंग

ऑनलाइन गेमिंग सपनों, उम्मीदों की ऐसी लत है जो पहले अपने आकर्षण में फंसाती है और फिर बर्बाद कर देती है। गेमिंग की सपनीली दुनिया में फंसकर लाखों सपने, जवानियां और उनका पूरा कॅरियर तबाह हो रहा है। ऐसे में इसकी बुराइयों का समाधान कर इसके स्वस्थ स्वरूप को आगे बढ़ाना जरूरी है। ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 संसद के दोनों सदनों से पास हो गया है। यह विधेयक कुछ अन्य बातों के अलावा देश में ऑनलाइन गेमिंग में पैसों के लेनदेन को प्रतिबंधित करने से संबंधित है। अनुमान के मुताबिक ही सरकार के इस कदम ने ऑनलाइन गेमिंग उद्योग में हलचल पैदा कर दी है। खबरें बताती हैं कि इसके चलते हजारों उच्च कौशल वाले रोजगारों पर संकट की तलवार लटकने लगी है। विधेयक में जिन उद्देश्यों और कारणों का उल्लेख किया गया है उनके मुताबिक ऑनलाइन गेमिंग में पैसों का इस्तेमाल होने से देश भर में गंभीर सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक मुश्किलें पैदा हो गई हैं क्योंकि मोबाइल और कंप्यूटर के माध्यम से ये गेम बहुत व्यापक रूप से प्रसारित हो चुके हैं। ये प्लेटफॉर्म ऐसे लत वाले व्यवहार को बढ़ावा देते हैं जिनका परिणाम मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों और




वित्तीय नुकसान के रूप में सामने आता है। ऐसे प्लेटफॉर्म के कारण धोखाधड़ी और शोषण की घटनाएं भी सामने आई हैं। ऐसे में बाजार के इस हिस्से का विनियमन करने के बजाय यह जनहित में है कि इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया जाए। ऐसे में, विधेयक के प्रासंगिक प्रावधानों का उल्लंघन करके ऑनलाइन धन कमाने संबंधी गेमिंग सेवा प्रदान करने वाले किसी भी व्यक्ति को तीन साल तक की कैद या 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा। मीडिया में विज्ञापन जारी करना या पैसे वाले गेम से संबंधित धनराशि के लेनदेन में शामिल होने पर भी दंडित किया जाएगा। यह विधेयक संसद के दोनों सदनों से पास हो गया है और उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में यह कानून लागू भी हो जायेगा। इससे देश में औपचारिक ऑनलाइन गेमिंग कारोबार का हमेशा के लिए पटाक्षेप हो जाएगा। साफ कहें तो इस बात से असहमति नहीं जताई जा सकती है कि ऑनलाइन गेमिंग एक लत की तरह है जो मानसिक और वित्तीय दोनों स्तरों पर प्रभावित करती है। बहरहाल, इस बात पर बहस हो सकती है कि क्या पूरी तरह प्रतिबंधित करना ही उपरोक्त समस्याओं का सही हल है। भारत में प्रतिभाशाली डेवलपर की एक पूरी फौज है जो तरह-तरह के गेम तैयार करती है और यह उद्योग बहुत तेज गति से बढ़ रहा है। भारत में ऑनलाइन गेम्स विकसित करने का वैश्विक केंद्र बनने की संभावना है। उद्योग जगत के संगठनों के मुताबिक स्किल गेमिंग कंपनियों का कारोबारी मूल्य 2 लाख करोड़ रुपये है और अब तक यह 25,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश जुटा चुका है। सरकार के लिए बेहतर होता कि वह इस क्षेत्र के अंशधारकों और विशेषज्ञों से चर्चा करने के बाद ही विधेयक को पेश करती। ऑनलाइन पैसे कमाने से संबंधित गेम्स को प्रतिबंधित करने के बजाय समुचित नियमन की मदद से देश के हितों का बेहतर संरक्षण किया जा सकता है। सीधे प्रतिबंध लगाने के बाद एक संभावना यह है कि ऐसी गतिविधियों को गैर कानूनी तरीके से अंजाम दिया जाने लगे। यदि ऐसा हुआ तो ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े लोगों के शोषण और उनके साथ धोखाधड़ी की आशंकाएं बढ़ जाएंगी। इंटरनेट की पहुंच को देखते हुए सरकार के लिए यह बहुत कठिन होगा कि भूमिगत रूप से इसे संचालित करने वालों तक पहुंच सके। यह विधेयक ऑनलाइन गेमिंग के नियमन और संवर्धन का व्यापक औपचारिक ढांचा भी मुहैया कराता है। उदाहरण के लिए विधेयक में ऑनलाइन गेमिंग के लिए एक प्राधिकरण की स्थापना का प्रावधान है। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार ई-स्पोर्ट को मान्यता देने और प्राधिकरण के साथ पंजीकृत करने के लिए जरूरी कदम उठाएगी और इस उद्योग के स्वस्थ विकास के लिए जरूरी नियमन भी करेगी।

### विचार

जब तक 'मत-छुओ वाद' तुम्हारा धर्म और रसोई का बरतन तुम्हारा देवता है तब तक तुम्हारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।

-स्वामी विवेकानन्द.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए, अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

-बर्क.

महान बनने की पहली सीढ़ी नम्रता है। नम्रता वह अमोघ अस्त्र है जो हमें सफलता की राह दिखाती है और मानव को देवता बना देती है।

-रस्किन.

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोलकर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।

-संत कबीर.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

### सोशल मीडिया

वाराणसी में कानून व्यवस्था डबल इंजन मिलकर भी संभाल नहीं पा रहे हैं। ये गोली सिर्फ एक व्यक्ति की हत्या नहीं है बल्कि पूरे शासन प्रशासन की भी हत्या है। अखिलेश यादव.



मेरे दोस्त राष्ट्रपति पुतिन को उनके फोन कॉल के लिए और अलास्का में ट्रंप के साथ हालिया बैठक पर अपनी अन्तर्दृष्टि साझा करने के लिए धन्यवाद। पीएम मोदी.



अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर प्रथम भारतीय अंतरिक्ष यात्री, जीपी कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मिलकर खुशी हुई। देश को उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। राजनाथ सिंह.



## संकल्प की शक्ति

### अंतर्दृष्टि

पुण्य कर्मों में हमारी प्रखरता हमारे व्यक्तित्व, आत्मिक साधना और आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के हमारे संकल्पों को मजबूत करती है। पुण्य कर्म हमेशा हमारे साथ रहते हैं और हमे आत्मसंतोष भी प्रदान करते हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है।

## पुरस्कार का जुगाड़

### व्यंग्यलोक

पुरस्कार सिर्फ साहित्यिक कर्मों, कृत्यों का फल नहीं होते हैं बल्कि उनके पीछे हमारी गैर साहित्यिक सक्रियता भी होती है। अगर सृजन से ही साहित्य का पुरस्कार मिलने लगे, लेखकों को वाजिब सम्मान मिलने लगे तो फिर साहित्यिक संस्थानों पर काबिज मठाधीशों की परिक्रमा कौन करेगा? उनका गुणगान बंद हो जायेगा? यहां तक कि पुरस्कारों की पूरी सूची बदलनी पड़ेगी, सहित्यकार खोजने पड़ेंगे। अब तो पुरस्कार के लिए मौलिक साहित्य लेखन भी जरूरी नहीं है। बस संस्था प्रधान की नजरें आप पर टिक जाये, बस आपको कुछ करने की जरूरत नहीं। इसका मतलब आपने चिलम भी नहीं भरी उनकी। अब आपको की देखिए। स्कूली पाठ्य पुस्तक पर पुरस्कार मिल गया। जबकि यह भी अफवाह है कि आपने उनकी चमचागिरी की थी। देखिये शर्मा जी, अब थोड़ा बहुत तो करना ही पड़ता है। आप यह चमचा और चिलम का प्रयोग कर रहे हैं, यह निहायत ही गलत है। दरअसल एक साथ उठना-बैठना था! विचारधारा के मामले में तो आप जानते ही हैं-मैं जैसी हवा चलती है, विचारधारा वैसी ही बना लेता हूँ। इतिहास को पढ़ कर कुछ लिखने का मन बना और उधर इसी वर्ष पुरस्कार का ऑफर आ गया। सोचा, बहती गंगा में हाथ धो लेने में हर्ज क्या है? वे बोले। मैंने कहा-खैर, यह तो आपने बहुत बढ़िया किया। ऐसी गंगा अब दुबारा तो बहने से रही। सही समय पर हाथ धो लिये वरना जनाब हमारे जैसे तो हाथ मल रहे है। वे गंभीर हुये बिना ही बोले- क्यों, आपने भी कोई साहित्यिक रचना भेजी थी क्या? हाँ, यही तो गलती हो गयी हमसे। किसी महापुरूष की जीवनी भेज देता तो शायद यह दिन देखना नहीं पड़ता। मेरे साथ तो होता ही उलटा है। जब जीवनी लिखता हूँ तो साहित्य माँगा जाता है और जब साहित्य भेजता हूँ तो कहते हैं कोई राष्ट्रवादी चीज लाओ। समझ में नहीं आता कि यह साहित्य पुरस्कार मिलेगा कैसे? मैंने निराश भाव से कहा तो वे अपना मुँह मेरे कान के पास लाये और धीरे से बोले- शर्मा जी सही तो यही है कि आप अपने आपको लेखक मानना छोड़ दें, पुरस्कार कल मिल जायेगा। मैंने तो सपने में सोचा भी नहीं था कि कभी मुझे साहित्य का पुरस्कार मिलेगा, लेकिन भाई जी मिल ही गया। मेरा मतलब आप अपने आपको कुछ ज्यादा ही समझते हैं। साहित्य को लेकर अकड़े फिरते हैं। वरना साहित्य का पुरस्कार तो साग-भाजी की तरह मिल रहे हैं। आवाज दे-दे कर बुलाते हैं कि पुरस्कार ले लो पुरस्कार। यह कहकर उन्होंने खींसे निपोरी और पुरस्कार लेने चले गये। मैं हताश भाव से सोचता ही रहा कि इसकी जुगाड़ कैसे करूँ?



पूरन सरमा

## लखपति दीदी योजना से महिलाएं बन रहीं उद्यमी



आधी दुनिया

बिहार में नीतीश कुमार और मध्य प्रदेश में अब के पहले मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान को महिलाओं का प्रिय नेता इसलिए कहा जाता था क्योंकि महिलाओं ने अपने सशक्तिकरण में इन नेताओं की भूमिका के चलते उन्हें लगातार राजनीतिक रूप से समर्थन दिया है। अब इस सूची में प्रधानमंत्री मोदी का नाम भी जुड़ चुका है और यह तय मानिए कि महिलाओं ने अगर सुशासन बाबू और मामा के मुकाबले प्रधानमंत्री मोदी पर आधी इनायत भी कर दी तो सियासत के सारे समीकरण बदल जाएंगे। इसीलिए यह योजना गेमचेंजर साबित होने वाली है। कई बार कोई योजना बिना किसी क्रांति का दावा किये किसी मुकम्मिल बदलाव का प्रतीक बन जाती है। 15 अगस्त 2023 को लाल किले की प्रचीर से देश को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने 'लखपति दीदी योजना' की घोषणा की थी और 23 दिसंबर 2023 को राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू व राज्यपाल कलराज मिश्र की उपस्थिति में राजस्थान के जैसलमेर स्थित शहीद पूनम सिंह स्टेडियम से योजना की औपचारिक रूप से शुरूआत हुई थी।

इस योजना का लक्ष्य देश भर के गांवों में 2 करोड़ महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान था, ताकि उनकी सालाना इनकम को 100000 या इससे ज्यादा किया जा सके। इस तरह समग्र रूप से लखपति दीदी योजना गरीबी उन्मूलन और आर्थिक सशक्तिकरण के मिशन के तौरपर लांच की गयी थी। लेकिन बहुत कम समय में इस योजना ने किस तरह खुद को गेम चेंजर साबित किया है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 1 फरवरी 2024 को अपने अंतरिम बजट भाषण में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा 'नौ करोड़ महिलाओं के साथ 83 लाख एसएचजी (सेल्फ हेल्प ग्रुप) सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण समाज का सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य बदल रहे हैं। उनकी सफलता ने लगभग 1 करोड़ महिलाओं को पहले ही लखपति दीदी बनने में मदद की है।' लखपति दीदी योजना की इस सफलता से उत्साहित होकर वित्तमंत्री ने योजना का लक्ष्य 2 करोड़ महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने से बढ़ाकर 3 करोड़ का लक्ष्य कर दिया है। इस योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को प्लंबिंग, एलईडी बल्ब बनाने और ड्रोन के संचालन जैसे दर्जनों कामों में महारत किया जा रहा है। साल 2021-22 में भारतीय श्रमबल में महिलाओं की हिस्सेदारी 32.8 फीसदी थी, लेकिन साल 2022-23 में स्वालंबी लखपति दीदियों की बदौलत श्रमबल में महिलाओं की यह हिस्सेदारी बढ़कर 37 फीसदी हो गई। करीब 4.2 फीसदी से ज्यादा का यह उछाल गदगद करने वाला है।

इस साल यानी 2024 मे ऐसी महिलाएं जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है, ऐसी महिलाओं को उद्यमिता विकास हेतु सरकार द्वारा बिना ब्याज के 5,00,000 का लोन दिया जाएगा साथ ही इस योजना से जुड़ी महिलाओं को विभिन्न क्षेत्र में रोजगार पाने के लिए जरूरी प्रशिक्षण दिया जाएगा। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए जब यह योजना लागू की गई थी, तब किसी को नहीं पता था कि इतनी तेजी से यह अपना सकारात्मक विस्तार करेगी। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र की ऐसी महिलाओं को जिनकी सालाना आय राष्ट्रीय औसत से कम है, उन्हें भारत सरकार एक लाख रुपये तक का ऋण और किसी क्षेत्र विशेष में कुशल बनाने के लिए प्रशिक्षण देती है, बशर्ते यह महिला किसी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हो। एक बार जब महिलाएं प्रशिक्षित हासिल कर लेती हैं तो वह न केवल देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से योगदान देती हैं बल्कि अपनी आर्थिक स्थिति में जबरदस्त इजाफा करती हैं। इस योजना के तहत महिलाओं को कई तरह से फायदे पहुंचाये जाते हैं जैसे उन्हें किसी एक क्षेत्र में प्रशिक्षित किया जाता है जिससे वह अपना कोई उद्यम स्थपित कर सके या किसी के साथ उस उद्यम में जुड़कर आय में रोजगार हासिल कर सके। साल 2025 तक 3 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को इसके लिए लक्षित किया गया है, जो अपनी सालाना आय में 1 लाख रुपये का इजाफा करेंगी। इस योजना के लाभ हासिल करने के लिए महिलाओं में अपने आर्थिक उत्थान के लिए जज्बा होना चाहिए। योजना के तहत महिलाओं को दिया गया ऋण बिना ब्याज का होता है, साथ ही उन्हें व्यवसाय प्रशिक्षण और बीमा कवरेज भी मिलता है।

**वीना सुखीजा.**

## आपकी बात

### महंगाई से मिलेगी राहत

भारत सरकार ने जीएसटी सुधारों को मंजूरी देकर देश में महंगाई पर सर्जिकल स्ट्राइक बोल दिया है। दरअसल देश में महंगाई ऐसी चीज है जो कहीं न कहीं आदमी को परेशान ही करती रहती है। कुछ समय पहले टमाटर, दाल और खाद्य तेल आदमी के बजट का दिवाना निकाल रहे थे। अब यह स्थान प्याज-लहसुन ने ले लिया है। दूध, खाद्य तेल और दाल के दाम पहले से ही आसमान पर हैं।

अब आटा-चावल भी चालीस के करीब पहुंच गये हैं। ऐसे में आम आदमी के लिए अपने जरूरी खर्चों की बात तो छोड़िए दो जून की रोटी भी कठिन हो गयी है। हालांकि टमाटर अब सस्ता हो गया है, सब्जियों के दाम भी घटे हैं और गैस सिलेंडर भी सस्ता हुआ है। लेकिन अब प्याज फिर से आंसू निकालने लगा है। दाल, पेट्रोलियम पदार्थों के साथ तमाम अन्य चीजें अभी भी बहुत महंगी है। बहरहाल सब्जियों की आपूर्ति धीरे-धीरे बाजार में बढ़ रही है जिससे एक बार फिर खाद्य महंगाई सामान्य होने लगी है। लेकिन अगर सब्जियों, दूध, अनाज आदि की बात छोड़ दी जाये तो अन्य मदों में महंगाई अभी बहुत अधिक है और इसमें राहत देने की जरूरत है। आटा-दाल, दूध, ब्रेड, बिस्किट से लेकर किताब-कॉपी तक, सबके दामों में आग लगी है। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण के गंभीर प्रयास करे। कीमतों असामान्य उतार चढ़ा ठीक नहीं है।

**संजय कुमार द्विवेदी, लखनऊ.**

### गरीबों की मददगार योजनाएं

उत्तर प्रदेश सरकार की टेबलेट नीति शिक्षा के लिए जरूरी है लेकिन सभी छात्रों को टेबलेट देना चाहिए। पटरी से उतर चुकी शिक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने में सरकार के द्वारा छात्रों को दिया गया स्मार्टफोन, टेबलेट बहुत ही मददगार साबित होगा। लेकिन यह सुविधा सभी छात्रों को मिलनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ छात्रों को मिलेगा लेकिन अधिकांश छात्र इससे वंचित रहेंगे। ऐसे में स्कूल बंद होने पर उनकी शिक्षा का क्या होगा इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत हैं। इसी तरह प्रदेश सरकार ने गरीब वर्ग के छात्रों की मदद के लिए कोचिंग योजना की जो शुरूआत की है उसकी सराहना होनी चाहिए। इससे गरीब वर्ग के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने में मदद मिलेगी। वैसे प्रदेश सरकार शिक्षा की दशा और दिशा को सुधारने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार एक के बाद एक अभिनव पहल कर रही है। प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी पढ़ाने, छात्रों की छात्रवृत्ति बढ़ाने, उच्च शिक्षा से लेकर माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा तक, करीब डेढ़ लाख शिक्षकों की नियुक्ति करने, प्रशासनिक, मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं सैन्य सेवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने के बाद अब एक और बेहतरीन फैसला किया है जिससे एक साथ अनेक समस्याओं का समाधान हो जायेगा। दरअसल प्रदेश सरकार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को साल में दो यूनिफार्म सेट के साथ ही सर्दी में स्वेटर, जूता, मोजा भी उपलब्ध कराती है। इन सभी मदों में सरकार ने रकम निर्धारित कर दी है, लेकिन जब स्कूल खुलते हैं तो प्रायः सत्र शुरू पर बच्चों को यूनिफॉर्म नहीं मिल पाते हैं। दो-तीन महीने बाद जब यूनिफार्म आता है तब तक बच्चों को पुराने से ही काम चलाना पड़ता है। बड़ी संख्या में छात्र बिना यूनिफार्म के ही चले जाते हैं। इसी तरह सरकार स्वेटर देती है लेकिन सर्दी शुरू होने पर नहीं मिल पाता, जब तक टेंडर करती है, सप्लायर तय करती है तब सर्दी बीत जाता है और जब बच्चों को स्वेटर मिलता है तब तक गर्मी शुरू हो जाती है। यह देरी दरअसल सरकारी खरीद प्रक्रिया के कारण है जिसमें टेंडर लगाने, अधिकारियों का कमीशन फिक्स होने आदि में समय लगता है और जब अधिकारी सब कुछ तयतोड़ कर लेते हैं तब जाकर टेंडर पास होता है। इससे एक तो भ्रष्टाचार पनपता है और गरीबों पैसा अधिकारी खा जाते हैं।

**दिनेश चन्द्र कुशवाहा, लखनऊ.**

संक्षेप

## डॉ. अंजनी कुमार ने पकड़ा रालोद का झंडा

**सोहावल-अयोध्या।** बीकापुर विधानसभा के बिबियापुर निवासी भरत कुंड महोत्सव न्यास के अध्यक्ष कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव व्यापार प्रकोष्ठ वरिष्ठ नेता और समाजसेवी डाक्टर अंजनी कुमार पाण्डेय ने रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चैधरी के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। इनके पार्टी में आने से बीकापुर विधानसभा सहित पूरे जनपद में राष्ट्रीय लोकदल को मजबूती मिलेगी। जयंत चैधरी ने इन्हें पार्टी का झंडा पकड़ा कर सदस्यता दिलाई और आशा व्यक्त किया कि जबरदस्त ढंग से पार्टी का सदस्यता अभियान चलाएंगे। चैधरी चरण सिंह और चैधरी अजित सिंह की नीतियों को पूरे दमखम से जिले में प्रचलित और प्रसारित करेंगे। उनके स्वागत करने में अयोध्या निवासी व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय लोकदल विशेषनाथ मिश्रा सुडडू मिश्रा की मुख्य भूमिका रही।पार्टी में योगदान करते वक्त प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीकांत मिश्रा विदेश महासचिव आरती सिंह चैहान प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रबली यादव आदि सहित तमाम वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** मण्डलायुक्त राजेश कुमार ने गुरूवार को जिला चिकित्सालय अयोध्या का स्थलीय औचक निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के गेट पर निर्माण सामग्री व गंदगी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अग्निशमन यंत्रों को चेक करते हुए पाया कि एक यंत्र की एक्सपायरी तिथि बीत चुकी है, जिसको बदलने तथा सभी अग्निशमन यंत्रों को चेक

- चिकित्सालय के गेट पर निर्माण सामग्री व गंदगी पाये जाने पर जतायी नाराजगी

कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को दिये गये। मण्डलायुक्त ने निरीक्षण के दौरान मरीजों एवं उनके अभिभावकों से वार्ता करते हुए चिकित्सा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और चिकित्सकों को निर्देशित किया कि मरीजों को अस्पताल में उपलब्ध दवाइयां ही लिखी जाय तथा जो दवाइयां उपलब्ध नहीं है उनको प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों से क्रय किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया जाय। मण्डलायुक्त ने निरीक्षण के दौरान ओ0पी0डी0 के विभिन्न कक्षों तथा परिसर में स्थापित ब्लड बैंक, फिजियोथैरेपी सेंटर, आई0सी0यू0 वार्ड, पेडियाट्रिक वार्ड सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया गया और साफ सफाई की कमी पाए जाने पर सफाई कान्टैक्टर के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिये कि परिसर में मौजूद विभिन्न निष्प्रयोज्य सामानों की नीलामी करायी जाय तथा परिसर के नाली निर्माण सहित अन्य मरम्मत कार्यो के लिए भेजे गये प्रस्ताव की जानकारी करते हुये जल्द पूर्ण कराने के लिए कहा गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान परिसर में बनाये गये रैन बसेरे पर ताला लगा पाये जाने पर नाराजगी जतायी और कहा कि इसको प्रयोग में लाया जाय तथा आक्सीजन प्लांट का भी पूर्ण उपयोग किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

इसके साथ ही उन्होंने चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के लिए पकाये जा रहे भोजन कक्ष को भी देखते हुये मरीजों को वितरित किये जा रहे भोजन एवं दूध की जानकारी ली गयी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि खाने में पौष्टिक आहार की मात्रा बढ़ायी जाय एवं मीनू के अनुसार खाना बनवाकर वितरित कराया जाय। उन्होंने परिसर में वाहनों की पार्किंग की मनमानी व्यवस्था को देखते हुये उसको सुव्यवस्थित किये जाने के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय सर्वेश कुमार ने विभिन्न पटलों के विषय में जानकारी मण्डलायुक्त को प्रस्तुत की गयी और मण्डलायुक्त ने चिकित्सकों की कमी के लिए शासन को पत्र भेजने के निर्देश दिये।

## इन्दिरा उद्यान में होगा सुविधाओं का विकास

**बहराइच।** जनपद के प्रमुख स्वर्ण जयन्ती पार्क बभनी रिसिया व कपूरथला स्थित इन्दिरा गांधी उद्यान को अधिक जनोपयोगी एवं मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित किये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्यान विकास समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें एमएलसी पदमसेन चैधरी के प्रतिनिधि विजय कुमार वर्मा, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा के प्रतिनिधि राजीव कुमार वर्मा, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सहित, परशुराम कुशवाहा तथा जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी व ईओ नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह मौजूद रहे।

बैठक के दौरान समिति द्वारा पार्कों में पेयजल की सुविधा के लिए आर.ओ., सुरक्षा के लिए पीआरडी जवानों की तैनाती व सीसीटीवी कैमरों की स्थापना के साथ-साथ समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था कराये जाने का सुझाव दिया गया।

डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि पार्क में बच्चों के मनोरंजन के लिए आर्कषक झूलों की स्थापना, कैंटीन व सिंथेटिक वाकिंग ट्रैक के साथ-साथ आवश्यकतानुसार डस्टबिन की व्यवस्था भी करायें।

## बर्फानीश्वर महादेव का भंडारा संपन्न



**बाराबंकी।** अमरनाथ यात्रा के समापन उपरान्त श्री बर्फानीश्वर महादेव सेवा समिति के सेवादारो का सकुशल जनपद वापसी होने पर नगर पालिका प्रांगण में अमरनाथ गुफा से लाए शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया गया। विधिवत पूजन अर्चन के उपरांत भव्य भंडारे का शुभारंभ समिति प्रधान कैलाश नाथ शर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह ने किया। जो देर रात्रि तक चलता रहा। जिसमे श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। समिति प्रधान श्री शर्मा ने बताया कि अमरनाथ गुफा से लाए गए प्रसाद को मिश्रित कराकर विशेष भंडारा बनवाया गया था।जिसके उपरान्त पूजन अर्चन कर भण्डारे का शुभारम्भ किया गया। भंडारे में बेल्जियम से आये सचित शर्मा ने कहा समिति का प्रयास अभूतपूर्व है। और वह इस भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने आए है। इसके साथ ही भंडारे में स्थानीय श्रद्धालुओं सहित अन्य जनपदों अयोध्या, बहराइच, गोंडा, सुल्तानपुर, लखनऊ से भी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर यतेंद्र सिंह, राजेश अरोड़ा बब्बू, कौशल किशोर त्रिपाठी, प्रशांत सिंह, जितेंद्र वर्मा, विजय यादव, विजय गुप्ता, रमेश तिवारी मौजूद रहे।

## डाकघरों में हर शनिवार को आयोजित होगा विशेष शिविर

**बहराइच।** अधीक्षक डाकघर, बहराइच मण्डल ने बताया कि बहराइच डाक मण्डल के अन्तर्गत बहराइच प्रधान डाकघर और उसके अधीनस्थ नानपारा, कैसरगंज, फखरपुर, कल्पीपारा, खैरीघाट, पयागपुर, मिहींपुरवा, रूपईडीहा, विशेश्वरगंज, रिसिया, मटेरा, भिनगा, गिलौला, इकौना, सिरसिया व बड़नापुर उपडाकघरों में अब प्रत्येक शनिवार को आधार नामांकन एवं अद्यतन हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

## शिक्षा की गुणवत्ता के लिए किये जायें विशेष प्रयासः डीएम



**बहराइच।** आकांक्षात्मक जनपदों के लिए नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांक शिक्षा की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री कम्पोजिट अभ्युदय विद्यालय के निर्माण हेतु सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से समन्वय कर भूमि प्राप्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित करायें। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि यू-डायस डाटा के आधार पर शौचालय, पेयजल व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन तथा आधार पंजीकरण विहीन विद्यालयों की सूची तैयार कर चरणबद्ध तरीके से क्रमशः शासकीय एवं सहायता प्राप्त तथा अन्य बोर्डों से मान्यता प्राप्त विद्यालयों को आच्छादित कराया जाय। डीएम श्री त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि कक्षा 05 से 06 व कक्षा 08 से 09 में छात्र-छात्राओं का प्रवेश बढ़ाने हेतु प्रयास किये जाएं।

# अयोध्या को मिलेगी फोर लेन बाईपास की सौगात

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में उभर रही है, बल्कि आधारभूत संरचना के विकास में भी नई ऊंचाइयों को छू रही है। अयोध्या में सड़कों का जाल तेजी से बिछ रहा है, जिसका ताजा उदाहरण गोसाईगंज क्षेत्र में बन रहा फोर लेन बाईपास

- 114 करोड़ की लागत से हो रहा बाईपास का निर्माण कार्य, साढ़े पांच किमी का है मार्ग
- गोसाईगंज फोर लेन बाईपास पर जल्द दौड़ेंगे वाहन
- अयोध्या-अकबरपुर-बसखारी मार्ग को मिलेगी जाम से निजात

हैं।अयोध्या-अकबरपुर-बसखारी मार्ग पर बन रहे इस बाईपास का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और उम्मीद है कि इस माह के अंत तक यह मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए तैयार हो जाएगा। अब तक 96 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है।लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड द्वारा 114 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे इस साढ़े पांच किलोमीटर लंबे बाईपास से न केवल स्थानीय लोगों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी, बल्कि अयोध्या आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए भी यह एक वरदान साबित होगा। इस परियोजना को अयोध्या के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, क्योंकि यह शहर को क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। गोसाईगंज बाईपास का निर्माण अयोध्या में बढ़ती यातायात की भीड़ को कम करने और यात्रा को सुरक्षित व तेज बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस मार्ग के बनने से अयोध्या से अकबरपुर और बसखारी



की दूरी न केवल कम होगी, बल्कि जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। खासकर राम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि हुई है, जिसके कारण सड़क मार्गों का विस्तार और उन्नयन जरूरी हो गया था। इस बाईपास के बनने से वाहन चालकों को सरपट दौड़ने का अवसर मिलेगा और यात्रा समय में भी कमी आएगी।लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड अधिशासी अभियान एस.पी. भारती अनुसार इस परियोजना में आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। सड़क की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए उच्च मानकों का पालन किया जा रहा है। बाईपास के निर्माण में पर्यावरणीय संतुलन का भी ध्यान रखा गया है, और सड़क के किनारे हरियाली विकसित करने की योजना है। इसके अलावा इस मार्ग पर उचित प्रकाश व्यवस्था और संकेतकों की स्थापना भी की जाएगी, ताकि रात के समय भी यात्रा सुरक्षित रहे।

## चेकिंग के दौरान 3 अपंजीकृत ट्रैक्टर-ट्राली सीज, दर्जनों के चालान



**बाराबंकी।** रोड़ सेफ्टी नियमो का पालन एंव सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर के नेतृत्व मे परिवहन विभाग ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान मे उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की संयुक्त टीम ने नियमो का उल्लंघन करते मिलने पर 3 अपंजीकृत टैज्क्टर-ट्राली को सीज एंव दर्जनो के चालान किये। इस दौरान चेकिंग से बचने के लिए कई वाहनों के चालक अन्य मार्ग का सहारा लेकर गंतव्य स्थान तक जाते दिखाई पड़े। अभियान के दौरान एसडीएम ने सुरक्षित यात्रा को लेकर बाइक चालकों को हेलमेट व कार चालकों को सीट बेल्ट लगाकर चलने के लिए प्रेरित भी किया।

## आल इंडिया तरही शब्बेदारी कल

**अयोध्या।** अंजुमन गुनच ए मजलूमिया फैजाबाद की आल इंडिया तरही शब्बेदारी 23 अगस्त शनिवार रात्रि 9 बजे इमामबाड़ा जवाहर अली खा फैजाबाद में होगी, आज तैयारी बैठक में सभी अंजुमनों का ऐलान किया गया पूर्व अध्यक्ष हामिद जाफर मीसम ने बताया कि अंजुमन सोगवाराने हुसैन वसीका अरबी कालेज से अलम उठाकर इमामबाड़ा जवाहर अली खा लाएगी जिसके बाद शब्बेदारी का शुभारंभ होगा, संचालन मोहम्मद हसनैन व पेशखानी हाजी चंदन सानेहाल व सिब्तैन मेहदी शावर करेंगे मजलिस मौलाना वसी हसन खा व तकरीर मौलाना नदीम रजा जैदी करेंगे।

# कठोर निर्णय से पूरी पार्टी को अचंभित करते थे मौलाना साहबः राकेश वर्मा



**बाराबंकी।** सामान्य कार्यकर्ता से शीर्ष नेतृत्व तक सबको एक साथ लेकर चलने की अद्भुत कला के माहिर ईमानदार संघर्षशील पूर्व जिला अध्यक्ष स्वः मौलाना मेराज अहमद का अध्यक्षीय कार्यकाल सफल और स्वर्णिम कार्यकाल रहा हैं। उक्त उद्गार

- मौलाना मेराज अहमद की पुण्यतिथि पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा

समाजवादी पार्टी कायार्लय पर 20 वर्षों तक पार्टी जिलाध्यक्ष रहे स्वर्गीय मौलाना मेराज अहमद की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने व्यक्त किये। श्रद्धांजलि सभा मे पूर्व मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि मौलाना साहब जहां कार्यकताओं के मान सम्मान के लिए अपना सर्वश्रेश्वर करने को तैयार रहते थे।

वही अपने कठोर निर्णय से पूरी पार्टी को अचंभित भी कर देते थे। वह दिल के जितने मुलायम थे पार्टी संगठन के हित में निर्णय लेने में उतने ही कठोर थे संगठन हेतु ही उनके लिए सर्वोपरि था। सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने अपने मरहूम वालिद को खिराजे अकीदत पेश करते हुए कहा कि हमने पिताजी को बचपन से पार्टी के विस्तार के लिए संघर्ष करते देखा हैं। उनकी बताई हुई बातें सदैव मेरे जेहन में रहती है।

मैं उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर सदैव पार्टी को मजबूती प्रदान करने का प्रयास कर पार्टी को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सदैव संघर्ष करता रहूंगा।इसके अतिरिक्त सदर विधायक धर्मराज सिंह, पूर्व एमएलसी राजेश यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संचालन जिला महासचिव हिमांशु यादव ने किया। श्रद्धांजलि सभा मे राम गोपाल रावत, पूर्व विधायक राममगन रावत, अरविंद यादव, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, हुमायूं नईम खान, डॉ0 ज्ञान प्रकाश मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ0कुलदीप सिंह, ज्ञान सिंह यादव, वीरेंद्र प्रधान, प्रीतम सिंह वर्मा, अजय वर्मा बबलू, राम सजीवन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यादव समाज ने पीड़ित परिवार से मिलकर शोक संवेदना जतायी

**बहराइच,फखरपुर।** राम संवारे यादव उर्फ ननकू की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या प्रकरण में यादव समाज संगठन पहुंचा पीड़ित परिवार से मिल यादव समाज संगठन बहराइच के लोग मृतक राम संवारे यादव उर्फ ननकू के घर शिवराजपुर/बंभौरा, फखरपुर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट कर आर्थिक सहायता की गई है ।फिर पीड़ित परिवार से बात की तो पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि इस मामले में पुलिस न्याय नहीं कर रही

- राम संवारे यादव की संदिग्ध परिस्थिति में हुई हत्या

है लीपापोती कर रही है जबकि मामला हत्या का है ।फिर यादव समाज संगठन के लोग थाना प्रभारी फखरपुर से मुलाकात कर उनके विषय पर बात की थाना प्रभारी फखरपुर ने बताया कि एक आरोपी को जेल भेज दिया गया है दूसरा जो नामजद है उसकी जांच हो रही है आरोपी पाए जाने पर उसे भी जेल भेज दिया जाएगा ।पीड़ित परिवार से बात किया गया तो राम संवारे यादव उर्फ ननकू की पत्नी ने बताया कि पुलिस जोर जबरदस्ती कर बहला फुसलाकर मामले को खत्म कराना चाह रही है फिर यादव समाज संगठन के लोग थाने में धरने पर बैठे हुए हैं उनका कहना है कि जब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो जाती है तब तक हम लोग यहां से नहीं जाएंगे अब देखना यह है कि फखरपुर इंचार्ज पीड़ित परिवार के साथ न्याय करते हैं या नहीं कुछ ही छड़ो के बाद उड्म कैसरगंज मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार व धरना पर बैठे यादव संगठन के लोगों को बताया बहुत जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगीइस कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत



प्रत्याशी धनीराम यादव समाजसेवी दुलारे यादव (शिवा) समाजसेवी विशाल यादव पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी दुर्गेश यादव राजेंद्र कुमार यादव शिवनाथ यादव कुलदीप यादव अमरदीप यादव विष्णु यादव पवन यादव सोनू यादव आशीष यादव पवन यादव पंकज यादव सोनू यादव रमेश यादव रामनिवास यादव राकेश यादव शिवपूजन यादव मिथुन यादव मंगल यादव राम मनोहर यादव पंकज यादव मोहित यादव राकेश यादव राजेश यादव आशीष यादव मोहित यादव बालक राम आदि सैकड़ो यादव समाज के लोग उपस्थित रहे

## नारकोटिक्स नियंत्रण को लेकर डीएम और एसपी ने की बैठक



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने जनपद में नशीले पदार्थों की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर आवश्यक बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद से जुड़े जो भी व्यक्ति अवैध रूप से ड्रग रैकेट में शामिल पाये जाने पर उनके विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कठोर कार्यवाही करने और उनके द्वारा अर्जित सम्पत्तियों को कुर्क कराया जाए। मेडिकल स्टोरों में प्रतिबंधित और अवैध दवाइयों की बिक्री की सतत जांच तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने, अवैध शराब की बिक्री पर सख्त निगरानी रखने व लगातार निरीक्षण कर ऐसे मामलों में प्रभावी रोक लगाई जाये। जिलाधिकारी ने जनपद को नशामुक्त बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ ठोस और प्रभावी कदम उठाये जाने को लेकर निर्देशित किया। विद्यालयों और महाविद्यालयों में जनजागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराये जाने को लेकर निर्देश दिये।

बैठक मे पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण के लिए अंतरविभागीय समन्वय और त्वरित कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अब तक की गई कार्यवाही और आगामी रणनीतियों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक मे जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर, औषधि निरीक्षक रजिया बानो सहित नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, कस्टम विभाग, एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स मौजूद रहे।

## विपिन बने अखिल भारतीय अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष

**बाराबंकी।** अखिल भारतीय अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारी संघ (एआईएससीएसए) के राष्ट्रीय महासचिव संजय सूरोटिया के प्रस्ताव पर गवर्निंग काउंसिल के अनुमोदन पर वरिष्ठ लिपिक विपिन कुमार सिंह को अखिल भारतीय अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारी संघ (एआईएससीएसए) का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। तथा श्री सिंह को प्रदेश के उपाध्यक्ष, महासचिव व सभी जनपदों के जिलाध्यक्षों को नियुक्त करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

## भ्रष्टाचार से आहत सभासद पानी टंकी पर चढ़ा, दी आत्मदाह की धमकी



**बाराबंकी।** अधिशासी अधिकारी और लिपिक की भ्रष्ट कार्यशैली के खिलाफ नगर पंचायत सुबेहा पट्टी वार्ड के सभासद विशाल निषाद कार्यालय परिसर में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गए और

- फर्जी प्रस्ताव पास कर सरकारी धन के दुरुपयोग का लगाया आरोप
- एसडीएम ने जांच कमेटी की गठित, लिपिक के अधिकार किये सीज

आत्मदाह की धमकी देने लगे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। तथा सभासद को नीचे उतारने का प्रयास करने लगे। लेकिन सभासद कार्यवाही किये जाने की मांग पर अड़े रहे। करीब 3 घंटे बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने तत्काल कार्यवाही और भ्रष्टाचार की जांच के लिए कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद सभासद नीचे उतरे। सभासद ने आरोप लगाते हुये बताया कि नगर पंचायत में खुले प्रस्तावों को फर्जी तरीके से पास कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। तथा अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार खरवार और लिपिक सतीश श्रीवास्तव पर नियमित रूप से अनुपस्थित रहने और भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जबकि लिपिक सतीश श्रीवास्तव पिछले 15 वर्षों से इसी कार्यालय में तैनात हैं। एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि तत्काल प्रभाव से बाबू के अधिकार सीज कर दिए गए हैं। और शिकायत पर जांच कमेटी गठित कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कालाबाजारी में भूमिका निभा रहे उर्वरक निरीक्षक

जिला संवाददाता

**बहराइच।** रायबोझा सहकारी समिति के साथ आसपास गायघाट, चिकनाया, बालापुर, मदारिया, बाबागंज, नवाबगंज समेत कई स्थानों पर खुलेआम यूरिया दुगने दामों पर बिक रही है, और किसान लेने पर मजबूर हैं, उदाहरण रायबोझा सहकारी समिति है लगभग 15 दिन पूर्व समिति पर उर्वरक यूरिया का खेप पहुंचने के बावजूद आज तक पूर्ण रूप से वितरण नहीं हुई।

जबकि खेप पहुंचने के दौरान ही सैकड़ों की संख्या में किसान कतार लगा कर खड़े हो गए, किंतु समिति अधिकारी के मनमानी किसानों के मेहनत पर पानी फेर दिया।

जिसकी शिकायत भी उच्च स्तरीय अधिकारियों तक पहुंची किंतु किसानों की एक भी सुनवाई नहीं हुई, बीते सोमवार में वितरण के लिए पहुंचे समिति के अधिकारियों ने मनमानी करते हुए लगभग सैकडो किसानों के कतार को दरकिनार करते हुए किसी अन्य एक को बिना कंडीशन सात बोरी यूरिया दे दिया जिस पर किसान

- कमीशनखोरी का शिकार बन रहे किसान, दुगने दामों पर बिक रही यूरिया

भड़क गए और कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए एसडीएम मिहींपुरवा एडीसी और तहसील मिहींपुरवा को शिकायत की इसके साथ ही समिति सचिव के मनमानी और रेट से बढ़ा कर वसूल की पोल खोलने का काम किया।

उसके बावजूद कार्यवाही शून्य है, जिसका नतीजा यह है कि इन तमाम सेक्टरों पर खुलेआम किसानों का शोषण किया जा रहा है एक बोरी यूरिया 500 रुपए प्लस में बेची जा रही है, और किसान भी लेने पर मजबूर है, हालांकि *उर्वरक निरीक्षक* अधिकारी उर्वरकों दुकानें की निरीक्षण करना और यह सुनिश्चित करना है कि उचित दर पर उर्वरक बेची जा रही है या नहीं, यदि कालाबाजारी में संलिप्तता पाए जाते हैं तो उनके प्रति सख्त कार्यवाही करने के जिम्मेदार हैं किंतु किसानों के रद्दी शिकायतों में इतनी हवा कहां जो कमीशन की पंखों में होती है।

यहां किसानों की मजबूरी नहीं, सिक्कों की खनक चलती है, *गोमती वर्मा धर्मकांटा* के मुताबिक यूरिया मात्र 100 बोरी मिली, जो 330 रुपए में बेची गई जबकि ग्रामीणों के मुताबिक मूल्य से दुगना रेट पर बेचने का आरोप है।

*बालापुर बृजेश कुमार* से वार्ता की गई तो बताया कि मात्र सौ बोरी यूरिया मिला जिसमें 50 बेच दी और अपने लिए रोक लिया, *चिकनियां दुर्गा वर्मा* के यहां भी जमकर कर यूरिया की कालाबाजारी का आरोप है तथा *मदारिया रंजीत* के वितरण में जब अपडेट ग्रामीणों से ली गई तो बताया कि प्रति बोरी 600पल्स में बेची गई, *रज्जब अली, चिकानिया* यह तो लूट की सारी हदें पार कर दी गई,8 सौ रुपए बोरी यूरिया की बिक्री की गई

किसान जब विरोध करते तो भगाने और मारपीट की धमकी दी गई ,अब सवाल यह है कि प्रत्येक स्थानों पर यूरिया बिक्री में खुलेआम किसानों का शोषण हो रहा आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन है, क्यों नहीं हो रही कार्यवाही यदि जिम्मेदारों की संलिप्तता नहीं है तो जिम्मेदार उदासीन क्यों है, आखिर कार्यवाही जीरो क्यों है, कौन देगा इसका जवाब, आखिर कब रुकेगा किसानों का शोषण, बड़ा सवाल है

संक्षेप

## डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**गौरीगंज, अमेठी।** एसपी अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं एएसपी अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डीपी एक्ट थाना गौरीगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त शीतला प्रसाद पुत्र कृष्णा प्रसाद निवासी माधौपुर वार्ड न0 18 कस्बा व थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## 4 दिन से गायब युवक का नाले में मिला शव

**तिलोई, अमेठी।** जनपद के मोहनगंज अंतर्गत शंकरगंज चौकी क्षेत्र में अरियावा ग्राम सभा के पूरे गजराज सिंह गांव के नया नाला में 20 वर्षीय युवक का मिला शव। सुबह ग्रामीणों ने शव देखा तब हड़कंप मच गया उसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना। सूचना पर थाने की पुलिस कोतवाल राकेश सिंह के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंचकर नाले से लाश को निकलवा कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक तिलोई कस्बा के पूरे दरोगा गांव अपने ननिहाल में रहता था।

## रेलवे ट्रैक पर मिला बुजुर्ग का शव

**रायबरेली, हरचंदपुर।** थाना क्षेत्र के गुलुपुर के पास रेलवे ट्रैक पर एक बुजुर्ग का शव मिला। मृतक की पहचान गुलुपुर निवासी रामनंद मौर्य (65) के रूप में हुई। वह राम आसरे के पुत्र थे देर रात रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन रामनंद नहीं मिले। पुलिस ने अपने सूत्रों के माध्यम से मृतक की पहचान की। गुलुपुर चैकी प्रभारी योगेश पायला ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। चैकी प्रभारी के अनुसार, रामनंद पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। रेलवे ट्रैक पर जाते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई।

## विवाद को लेकर विपक्षियों ने महिला को पीटा

**कादीपुर, सुलतानपुर।** खेत में बकरी चराने को लेकर हुए विवाद में विपक्षियों ने एक महिला की जमकर पिटाई की। कोतवाली क्षेत्र के सरायकल्याण गांव की मुबारक अली की पत्नी आशम खातून बुधवार को बकरी चरा कर शाम सात बजे अपने घर पर पहुंची। आरोप है कि तभी विपक्षियों ने खेत में बकरी चराने का विरोध करते हुए गाली गलौज देने लगे। मना करने पर घर में घुसकर लात घुसों से मारापीटा। जिससे उन्हें काफी चोट आई। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही इब्राहिम, कमरान, गुलफाम, मुद्दुर के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

## चीफ प्रॉक्टर बने डॉ. संजीव रत्न गुप्त

कादीपुर, सुलतानपुर। डॉ. संजीव रत्न गुप्त को संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर का चीफ प्राक्टर बनाया गया है। डॉ. संजीव रत्न गुप्त अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर हैं। प्राचार्य प्रोफेसर रामनयन सिंह ने डॉ. संजीव रत्न गुप्त को नया चीफ प्राक्टर नियुक्त किया। डॉ गुप्त ने कहा कि इस दायित्व को वह पूरी गंभीरता के साथ

# भोर से लगने लगी लाइन फिर भी मायूस लौटे किसान



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** सहकारी समिति सैदखानपुर कूरेभार में बुधवार को यूरिया खाद की 550 बोरियों के आगमन की सूचना मिलते ही किसानों में खाद मिलने की उम्मीद जगी। इसी उम्मीद में गुरुवार की अलसुबह से ही महिला व पुरुष किसान लाइन में लग गए। सुबह सात बजे तक समिति के बाहर करीब 400 किसानों की लंबी कतार लग चुकी थी। गाँव-गाँव से आए किसानों ने बताया कि कई दिनों से उन्हें खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा था। स्टॉक आने की जानकारी मिलते ही वे रात से ही केंद्र पर डटे रहे, ताकि समय पर खाद मिल सके। किसानों का कहना है कि हर सीजन में खाद की किल्लत से जूझना पड़ता है, जिससे उनकी मेहनत और समय दोनों बर्बाद होते हैं।

**छह घंटे इंतजार के बाद भी बंद मिला केंद्र :** किसानों अनिल वर्मा, शिवमणि यादव, राम जियावन, मोहम्मद रशीद, मंजीत कुमार, जग नारायण, उदय राज, हौसला प्रसाद आदि ने बताया कि वे सुबह से ही लाइन में लगे थे, लेकिन दोपहर तक केंद्र पर ताला लटका रहा और सचिव प्रणव दूबे नदारद रहे। करीब छह घंटे तक कतार में खड़े रहने के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल सका, जिससे वे मायूस होकर लौटने लगे।

**भूख से किसान हुआ बेहोश, फिर मचा हंगामा :** इसी दौरान बेला सैदखानपुर निवासी किसान मेही लाल भूख-प्यास से व्याकुल होकर लाइन में खड़े-खड़े बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों व पुलिसकर्मियों ने पानी पिलाकर उसे होश में लाया। घटना के बाद किसानों में आक्रोश फैल गया और मौके पर हंगामा शुरू हो गया।

### एसडीएम के हस्तक्षेप पर शुरू हुआ वितरण

**कूरेभार।** स्थिति को बिगड़ते देख ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार पिंटू ने एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी से फोन पर संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी दी। एसडीएम के निर्देश पर कूरेभार के एसआई राजेश कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दोपहर करीब 12 बजे सचिव प्रणव दूबे केंद्र पहुंचे, जिसके बाद भारी पुलिस निगरानी में खाद का वितरण शुरू किया गया। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि हर सीजन पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और वितरण को व्यवस्थित किया जाए, ताकि उन्हें इस तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े।

## ड्रेन की सफाई न होने से सैकड़ों एकड़ धान की फसल डूबी

**महराजगंज/रायबरेली।** जिम्मेदारों ने हंसवा ड्रेन की साफ-सफाई नहीं कराई, जिससे बारिश में ड्रेन से भरपूर पानी ना निकल पाने से हंसवा ताल के किसानों की सैकड़ो एकड़ धान की फसल पानी में डूब कर सड़ गई हैं। ठाकुर पुर, बरीबरा, मोतीगंज, पूरे अहलादी, मऊ, दशवंतपुर, कटरा आदि के किसानों ने बताया कि, हंसवा स्थित उनके धान के खेत जलमग्न हो गए हैं, लंबे समय तक जल निकासी न होने से लगभग 100 एकड़ से अधिक धान फसल सड़ गई। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते किसानों को फसल नुकसान के रूप में खामियाजा भुगतना पड़ा। यह हाल महराजगंज तहसील मुख्यालय से करीब 9 किलोमीटर की दूरी का है।

आपको बता दें कि, मामला महराजगंज तहसील के ग्रामीणांचल क्षेत्र का है। जहां जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते हंसवा ड्रेन (नाला) की सफाई व्यवस्था कितनी बेहतर है। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। जल भराव की समस्या को दूर करने के लिएं मऊ गांव के हंसवा ताल से ड्रेन निकली हुई है। ड्रेन के टेल के एक बड़े भूभाग में खेती की जाती है। इस बार समय पर बारिश न होने पर किसानों ने निजी संसाधनों ने धान फसल की रोपाई की थी, लेकिन बीते दिनों लगातार हुई झमाझम बारिश से जल जमाव हो गया। वहीं हंसवा ड्रेन की सफाई न होने की वजह से खेत पानी से लबालब भर गए। एक सप्ताह से ज्यादा जल जमाव होने से किसानों के धान की फसलें सड़ गई है। इससे किसानों की मेहनत मजदूरी पानी में डूब गई। ठाकुर पुर, बरीबरा, मोतीगंज, पूरे अहलादी, मऊ, दशवंतपुर, कटरा आदि गांवों के किसानों रामप्रकाश, जगजीवन, ब्रजेश कुमार, राजकुमार, राजू, रामबहादुर, राजेश कुमार, सुनील, छोटेलाल, साहबदीन, रामधनी, रविकुमार, रामेश्वर आदि के खेत हैं। इन गांव के किसानों की लगभग 100 एकड़ से अधिक धान फसल जलमग्न हो गई है। किसानों ने धान फसल की क्षतिपूर्ति दिए जाने की मांग प्रशासन से करी है। ठाकुरपुर के रहने वाले किसान रामप्रकाश का कहना है कि, हंसवा में बाढ़ आना कोई नई बात नहीं है। ड्रेन की सफाई न होने से हर साल हजारों एकड धान की फसल पानी की चपेट में आकर सड़ जाती है। इस बार भी हमारे गांव के किसानों की लगभग 150 बीघा धान की खेती डूब गई है। गांव के ही जगजीवन, ब्रजेश कुमार का कहना है कि, इस ड्रेन की वजह से दोनों लोगों की करीब 10 बीघा फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है।

## चाचा ने भतीजे और भाभी को उतारा मौत के घाट



**मुसाफिरखाना, अमेठी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रुदौली गांव में दिन दहाड़े हुए दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई। घटना के पीछे रंजिश बताई जा रही है। जहां रंजिश के चलते चाचा ने रिश्तों को शर्मसार करते हुए अपने भतीजे व उसकी मां को धारदार हथियार से काटकर निर्मम हत्या कर दी। सूचना के बाद एस पी सहित पुलिस के आलाधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को दोपहर करीब में कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रुदौली गांव में पहले से चल रही जमीनी विवाद के कारण रंजिश के चलते धान के खेत में दवाई छिड़कने को लेकर उत्पन हुए विवाद में धान की निराई करने गई रामा देवी पत्नी उदय राज व उनके पुत्र आकाश पुत्र उदय राज के ऊपर देवर ने परिजनों के साथ कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें आनन फानन में स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने रामा देवी पत्नी उदय राज उम्र 45 वर्ष व उनके पुत्र आकाश पुत्र उदय राज उम्र 19 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सीओ अतुल सिंह मय कोतवाली पुलिस के साथ घटना स्थल पहुंचे। सूचना पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने मौके पर पहुंच कर घटना के संबंध में जानकारी हासिल करते हुए घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तार के संबंध में पुलिस की टीमें गठित कर शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। घटना के संबंध में प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के मुताबिक सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बीएसए के आदेश पर टिप्पणी, थमाया नोटिस बीईओ दिलीप कुमार जांच अधिकारी नामित

**सुलतानपुर (वीओएल)।** बीएसए उपेन्द्र गुप्ता के आदेश पर अनावश्यक टिप्पणी और निर्णय की सोशल मीडिया पर आलोचना करना शिक्षकों को पड़ा भारी। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राम आशीष, मीडिया प्रभारी चंद्रपाल राजभर, श्रीपाल यादव, सोहन कुमार, निमरदास और घनश्याम प्रकाश ने अन्य वायरल वीडियो पर बीएसए के आदेश पर टिप्पणी की। मामला निलंबित अध्यापक ओम प्रकाश से जुड़ा हैं। हिंदू देवी देवताओं पर आपत्तिजनक भाषा और अमर्यादित टिप्पणी के चलते पहले ही निलंबित हैं। किसी अन्य वीडियो का हवाला दे कर बीएसए उपेन्द्र गुप्ता के आदेश और निर्णय पर प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षकों ने अपमानजनक टिप्पणी की। मामले का संज्ञान लेते हुए बीएसए उपेन्द्र गुप्ता ने नगर शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार को जांच अधिकारी नामित कर दिया हैं। पूर्व में भी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री राम आशीष को बीएसए ने कार्यालय में अनावश्यक बैठने और उच्चाधिकारियों के आदेश न मानने के चलते कार्यवाही की चेतावनी दी है।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** बल्दीराय ससुराल पक्ष के शादी से इनकार करने के बाद गैर जनपद से बल्दीराय थाना क्षेत्र के सरैयामाफी वलीपुर गांव आए युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां से चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित करते हुए शव मर्चरी में रखवा दिया। जानकारी के अनुसार अयोध्या जिले के सागर पट्टी हरिंग्टननगंज अयोध्या निवासी जगराम अग्रहरि (28) पुत्र शीतला प्रसाद अग्रहरि की बल्दीराय थाना क्षेत्र सरैयामाफी गांव निवासी युवती के साथ शादी तय हुई थी। जिसका विवाह 10 दिसंबर को था। ससुराल पक्ष के शादी से करने पर बुधवार को युवक जगराम सरैया माफी गांव पहुंचा। युवती के परिजनों के शादी करने से इन्कार करने पर विषाक्त पदार्थ खा कर बड़े भाई राघवराम को सूचना दी।

## त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न



- डीएम और एसपी कुंवर अनुपम सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में हुआ विचार-विमर्श

**सुलतानपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी कुमार हर्ष एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी त्योहारों -गणेश पूजा महोत्सव (कलश/मूर्ति स्थापना व विसर्जन), बारावफात, अनंत चतुर्दशी एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिगत जनपद में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना रहा। बैठक में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, नगर पालिका एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, साथ ही जनपद के गणमान्य एवं संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने साफ-सफाई, मूर्ति विसर्जन स्थलों की व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और यातायात नियंत्रण आदि के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए फोर्स की तैनाती और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही। बैठक में सभी नागरिकों से आपसी भाईचारे और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई, ताकि सभी पर्व-त्योहार बिना किसी अवरोध के हर्षोल्लास से सम्पन्न हो सकें।

### भगवान परशुराम एकता की बैठक आयोजित

**सुलतानपुर।** कारिया बझना गांव में अखिल भारतीय भगवान परशुराम एकता समिति के तत्वावधान में एक भव्य मीटिंग एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार तिवारी ने की, जबकि संचालन प्रदेश मंत्री ऋषभदेव शुक्ला ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री नरेंद्र कुमार द्विवेदी ने ऐतिहासिक तथ्य साझा करते हुए बताया कि पूर्व में इस क्षेत्र का नाम कुश भावनपुर था, जिसे मुगल शासन काल में बदलकर सुल्तानपुर कर दिया गया। इसी ऐतिहासिक नाम की पुनर्प्राप्ति और सांस्कृतिक जागरूकता के उद्देश्य से 10 सितंबर को अयोध्या से सुल्तानपुर तक पदयात्रा आयोजित की जा रही है।

## रोजगार महाकुंभ में 50 हजार युवाओं को मिलेंगी नौकरियां

**अमेठी।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में 26, 27 एवं 28 अगस्त 2025 को रोजगार महाकुंभ, केंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार महाकुंभ में 50 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसमें देश-विदेश की कंपनियां प्रतिभागी अभ्यार्थियों को चयनित करने हेतु आएंगी। इन विभिन्न कंपनियों द्वारा इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक बीटेक, पैरामेडिकल कोर्सेस आदि में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन उनके बायोडाटा व साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। साथ ही इसमें श्रमिक वर्ग, कुशल कामगार, अकुशल कामगार भी प्रतिभाग कर सकते हैं। इस रोजगार महाकुंभ में संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जापान और जर्मनी जैसे देशों में रोजगार के पंद्रह हजार से अधिक अवसर मिलेंगे। वहीं आइटी, विनिर्माण, सेवा और उभरते उद्योगों में 35 हजार से अधिक घरेलू नौकरियां दी जाएंगी। नियोक्ता, उद्योग जगत के नेता और नौकरी चाहने वाले एक मंच पर आएंगे। ए.आइ प्रशिक्षण मंडप और रोजगार एवं कौशल प्रदर्शनी रोजगार महाकुंभ के मुख्य आकर्षण होंगे। यहां डिजिटल स्किल्स और ए.आइ आधारित नौकरी को तैयारी पर फोकस रहेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा स्टाल पर स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी मिलेगी और राज्य के स्टार्टअप अपने नवाचार प्रस्तुत करेंगे। इच्छुक जॉब सीकर उत्तर प्रदेश सेवायोजन विभाग के पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.inपर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं व अपना जॉब सीकर के रूप में पंजीयन कर उक्त रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु आवेदन कर सकते हैं। इस कार्य उन्हें हेतु कोई मार्गव्यय देय नहीं होगा।

## हजारों कांवरियों का जत्था हुआ रवाना



**तिलोई, अमेठी।** क्षेत्र के हजारों कांवरियों का जत्था गाजे बाजे के साथ धूमधाम से जलाभिषेक लिए बाबा धाम रवाना हुए क्षेत्र के विधायक वा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने अंगवस्त्र प्रदान किया खेखरूआ अहोरवा भवानी फतेतपुर उस रहा शिवरतनगंज इन्हौना समेत दर्जनों गांवों के हजारों कांवरियों का जत्था जलभिषेक के लिए बाबा धाम के लिए रवाना हुआ अहोरवा भवानी चौराहा पर राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण की अगुवाई में कांवरियों का समूह निकाला मां फाउंडेशन के अध्यक्ष ज़िला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बंटी सिंह द्वारा प्रदत्त अंगवस्त्र राज्य मंत्री ने कांवरियों को ? प्रदान किया वहां के लोगों ने स्टाल लगाकर कांवरियों को जलपान की भी व्यस्था की समाजसेवी सीरीष गुप्ता ने कांवरियों के इन्हौना में भोजन की भी व्यवस्था की इसके पश्चात जत्था अकबर गंज स्टेशन पर से बाबा धाम के लिए रवाना हुआ हजारों भोले भक्त झारखंड प्रांत सुल्तानगंज से करीब एक सौ दस किलोमीटर की पैदल यात्रा पर कजरतीज के पावन अवसर पर बाबा बैद्यनाथ धाम का जलभिषेक करेंगे वहीं इस मौके पर कुंवर अवनेद प्रताप सिंह मृगांके शरण सिंह ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह आशीष मिश्रा वीरेन्द्र तिवारी हेमेंद्र प्रताप सिंह धर्मेश मिश्रा ज़िला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बंटी सिंही अनिल पांडे देवी शरण बाजपेई दीपू मिश्रा नवीन श्रीवास्तव विनय शुक्ला नर्सिंग बहादुर सिंह लल्लन सिंह मिंटू सिंह सज्जन अवस्थी धीरेन्द्र मिश्रा रिक्की तिवारी अशोक यादव अखिलेश सिंह सुजीत पांडे धुन्नी बाजपेई राहुल पाठक संदीप पाल आदि तमाम लोग मौजूद थे

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में लीगल सर्विस क्लीनिक स्थापित

**रायबरेली।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशानुसार नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा रक्षाकर्मी, भूतपूर्व सैनिक व उनके परिवारों को निःशुल्क विधिक सेवा हेतु जनपद रायबरेली में स्थित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, रायबरेली में लीगल सर्विस क्लीनिक की स्थापना की गयी। उक्त लीगल सर्विस क्लीनिक का उद्घाटन माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली श्री अमित पाल सिंह के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर उपस्थित भूतपूर्व सैनिक को मा0 जनपद न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि स्थापित लीगल सर्विस क्लीनिक के माध्यम से रक्षाकर्मी, भूतपूर्व सैनिक व उनके परिवारों को निःशुल्क विधिक सेवायें प्राप्त हो सकेगी।



नालसा वीर परिवार सहायता योजना देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों की मदद के लिए है। कानूनी बिरादरी उनके दूर-दराज के घरों में भी उनके अधिकारों और कल्याण की रक्षा के लिए सजग रहेगी। उक्त अवसर पर अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य के द्वारा बताया गया कि इस योजना के लागू होने के बाद हमारे सैनिक बिना किसी घरेलू दबाव और खींचतान के देश की रक्षा कर सकेंगे। यह योजना न केवल सैनिकों के लिए है, बल्कि हमारे अर्धसैनिक बलों के लिए भी है जो दूर-दराज के स्थानों पर तैनात हैं। यह योजना उन सैनिकों के लिए एक बड़ा वरदान साबित होगी जो अपने घर, माता-पिता, जीवनसाथी और बच्चों को छोड़कर धूप से सराबोर समुद्र तटों से लेकर बर्फ से ढके ग्लेशियरों, सूखे रेगिस्तानों से लेकर समुद्र की गहराइयों तक, विशाल शहरों से लेकर बीहड़ जंगलों तक, सबसे विषम परिस्थितियों में देश की रक्षा के लिए तैनात रहते हैं तथा अपने परिवार की देख-रेख नहीं कर पाते है व न्यायालयों में समय से उपस्थित नहीं रह पाते है। उनके परिवारों की अनेकों विधिक समस्याएं रहती है, जिसके लिए लीगल सर्विस क्लीनिक की स्थापना कर पराविधिक स्वयं सेवकगण एवं पैनल लायर्स को विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु नियुक्त किया जाना नितान्त आवश्यक है। उक्त अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, रायबरेली के अधिकारी कैप्टन अतुल्य दयाल के द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये उनके द्वारा कहा गया कि दूरस्थ सीमाओं पर तैनात सैनिकों को एक अलग ही असुविधा का सामना करना पड़ता है क्योंकि वे न तो अपनी कानूनी चिंताओं को दूर करने के लिए अपनी ड्यूटी छोड़ सकते हैं और न ही उसे प्रभावी ढंग से पूरा कर सकते हैं। उक्त लीगल सर्विस क्लीनिक के माध्यम से वह अपनी विधिक समस्याओं का निपटारा सहज तरीके से कर सकेंगें। उक्त उद्घाटन कार्यक्रम में चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल राजकुमार सिंह, मध्यस्थ अधिवक्ता रामकुमार सिंह, पूर्व सैनिक आनरेरी कैप्टन राम बक्श सिंह, सुबेदार एस0के0 बाजपेयी, सुबेदार दुष्यंत तिवारी, सुबेदार तेज बहादुर, सुबेदार अंजनी कुमार, हवलदार सिद्धराज, हवलदार अमर सिंह, नायक जय सिंह, नायक नरेन्द्र सिंह, कारपोल सी0बी0 शुक्ला, कनिष्ठ सहायक विजय शंकर त्रिपाठी व स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

## भदिला ग्राम पंचायत की प्रधान को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, ग्रामीणों में खुशी की लहर

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** भदिला खानीपुर की प्रधान श्रीमती निशा देवी को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ से बड़ी राहत मिली है। माननीय न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की अदालत ने 30 जुलाई 2025 को उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसके तहत प्रधान के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे। वर्ष 2022 में शौचालय निर्माण में घटिया ईंटों के प्रयोग को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बाद तकनीकी जांच कराई गई, लेकिन बिना किसी प्रयोगशाला परीक्षण के ही रिपोर्ट तैयार कर दी गई। इसी आधार पर प्रधान के अधिकारों को निलंबित कर दिया गया था। प्रधान निशा देवी ने हाईकोर्ट की शरण ली, जहां न्यायालय ने मामले की गंभीरता और जांच की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए निलंबन आदेश पर रोक लगा दी। यह फैसला न केवल प्रधान के लिए, बल्कि पूरे ग्रामवासियों के लिए राहत भरा रहा।

## केएनआई में पुस्तकालय व सूचना विज्ञान विषय शुरू

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान विभाग में गुरूवार को पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विषय की कक्षाओं का विधिवत शुभारंभ हुआ। यह अवसर छात्र-छात्राओं के लिए नई संभावनाओं और रोजगारपरक शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम में संस्थान के उप-प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह ने छात्रों को संस्थान के नियमों से अवगत कराया तथा पुस्तकालय विज्ञान विषय की प्रासंगिकता और आधुनिक युग में इसकी बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह विषय न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि डिजिटल सूचना युग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रबंधक विनोद सिंह एवं प्राचार्य प्रो. (डॉ.) आलोक कुमार सिंह द्वारा भेजी गई शुभकामनाओं को साझा करते हुए डॉ. सिंह ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।

## किक्रेट जूनियर वर्ग जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**रायबरेली।** खेल निदेशालय उ०प्र० लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय रायबरेली के द्वारा किक्रेट जूनियर वर्ग जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 07 टीम 119 खिलाडियों प्रतिभाग किया। मोतीलाल नेहरू स्टेडियम ए रायबरेली। मोतीलाल नेहरू स्टेडियम बी० रायबरेली। श्री शारदा स्पोर्टस क्रिकेट एकेडमी रायबरेली। जयपुरिया पब्लिक स्कूल रायबरेली। नदीम सिददीकी क्रिकेट एकेडमी रायबरेली। सेन्ट पीर्टस स्कूल एवं कालेज रायबरेली। शनि स्पोर्टस रायबरेली। यूथ क्रिकेट एकेडमी रायबरेली टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया। पहला मैच मोतीलाल नेहरू स्टेडियम ए रायबरेली बनाम मोतीलाल नेहरू स्टेडियम बी रायबरेली के मध्य खेला गया जिसमें कि मोतीलाल नेहरू स्टेडियम ए रायबरेली 75 रनो से विजयी रही। इसी प्रकार श्री शारदा स्पोर्टस किकेट एकेडमी रायबरेली बनाम सेन्ट पीर्टस स्कूल एवं कालेज रायबरेली के मध्य खेला गया जिसमें श्री शारदा स्पोर्टस किकेट एकेडमी रायबरेली 63 रन से विजयी रही है। तीसरे मैच में बारिस होने के कारण मैच रद कर दिया गया। प्रतियोगिता के मैच का उदघाटन अनुभव कक्कड पूर्व जिला महामंत्री भाजपा रायबरेली के द्वारा किया गया। क्रीडाधिकारी रायबरेली ने प्रतियोगिता में आये हुऐ समस्त खिलाडियों एवं आगन्तुको दर्शकों का आभार प्रकट किया। निर्णायक सुश्री निहारिका यादव, अनामिका शुक्ला, इसिता पटेल, इसिका सिंह, शिवांशु यादव, सुभ प्रताप सिंह, अश्वनी चन्द्रा, अध्ययन सिंह, नमुददीन सिददीकी आदि निर्णायको द्वारा प्रतियोगिता करायी गयी। प्रतियोगिता के दौरान अत्याधिक गणमान्य लोग उपस्थित होकर मैच का आन्दद लिया।

# राना बेनी माधव की जयंती पर डिबेट प्रतियोगिता आयोजित

**रायबरेली।** अमर सेनानी राना बेनी माधव बख्श सिंह की 221वीं जयंती के उपलक्ष में डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीतापुर एमएलसी पवन सिंह ने किया प्रतियोगिता में 20 विद्यालयों के 40 बच्चों में प्रतिभा किया। इस अवसर पर मुख्य एट इति विधान परिषद सदस्य पवन सिंह ने कहा कि हकीकत में लगातार कार्य करना कठिन होता है भावना बड़ी बात है समाज को देने का भाव होना चाहिए विधान परिषद के डिबेट को भी एमएलसी ने बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि हम सम्मान के लिए पढ़ते हैं संस्कार हमको महान बनाते हैं। सबमिट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि का बुके देकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने उपस्थित बच्चों शिक्षकों को अभिभावकों और समिति के सदस्यों



को मोमेंटो देकर सम्मानित किया

डिबेट प्रतियोगिता में 40 बच्चों ने प्रतिभा किया। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से सेंट पीटर्स, न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल त्रिपुला, न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर सेमरी कोठी, सेंट जेम्स, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, स्वामी दयानंद विद्यालय घूराडीह, जीजीआईसी रायबरेली, पीएम श्री राजकीय विद्यालय रायबरेली, निमिषा कान्वेंट सलोन, दयावती मोदी पब्लिक स्कूल रायबरेली, बीएमपीएस लालगंज, बीएस एस पब्लिक स्कूल रायबरेली, रयान इंटरनेशनल विबग्योर पब्लिक स्कूल आदि स्कूलों के बच्चों ने जोरदार तरीके से डिबेट में अपनी बात कही। निर्णायक की भूमिका में सुभाष महर्षि, पत्रकार अशोक शर्मा, पूर्वडीजीएम बीपी सिंह रहे। शंकर सिंह डॉक्टर धनंजय सिंह डॉक्टर अभिषेक द्विवेदी महेंद्र अग्रवाल डॉक्टर आर्यन सिंह लाखन सिंह दुर्गेश चौहान सुनील भदोरिया आदि उपस्थित रहे। बीते 19 अगस्त को आयोजित तात्कालिक चित्र प्रतियोगिता में प्ले ग्रुप से केजी प्रतियोगिता में अरवी हेमकुंड पब्लिक स्कूल को प्रथम, राइजिंग चाइल्ड स्कूल की शिवि सोनकर को द्वितीय, वीणा पाणी इंटर कॉलेज की परी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। द्वितीय ग्रुप में संध्या वर्मा केंद्रीय विद्यालय को प्रथम, आर्य जायसवाल दयावती मोदी पब्लिक स्कूल को द्वितीय, तथा अथर्व वर्मा दयावती मोदी पब्लिक स्कूल को तृतीय स्थान मिला है। तृतीय ग्रुप में बीएसएस पब्लिक स्कूल की आराध्य यादव को प्रथम, केंद्रीय विद्यालय की संवि सिंह यादव कोद्वितीय, विबग्योर पब्लिक स्कूल की महिमा देवी को तृतीय स्थान मिला है। वही चैथे ग्रुप में ऑपरेशन सिंदूर चित्रण प्रतियोगिता में शताक्षी वत्स सेंट पीटर्स स्कूल को प्रथम, चिन्मया विद्यालय के आयुष कुमार को द्वितीय तथा दयावती मोदी पब्लिक स्कूल की श्रेया सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

संक्षेप

## खतरे के निशान से ऊपर पहुंची यमुना

**मथुरा।** कान्हा की नगरी में यमुना नदी खतरे के निशान को पार कर उफान पर बह रही है। नदी का जलस्तर लगातार बढ़ते हुए खतरे के निशान 165.20 मीटर को लांघकर 166.20 मीटर तक पहुंच गया है। यानी लगभग एक फीट ऊपर पानी बह रहा है। हालात को देखते हुए प्रशासन अलर्ट पर आ गया है। नदी का बढ़ा हुआ पानी ध्रुवघाट के नीचे नौनहाना घर से पहले तक हिलोरे मार रहा है। वहीं सदर बाजार की श्याम सुंदर कॉलोनी के बाहरी हिस्से में पानी घुस आया है। जयसिंहपुरा और खादर की कॉलोनियों के कई घरों तक भी पानी पहुंच गया है, जिससे लोगों में हड़ कंप मच गया है। यमुना का पानी विश्रामघाट के आरती स्थल से आगे बढ़कर सीधे यमुनाजी के मंदिर तक पहुंच गया है। बावजूद इसके, दूर-दराज से आए तीर्थयात्री यहीं पर यमुना स्नान कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। बाढ़ के खतरे को देखते हुए गोकुल बैराज से 18 गेट खोले जा चुके हैं। यमुना किनारे हालात देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ रहे हैं।

## पैसों के लिए बेटे ने ही की थी पिता की हत्या

**फिरोजाबाद।** थाना अराँव पुलिस टीम द्वारा अपने पिता की हत्या करने वाले पुत्र को गिरफ्तार कर हत्या की घटना का खुलासा किया है। दिनांक 21-8-2025 को वादिया जमुना देवी पत्नी ईश्वर दयाल निवासी ग्राम टोडरपुर बोथरी थाना अराँव फिरोजाबाद द्वारा अपने पति की हत्या के सम्बन्ध में थाना अराँव पर बनाम अज्ञात मुकदमा पजीकृत कराया था। पुलिस टीम अराँव द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए वादिया व परिजनों से पूछताछ की गयी जिसमें संदिग्धता पाये जाने पर वादिया के पुत्र डोरीलाल से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो वादिया के पुत्र डोरीलाल ने पूरा सच पुलिस के सामने रख दिया। उसने बताया कि 14-15/08/25 की रात्रि उसने ही अपने पिता ईश्वर दयाल को पैसो को लेकर प्लास्टिक की रस्सी व हाथों से गला घोट कर व लोहे की छैनी से वार कर हत्या कर दी थी। थाना पुलिस ने अभियुक्त बेटे को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल एक प्लास्टिक रस्सी व एक लोहे की छैनी व घटना कारित करते समय अभियुक्त के कपडे सफेद शर्ट फुल बाजू व नीले रंग का जिन्स को अभियुक्त डोरीलाल की निशादेही पर बरामद किया गया। पुलिस ने पिता की हत्या करने वाले बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## आगरा से एसबीआई क्लर्क दो दिन से लापता

आगरा। यह पत्र मैं काफी भारी मन से और पूरी तरह से सोच समझकर लिख रहा हूं। अब मैं और अपशब्द, गाली-गलौज नहीं सुन सकता। रोज की बेइज्जती से बहुत परेशान आ चुका हूं...। पत्र में यह लिखकर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की छीपीटोला स्थित हाउसिंग लोन शाखा के वरिष्ठ क्लर्क सुरेंद्र पाल सिंह (40) लापता हो गए हैं। दो दिन बाद भी उनका पता नहीं चला है। परिजन का आरोप है कि तीन थानों की पुलिस ने तहरीर नहीं ली। उन्होंने एक्स पर भी पोस्ट किया है। वो अब उनके साथ अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। सुरेंद्र पाल सिंह गांव सैमरी, देवरी रोड निवासी हैं। उनके छोटे भाई मनोज पाल सिंह भी गुजरात में बैंक में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि भाई का 3 महीने पहले मुख्य शाखा से स्थानांतरण लोन शाखा (आरएसीपीसी) में किया गया है। मनोज पाल ने आरोप लगाया कि बड़े भाई को बैंक के एक अधिकारी परेशान करते थे।

# डीएम और विधायक ने बांटी बाढ़ राहत सामग्री



**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने यमुना के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत तहसील महावन क्षेत्रांतर्गत ग्राम अकोस का निरीक्षण किया। ग्राम अकोस प्रमुख संपर्क मार्गों से डिस्कनेक्ट हो गया है और यमुना जी ने रास्ते का कटान कर दिया है, जिसके दृष्टिगत गांववासियों के लिए खाना, पीना, भोजन आदि की सुविधा की गई है। विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, एसडीएम महावन कंचन गुप्ता आदि ने गांव का भ्रमण किया। उन्होंने स्थिति का मौके पर जायजा लिया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने ग्रामवासियों से वार्ता की और उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने सभी से अपील की कि यमुना जी से दूर रहे। आस-पास न जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद/ सहायत हेतु प्रशासन कटिबद्ध है। सभी प्रभावित परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा। डीएम ने आम-जनमानस से वार्ता की, समस्याओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

डीएम ने गांववासियों को अवगत कराया कि ओवरब्रिज का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है, यमुना जी का जलस्तर कम होने एवं शासन से स्वीकृति मिलने के उपरांत कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा, जिससे एक पक्की सड़क का निर्माण हो सकेगा और आवागमन की जो समस्या उत्पन्न हो रही हैं, उससे निजात मिलेगी। जिलाधिकारी ने नौका विहार एवं ट्रैक्टर के माध्यम से आस पास के क्षेत्र का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामवासियों की हर संभव मदद की जाए। उन्होंने कहा कि अभी गांव में 200 पैकेट बाढ़ राहत सामग्री वितरण कराई जा रही है, शेष जो रह जाएगा उनको भी अगले दिन उपलब्ध करा दी जाएगी। जिलाधिकारी ने गांव वालों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली और आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन आपके साथ खड़ा है और आप लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सारी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। उन्होंने बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया। बाढ़ राहत सामग्री में 10 किलो आटा, 10 किलो चावल, 2 किलो अरहर की दाल, 2 किलो चना, 2 किलो भुना चना, 1 किलो रिफाइंड, 1 किलो सरसों का तेल, 10 बिस्कुट के पैकेट, 1 मग, 1 तिरपाल, 1 बैग, 200 ग्राम हल्दी, 100 ग्राम मिर्च, 200 ग्राम सब्जी मसाला, 1 पैकेट मोमबत्ती, 1 पैकेट माचिस, नहाने के 2 साबुन आदि सामग्री शामिल है।

## हिंदूवादियों ने जिला जेल अधीक्षक और जेलर के खिलाफ खोला मोर्चा

**आगरा।** महानगर के जिला कारागार में व्याप्त भ्रष्टाचार व बंदियों का मानसिक शारीरिक व आर्थिक शोषण व उत्पीड़न के साथ जेल नियमावली को धता बताते हुए तमाम अनियमिततायें किए जाने के सम्बंध में भारतीय हिंदू सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में हिंदूवादी नेताओं द्वारा बुधवार को जिला मुख्यालय पर डीएम आगरा की अनुपस्थिति में अपर जिला मजिस्ट्रेट संदीप यादव को एक ज्ञापन दिया। इससे पहले भी संस्था मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र दे चुकी है इस मामले में। डीएम आगरा के नाम दिए ज्ञापन में शिकायत की गई है कि आगरा के जिला कारागार में भ्रष्टाचार, बंदियों के मानसिक, शारीरिक व आर्थिक शोषण और जेल मैनुअल को धताबता कर मनमानी करते हुए तमाम अनियमिततायें की जा रही है। मनोज अग्रवाल ने शिकायती पत्र में लिखा है कि जिला कारागार में वर्तमान में जेल अधीक्षक हरिओम शर्मा एवं जेलर विजय कुमार गौतम सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की बदौलत भ्रष्टाचार की जड़ें बरगद का पेड़ बन गई है। जेल में आने वाले नए बंदियों का किस प्रकार आर्थिक मानसिक और शारीरिक शोषण किया जा रहा है इसकी जानकारी जमानत पर बाहर आए एक भुक्तभोगी ने बताई जो रोंगटे खड़े करने वाली है। किसी मामले में बंदी का जेल में प्रवेश होते ही मशक्कत सहित अन्य कई मामलों को लेकर आर्थिक उत्पीड़न शुरू हो जाता है। यह अवैध कार्य बैरिट, गुमटी और कैंटीन के रायटर, पीलिया के साहब सिपाही आदि कर्मचारियों द्वारा अलग-अलग स्तर पर किया जाता है। मशक्कत कटवाने से शुरुआत होती है। बंदी की हैसियत का अंदाजा लगाकर मशक्कत कटवाने की फीस 6000 से लेकर कई लाख रुपए तक पहुंच जाती है। इस वसूली के बाद ही बंदी की मशक्कत काटी जाती है। जब तक मशक्कत नहीं कटती बंदीयों के साथ हद दर्जे का अत्याचार किया जाता है, जिसमें मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न भी शामिल होता है। मनोज अग्रवाल ने पत्र में और भी कई बातों का बिंदुवार खुलासा किया है। प्रदेश अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने डीएम से ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि इस पत्र का अवलोकन करते हुए उक्त मामले को गंभीरता से लेंगे और आगरा के जिला कारागार में बेखौफ व्याप्त गलत व विभागीय नियम के विपरीत हो रही गलत गतिविधियों, भ्रष्टाचार और बंदियों के शोषण आदि अवैध कार्यों एवं जेल मैनुअल को धता बताने किसी निष्पक्ष एजेंसी अथवा शासन स्तर की कमेटी से इसके लिए दोषी विभागीय अफसरों, कर्मचारियों और उनके गुर्गों (पीलीया कैदी) को भी चिह्नित किया जा सकेगा।

## एफएच मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के छात्र ने एबीबीएस में पाया गोल्ड मेडल




**टूंडला।** यदि मन में कुछ कर गुजरने की इच्छा हो तो असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। ऐसा ही कुछ करके दिखाया है एफ एच मेडिकल कालेज एंड हॉस्पीटल, एत्मादपुर, आगरा के एमबीबीएस छात्र रहे स्कन्द संध्या मोदी ने एमबीबीएस में गोल्ड मैडल हासिल कर अपने परिवार सहित कालेज व डा.बी आर आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा का मान बढ़ाया है। बुधवार को आगरा के खंदारी कैंपस स्थित शिवाजी मण्डपम् में आयोजित कार्यक्रम में छात्र को राज्यपाल ने गोल्ड मैडल देकर सम्मानित किया। आगरा रोड स्थित स्टेट बैंक कालोनी पूर्व निवासी लेबर कालोनी में रहने वाले स्कन्द संध्या मोदी ने एफ एच मेडिकल कालेज एंड हॉस्पीटल से एमबीबीएस की डिग्री इसी वर्ष हासिल की। छात्र का चयन डा. बीआर आंबेडकर विश्व विद्यालय आगरा की ओर से गोल्ड मैडल के लिए हुआ। बुधवार को आगरा के खंदारी परिसर, शिवाजी मण्डपम्में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने गोल्ड मैडल देकर छात्र को सम्मानित किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रागिनी तिवारी, डा.के जी सुरेश, इंडियन हेबीटैट, नई दिल्ली के डायरेक्टर, विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर प्रोफेसर आशुरानी आदि मौजूद रहे। सम्मान पाने वाले छात्र के पिता डा.जी एस मोदी अलीगढ़ जनपद के गौंडा स्थित राजकीय डिग्री कालेज में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। तो वहीं मां डा.संध्या अग्रवाल बेसिक शिक्षा विभाग हाथरस में शिक्षिका के पद पर तैनात है। पुत्र की कामयाबी से परिवार में खुशी का माहौल है। बातचीत के दौरान छात्र ने बताया कि यदि किसी कार्य को पूरी लगन व मेहनत के साथ किया जाए तो इस जहाँ में ऐसा कोई कार्य नहीं जो कि असंभव हो। कम अंक लाने वाले छात्र भी एमबीबीएस सहित देश के उच्च संस्थानों में लगन व मेहनत के साथ पढ़ाई करके अपने भविष्य को संवार सकते है। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के अलावा अपने कालेज के चैयरमैन डॉक्टर जावेद अनवर वारसी, डायरेक्टर डॉक्टर जितेन्द्र सिंह चौहान, प्रोफेसर पंचशील शर्मा प्रोफेसर मोहम्मद जावेद, प्रोफेसर ए के शर्मा के अलावा अपने सीनियर छात्र सर्वश्री सत्यम, तौसीफ आलमऔर विपिन को दिया है।

## 11 हजार का लालच देकर बारी-बारी से दो युवकों ने आबरू लूटी

**आगरा।** पॉश मार्केट संजय प्लेस के बेसमेंट में किशोरी से दरिंदगी की गई। 11 हजार रुपये का लालच देकर बारी-बारी से दो युवकों ने आबरू लूटी। इसके बाद वीडियो बना लिया, जो वायरल कर दिया। आगरा के संजय प्लेस में जिस किशोरी से दुष्कर्म की घटना हुई, उसे पुलिस ने खोज निकाला। वह बयान देने के लिए तैयार है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया है। पुलिस की पूछताछ में उसने यही बताया कि पिता की मौत हो चुकी है। वह संजय प्लेस काम से आई थी। तभी दोनों युवक मिले। उसे रुपयों का लालच देकर साथ ले गए। गलत काम किया। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि दो दिन पहले एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें किशोरी के साथ दुष्कर्म की बात सामने आई थी। उसमें दो युवक नजर आ रहे थे। इस पर पुलिस की ओर से दो युवकों जुनैद और आसिफ के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पीड़ित किशोरी हरीपर्वत क्षेत्र की रहने वाली निकली। उसने अपनी उम्र 17 साल बताई है। खुद को एससी वर्ग से बताया। विवेचक सभी प्रमाणपत्र लेने के बाद केस में एससी-एसटी एक्ट की वृद्धि करेंगे। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह शनिवार को संजय प्लेस आई थी। तभी दोनों युवक मिले। उसे रुपयों का लालच देकर अपने साथ ले गए। जन्माष्टमी होने की वजह से मार्केट बंद था। वह बेसमेंट में ले गए। उसके साथ दुष्कर्म किया। वह घर चली गई। डरी हुई थी। इस वजह से सामने नहीं आई। उधर, पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि वीडियो आसिफ ने बनाया था। वह जुनैद से रुपये लेना चाहता था। 11 हजार ले लिए थे। इसके बावजूद रकम मांग रहा था। न देने पर वीडियो वायरल किया। दोनों आरोपियों की पुलिस तलाश में जुटी है। पुलिस घटना के बाद से ही पीड़ित किशोरी की तलाश में लगी थी। वह पुलिस के पास नहीं आई थी। इस पर सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। स्मार्ट सिटी के कैमरों की मदद ली गई। तब पीड़िता का पता चला। अब वो आरोपियों को सजा दिलाना चाहती है।

## बाइक रैली निकाल की वृन्दावन रेल लाइन बहाली की मांग



- सैंकड़ों लोगों ने सांसद हेमामालिनी सहित जनप्रतिनिधियों को कोसा

**मथुरा।** वृन्दावन तीर्थनगरी की सौ वर्ष से अधिक पुरानी रेलवे लाइन के पुनर्स्थापन की मांग को लेकर वृन्दावन रेल बचाओ मोर्चा के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने बुधवार शाम को बाइक रैली निकाली। नगर भर में निकाली गई इस रैली में सांसद सहित जनप्रतिनिधियों के खिलाफ लोगों का गुस्सा जमकर फूटा।

तीर्थनगरी वृन्दावन की ऐतिहासिक रेलवे लाइन को उजाड़ने के आरोप में वृन्दावन रेल बचाओ मोर्चा ने रैली निकालकर जनप्रतिनिधियों से लेकर शासन-सत्ता तक के प्रति विरोध के स्वर एक बार फिर मुखर किए। बुधवार शाम को रंगनाथ मंदिर के निकट स्थित रंग लक्ष्मी महाविद्यालय से शुरू हुई बाइक रैली नगर भ्रमण करने के बाद पुनः महाविद्यालय पर समाप्त हुई। समाजसेवी राघव भारद्वाज ने कहा कि धर्मनगरी के लिए बिछाई गई यह एकमात्र ऐसी रेल लाइन है, जिसके सृजन का उद्देश्य भी व्यावसायिक नहीं आध्यात्मिक था। व्यापारी नेता धनेंद्र अग्रवाल बॉबी ने कहा कि रेल ब्रजवासियों की आस्था और सुविधा का पर्याय है। जनप्रतिनिधियों द्वारा ब्रजवासियों की भावनाओं को आहत करते हुए इसे नेस्तनाबूद कर दिया गया। इस दौरान सांसद हेमामालिनी के खिलाफ तीखी नारेबाजी की गई तथा रेल लाइन की सुविधा बहाल ने होने पर भविष्य में आंदोलन और उग्र करने की चेतावनी दी। इस अवसर पर महंत मधुमंगल शरण दास शुक्ल, रामनारायण ब्रजवासी, पं. श्यामसुंदर गौतम, आनंद अग्रवाल, मनोज गौतम, कुंजबिहारी पाठक, अतुल श्रीवास्तव, अमित शर्मा, गोविन्द नारायण ब्रजवासी, सिद्धार्थ शुक्ला, ब्रज गोपाल गुप्ता आदि शामिल रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने नगला खरगा के दूध विक्रेता को किया प्रतिबंधित

**फिरोजाबाद।** पिछले दिनों 30 जुलाई 2025 को खाद्य सुरक्षा टीम ने सहायक आयुक्त खाद्य चन्दन पाण्डेय के नेतृत्व में टूंडला के गांव नगला खरगा में छापा मारकर अजय विजय नाम के दो भाइयों को नकली दूध बनाते हुए पकड़ा था, दूध की त्वरित जॉच भी कराई गयी, जिसमें डिटर्जेन्ट व कई अन्य जहरीले पदार्थ भी पाये गये। इस दौरान नकली दूध बनाने के अपराध की पुष्टिहोने के बाद भी अजय विजय दोनों फरार हैं, जिनकी अभी तक गिरफतारी नहीं हो सकी है, इनकी अनुपास्थिति में दूध संग्रह का कार्य छोटेलाल नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने सभी जॉच रिपोर्ट के आधार पर अजय विजय के लाइसेंस को प्रतिबंधित कर दिया है, यद्यपि उनको अपना पक्ष रखने के लिये 15 दिन का समय भी दिया गया है, जो कि कानून की प्रक्रिया में शामिल है। किन्तु दूध की जॉच रिपोर्ट यह बता रही है कि अजय विजय की राह लाइसेंस के सन्दर्भ में आसान नहीं होगी, और भविष्य में उनके दूध का कारोबार प्रतिबन्धित ही रहेगा। खाद्य सहायक आयुक्त चन्दन पाण्डेय ने बताया कि विभाग दूध के साथ साथ पनीर की गुणवत्ता बनाये रखने के लिये रणनीति बना चुका है तथा मिलावट खोरों के विरुद्ध लगातार सूचनाए एंव ऑकडे एकत्रित किये जा रहे हैं, यथाशीघ्र ऐसे अपराधियों से जनपद को निजात मिलेगी।

## सीडीओ ने की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा



**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई, खास कर उन विभागों की जिनकी प्रगति मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर खराब थी, मुख्य विकास अधिकारी ने सर्वप्रथम इस महत्वपूर्ण बैठक में अनुपस्थित रहने वाले सभी अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए, मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन विभागों की प्रगति मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर खराब है, वह सभी शासन द्वारा चल रहीं योजनाओं की समीक्षा कर उसमें प्रगति लाऐं, मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों और अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया की, फैमिली आईडी बनाने में सभी गति लाऐं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, सभी अपने द्वारा निर्धारित लक्ष्य को अवश्य पूरा कर लें। बैठक के दौरान उन्होने मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड बनाने में तीव्रता लाऐं और सुनिश्चित करें कि 70 प्लस के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड अवश्य रूप से बनाए जाएं, सभी खंड विकास अधिकारी सुनिश्चित कर लें, कि आवारा गोवंशों को गौशालयों में संरक्षित करें, कोई भी गोवंश सड़कों पर घूमता हुआ मिला तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

## बरसात से जलमग्न हुई फसल और किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने किसानों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। लगातार हो रही बरसात और जलभराव के कारण तहसील क्षेत्र के अधिकांश गांवों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। कई किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। इससे वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। भाकियू का कहना है कि जलभराव की मुख्य वजह सिंचाई विभाग की लापरवाही है। ड्रेनों और नालों की सफाई सिर्फ कागजों में दिखाई गई है। पिछले साल भी कुंजेरा ड्रेन और राधाकुंड नाले की सफाई नहीं की गई। इसलिए बरसात में खेत जलमग्न हो जाते हैं। राधाकुंड क्षेत्र में जलभराव की समस्या एक साल से लंबित है। राधाकुंड बाईपास में न तो पुलिया बनाई गई है और न ही अवैध अतिक्रमण हटाए गए हैं। भूमाफियाओं ने श्यामकुंड क्षेत्र की बंजर भूमि पर भी कब्जा कर लिया है। यूनियन ने मांग की है कि सरकार उच्चस्तरीय जांच कराए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे। प्रभावित किसानों का नुकसान का आकलन कर उन्हें मुआवजा दिया जाए। यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे।



## उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी



**टूंडला।** भाजपाइयों ने विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर के आवास पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान व हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह की पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा नेताओं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने कहा कि पद्मविभूषण बाबूजी कल्याण सिंह द्वारा अपने जीवन काल में अनेकों अकल्पनीय कार्य किए उन्होंने अयोध्या में जन जन के आराध्य प्रभु श्री राम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण के लिए मुख्यमंत्री के अहम पद से त्याग पत्र दिया था। श्री राम मन्दिर आन्दोलन को गति देने वाले बाबूजी का जीवन गांव गरीबों, पिछड़ों की सेवा के लिए समर्पित हमें जन सेवा के लिए सदैव प्रेरणा देता रहेगा उत्तर प्रदेश में भाजपा को जन-जन तक पहुंचने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले बाबूजी ने श्री राम जन्मभूमि आंदोलन को नई दिशा दी उनके जीवन काल में प्रदेश गरीबों वंचितों पिछड़ों के कल्याण का स्वर्णिम कालखंड रहा बाबूजी के बताए मार्ग से राष्ट्रप्रथम के पथ पर युवाओं को दिशा दिखाते रहे हैं। बाबूजी अपने मूल्यों और आदर्शों पर हमेशा अडिग रहे। वे जनसाधारण से जुड़े अत्यंत लोकप्रिय नेता थे उनका व्यक्तित्व और कृतित्व आने वाली पीढियां को भी प्रेरणा देता रहेगा। इस दौरान भाजपा एससी मोर्चा बृजक्षेत्र के सह प्रभारी रामतीर्थ सिंह चक, जिला मंत्री दुष्यन्त जादौन, महेशपाल सिंह, साहब सिंह कुशवाहा, प्रधान अवधेशपाल सिंह, यशपाल सिंह, रिंकू उपाध्याय, अजीत जुरैल, सत्येंद्र सिंह, देवांशू प्रताप सिंह, विपिन कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

## 25 हजार का इनामी गौतस्कर मुठभेड़ में घायल

**मथुरा।** जैंत पुलिस व सर्विलांस टीम ने 25 हजार रुपए के इनामी गौतस्कर युनुस को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गोली लगने से आरोपी घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के पास से एक मोटरसाइकिल, एक तमंचा, दो खोखा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। सीओ सिटी आशना चैधरी ने बताया कि जैंत थाना पुलिस और सर्विलांस टीम को सूचना मिली थी कि 26 मई, 2025 को गौवंश से भरा ट्रक छोड़कर फरार हुआ 25 हजार का इनामी गौतस्कर युनुस मथुरा आया हुआ है। यह हरियाणा के पलवल जिले के उटावर गांव का रहने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने हाइवे स्थित प्रकाश ढाबे के पास दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी की टांग में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर गया। पुलिस ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। गौ रक्षक गोविंद सिंह द्वारा दर्ज कराए गए मामले के अनुसार, 26 मई की रात गौ तस्कर एक 12-टायरा ट्रक में गौवंश को भरकर मेवात ले जा रहा था। गौ रक्षकों ने जब ट्रक को रोकने की कोशिश की, तो आरोपी ट्रक छोड़कर भाग गया था। पुलिस अब इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण

**मथुरा।** मांट तहसील के नौहझील क्षेत्र में यमुना नदी की बाढ़ से करीब एक दर्जन से अधिक गांव जलमग्न हो गए हैं। ग्रामीणों की दुर्दशा देखने और उनकी समस्याओं को जानने के लिए कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचे। उन्होंने किसानों और ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें भरोसा दिलाया कि कांग्रेस उनके साथ खड़ी है और प्रशासन से उन्हें मुआवजा दिलाने की मांग की जाएगी।

## आगरा फुटवियर मैन्युफैक्चर्स एंड एक्सपोर्टर्स चैंबर की कार्यकारिणी गठित

- एफमेक के अध्यक्ष चुने गये गोपाल गुप्ता, महासचिव प्रदीप वासन, पूरन डावर को कन्वीनर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**आगरा।** आगरा फुटवियर मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स चैंबर (एफमेक) की वार्षिक आम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें गुप्ता एच.सी. ओवरसीज (इंडिया) प्रा. लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर गोपाल गुप्ता को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया, जबकि दीपक इम्पेक्स (वासन ग्रुप) के प्रदीप वासन को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। यह उल्लेखनीय है कि एफमेक की कार्यकारिणी समिति ने नियमानुसार चुनाव सम्पन्न कराने की ज़िम्मेदारी एफमेक के पूर्व अध्यक्ष कैप्टन ए.एस. राणा को सौंपी थी। समिति के सभी सदस्यों ने एकजुटता का परिचय देते हुए सर्वसम्मति से गोपाल गुप्ता को अध्यक्ष पद हेतु चयनित किया। निवर्तमान अध्यक्ष पूरन डावर को उनके अनुभव और योगदान को देखते हुए सर्वसम्मति से कन्वीनर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। वहीं, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में लाइनर शूज के गौतम मेहरा, अमर शूज एंड लेदरवियर्स के अरविंद बजाज तथा नोवा शूज के मनु अलग को चुना गया। एफमेक की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष झ गोपाल गुप्ता, गुप्ता एच.सी. ओवरसीज (इंडिया) प्रा. लि.। उपाध्यक्ष राजीव वासन, ए.टी. एक्सपोर्ट्स। उपाध्यक्ष राजेश सहगल, राइजिंग स्टेप्स। महासचिव प्रदीप वासन, दीपक इम्पेक्स (वासन ग्रुप)। सचिव अनिरुद्ध तिवारी, आर.एस.वी. वर्ल्डवाइड। कोषाध्यक्ष चंद्र मोहन सचदेवा, मैग्नम फुटवियर प्रा. लि. है। नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद नवचयनित अध्यक्ष गोपाल गुप्ता ने कहा एफमेक आगरा के फुटवियर उद्योग का ध्वजवाहक संगठन है। मुझे अध्यक्ष पद की जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। हमारी प्राथमिकता उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाना, निर्यात को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाना और टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन के साथ-साथ युवाओं को इस उद्योग से जोड़ना होगा। एफमेक का प्रयास रहेगा कि आगरा को ग्लोबल फुटवियर हब के रूप में स्थापित किया जाए। हम केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के साथ समन्वय बनाकर उद्योग को नई दिशा देंगे और सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में एफमेक रिसर्च एंड डेवलपमेंट, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों के माध्यम से भारतीय फुटवियर उद्योग की पहचान को और सशक्त बनाएगा। एग्जीक्यूटिव मेंबर्स कमेटी में ललित अरोड़ा, अजीत कलसी, कुलदीप सिंह गुजराल, सुनील मनचंदा, मनोज बजाज, गुलशन लांबा, कंवलजीत सिंह कोहली, सुशील सचदेवा, विजय निझावन, कलीम अहमद, मानसी चन्द्रा, स्टेला बुद्धिराजा, माला खेड़ा, श्रुति कौल, तान्या निज्हारा, पूजा मिस्त्री, नकुल मनचंदा, दाऊद अहमद, संभव डावर, शशांक बंसल, गौरव गुजराल, संचित मुंजाल, ईशान सचदेवा, रोहन बंदेज्जिया, राहुल वासन, दानिश बजाज, गगन छाबड़ा, चेतन गुप्ता को सामिल किया गया है। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष दलजीत सिंह, संरक्षक मनजीत सिंह अलग, कुलबीर सिंह, पूर्व अध्यक्ष कैप्टन ए. एस. राणा, नजीर अहमद सहित एफमेक के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## गाय के इलाज के नाम पर 50600 रुपये डकार गया खंदौली प्रधान

**आगरा।** कहते हैं गौ सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है, क्योंकि गौ माता में समस्त देवताओं का वास होता है। उनकी सेवा से न केवल पुण्य मिलता है, बल्कि आत्मा भी शांत होती है। गौ संरक्षण, हमारी संस्कृति और संस्कार दोनों की रक्षा करता है। लेकिन गौ रक्षको का खदौली ग्राम प्रधान पर आरोप है की ग्राम प्रधान राजू द्वारा 16 गायों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाना दिखाया गया है जिसमे 50600 रुपए ट्रांसपोर्ट भाड़े के नाम पर प्रधान ने ग्राम पंचायत के खाते से निकाल कर हड़प लिए यह गौ माता के नाम पर बहुत बड़ा गवन किया गया है जबकि ब्रजबासी गौ सेवा टीम खदौली निरंतर गायों का उपचार व मृतक गायों को भूमिगत का काम पुलिस प्रसाशन के सहयोग से लगातार किया जा रहा है। गौ सेवक रामु जुरेल ने कहा कि च्हदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, इसलिए हमें गाय माता की सेवा के लिए दिल खोलकर आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोसवा से पुण्य की प्राप्ति होती है और मानव जीवन सार्थक हो जाता है। हमें अपने घर में भी गाय को पालना चाहिए और स्वयं भोजन करने से पहले गाय माता को रोटी खिलानी चाहिए। लेकिन गांव के मुखिया ने इन बातो पर ध्यान जरा सा भी ध्यान दिया होता तो आज गौ माता के नाम पर 50600रुपए नहीं डकारे जाते। हमारी टीम बिना किसी लालच के 24 घंटे सेवा के लिए तत्पर है। लेकिन दुःख तब होता है जब बिना कोई कार्य किये गौ माता के नाम पर ऐसे लोग अपना घर चला रहे है। ये एक बहुत शर्म की बात है।

# सेंसेक्स में 143 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 143 अंक चढ़कर 82,000 अंक के स्तर को पार कर गया। आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में रौनक रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स सीमित दायरे में कारोबार के बाद 142.87 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 82,000.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 373.33 अंक तक चढ़ गया था।

सेंसेक्स के 14 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 16 में गिरावट रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 33.20 अंक यानी 0.13 प्रतिशत बढ़कर 25,083.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, इटर्नल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और अदाणी पोर्ट्स शामिल हैं। छह दिनों की तेजी में सेंसेक्स कुल 1765 अंक यानी 2.14 प्रतिशत और निफ्टी 596 अंक यानी 2.4 प्रतिशत चढ़ चुका है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि प्रस्तावित जीएसटी सुधारों और हाल ही में एसएंडपी द्वारा भारत की क्रेडिट रेटिंग बढ़ाए जाने से निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर राज्यों के मंत्रियों के समूह ने केंद्र के पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्लैब संरचना अपनाने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। जीएसटी परिषद अगले महीने इस प्रस्ताव पर अंतिम फैसला ले सकती है। वायदा अनुबंध सौदों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन बाजार में ढीला-ढाला कारोबार देखने को मिला। मिले-जुले संकेतों के बीच बाजार काफी हद तक स्थिर ही रहे। निफ्टी की शुरुआत सपाट हुई और पूरे कारोबारी सत्र में यह एक सीमित दायरे में बना रहा। निवेशकों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल के जैक्सन हॉल संबोधन से मिलने वाले संकेतों के इंतजार में सतर्क रुख अपनाया। छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ स्थिर रहा जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप में 0.12 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में स्वास्थ्य देखभाल खंड में 0.61 प्रतिशत, रियल्टी खंड में 0.46 प्रतिशत और औद्योगिक खंड में 0.25 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,098 शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 1,995 शेयरों में गिरावट रही और 155 अन्य अपरिवर्तित रहे।

# रुपये 18 पैसे टूटकर 87.25 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में सुधार से रुपया बृहस्पतिवार को शुरुआती बढ़त गंवाकर 18 पैसे की गिरावट के साथ 87.25 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि व्यापार शुल्क को लेकर तनाव कम होने और रूस व यूक्रेन के बीच युद्धविराम की उम्मीदों के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ने से रुपया सकारात्मक रुख के साथ खुला।

हालांकि, विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया जिससे बाद में स्थानीय मुद्रा में गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.04 पर मजबूती के साथ खुला। दिन में इसने फिर 86.93 प्रति डॉलर के उच्च और 87.27 प्रति डॉलर के निचले स्तर को छुआ। अंत में यह 87.25 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 18 पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.07 पर मजबूती के साथ बंद हुआ था। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में बढ़त से भारतीय रुपये ने शुरुआती बढ़त गंवा दी। हालांकि, घरेलू बाजारों में तेजी ने निचले स्तर पर रुपये को सहारा दिया। हमें उम्मीद है कि वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार एवं व्यापार शुल्क को लेकर चिंता कम होने से रुपया सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। जीएसटी सुधारों को लेकर आशावाद भी रुपये को समर्थन दे सकता है। डॉलर-रुपये का हाजिर भाव 86.90 से 87.50 के बीच रहने का अनुमान है।

## संक्षेप

### कैंपेन बिरला ओपस एश्योरेंस की घोषणा

नयी दिल्ली। बिरला ओपस पेंट्स ने आज अपने नए कैंपेन बिरला ओपस एश्योरेंस की घोषणा की है। भारतीय पेंट उद्योग में अपनी तरह का यह पहला भरोसा, बिरला ओपस पेंट्स की एडवांस प्रोडक्ट क्वालिटी और असाधारण ग्राहक संतुष्टि के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बिरला ओपस एश्योरेंस की अनोखी पेशकश को रोचक अंदाज में दिखाया गया है, जिसमें बिरला ओपस पेंट्स पेंटिंग सेवा को पूरी तरह से मुफ्त रीपेंट करने का वादा करता है। एक साल की री-पेंटिंग वारंटी को सभी मौसम परिस्थितियों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि दीवारें चारों मौसमों की कसौटी पर खरी उतरें। यह एश्योरेंस, मौजूदा उत्पाद वारंटी के अतिरिक्त एक और गारंटी है।

### केनस्टार का 5-स्टार रेटेड एयर कूलर लॉन्च

नयी दिल्ली। केनस्टार ने 5-स्टार बीईई रेटेड एनर्जी-एफिशियंट एयर कूलर की नई रेंज लॉन्च की। इस नई रेंज में 5 साल की वारंटी के साथ बेहतरीन आराम और मानसिक संतुष्टि का भरोसा दिया गया है। यह आधुनिक उत्पाद केनस्टार के द पावर ऑफ 5 अभियान को मजबूती देता है, जो ब्रांड की स्थिरता, ऊर्जा दक्षता और बेहतरीन कूलिंग के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और ग्राहकों का विश्वास बढ़ाता है। केनस्टार में इनोवेशन सिर्फ तकनीक तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य लोगों का जीवन आसान बनाना, भरोसा बढ़ाना और ग्राहकों को लंबे समय तक मूल्य देना भी है।

### एबॅट का नेक्स्ट-जेन फ्री स्टाइल लिब्रे 2 प्लस लॉन्च

बंगलुरू। एबॅट ने आज फ्रीस्टाइल लिब्रे 2 प्लस सेंसर को लॉन्च किया है। यह कंपनी के फ्रीस्टाइल लिब्रे सेंसर पोर्टफोलियो में नया प्रोडक्ट है। यह इनोवेटिव डिवाइस हर मिनट अपने आप ग्लूकोज रीडिंग्स सीधे आपके फोनपर प्रदान करता है, जिससे डायबिटीज से पीड़ित लोग पूरे आत्मविश्वास, सटीकता और आसानी से अपनी डायबिटीज को मैनेज कर सकते हैं। डायबिटीज से पीड़ित लोग अपनी ग्लूकोज रीडिंग्स को स्कैन किए बिना देख सकते हैं।

### टोयोटा अर्बन क्रूजर टाइजर ब्लूइश ब्लैक रंग में उपलब्ध

बंगलुरू। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी अर्बन क्रूजर टाइजर के लिए दो अहम अपग्रेड की घोषणा की। कंपनी ने नया ब्लूइश ब्लैक एक्सटीरियर कलर पेश किया है और सभी वैरिएंट्स में स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स शामिल किए हैं। टोयोटा हमेशा ग्राहकों को सबसे अधिक महत्व देता है और उसकी सोच बेहतर से बेहतर कारें प्रदान करने पर केंद्रित रहती है।

### जेएफएफ 4 सितंबर से दिल्ली में

मुंबई। दुनिया का सबसे बड़ा ट्रैवलिंग फिल्म फेस्टिवल कहलाने वाला जेएफएफ अपने 13वें संस्करण के साथ लौट आया है। गुड सिनेमा फॉर एव्रीवन की अपनी सोच को आगे बढ़ाते हुए यह महोत्सव 4 सितंबर को दिल्ली से शुरूआत करेगा, 14 शहरों की यात्रा करेगा और 16 नवंबर को मुंबई में भव्य समापन के साथ भारत का सबसे बड़ा और व्यापक सिनेमाई उत्सव बनेगा। अपनी शुरूआत से ही जेएफएफ कहानी कहने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और बेहतरीन सिनेमा का एक अहम मंच रहा है। इस साल फेस्टिवल कई दिग्गज हस्तियों को खास अंदाज में श्रद्धांजलि देगा, जिनमें गुरु दत्त की जन्मशताब्दी, शबाना आजमी के सिनेमा में 50 साल और आइकॉनिक फिल्म शोले के 50 साल पूरे होने पर आयोजित विशेष समारोह शामिल हैं।

### सीरीज द बै***ड्स ऑफ बॉलीवुड का प्रीव्यू पेश

मुंबई। नेटफ्लिक्स ने आज शाम शहर में द बै***ड्स ऑफ बॉलीवुड का प्रीव्यू पेश कर माहौल को रोशन कर दिया। यह आर्यन खान का डायरेक्टोरियल डेब्यू है, जो 18 सितंबर को लॉन्च होने जा रहा है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित इस सीरीज को आर्यन खान ने क्रिएट किया है और को-क्रिएटर्स बिलाल सिद्दीकी और मानव चौहान ने भी मिलकर इसे लिखा है। जब आर्यन खान ने अपने डायरेक्टोरियल डेब्यू की सोच हमारे साथ साझा की, तभी हमें पता चल गया था कि यह कुछ बेहद खास और अलग करने वाला है।

# ईएसआईसी ने 19.37 लाख नये सदस्य जोड़े



नयी दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने जून में 19.37 लाख नए सदस्य जोड़े। बृहस्पतिवार को जारी नवीनतम पेरोल आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा, जून, 2025 में 34,762 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया जिससे अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई। ईएसआईसी के अस्थायी पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि जून में 19.37 लाख नए कर्मचारी जुड़े। इनमें से 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के 9.58 लाख लोग हैं जो कुल पंजीकरण का 49.50 प्रतिशत हैं। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन महीने में महिला सदस्यों का शुद्ध नामांकन 4.13 लाख रहा। इसके अलावा कुल 87 ट्रांसजेंडर कर्मचारी भी ईएसआई योजना के तहत पंजीकृत थे। इसमें कहा गया कि पेरोल आंकड़े अस्थायी हैं क्योंकि आंकड़े तैयार करना एक सतत प्रक्रिया है।

# अमेरिकी शुल्क पर संयमित प्रतिक्रिया देने की जरूरत



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर लगाए गए उच्च शुल्कों को लेकर हितधारकों से संयमित और रणनीतिक प्रतिक्रिया देने की अपील की।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शुल्क के प्रभाव को कम करने के लिए नए और वैकल्पिक बाजारों की पहचान कर उन्हें विकसित करना जरूरी है। फडणवीस ने यहां एक बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मविश्वास के साथ इन चुनौतियों का सामना कर रहा है। हमें इस प्रतिकूल स्थिति को अवसर में बदलना होगा। उन्होंने वैश्विक आयात-निर्यात परिदृश्य के मद्देनजर नीतिगय उपायों पर चर्चा के लिए आयोजित उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र को कारोबार को सुगम बनाने वाले सुधारों के तहत 100 कदम उठाने चाहिए। इसके लिए एक विशेष वॉर रूम बनाए जाने का निर्देश दिया जो इन सुधारों की मासिक समीक्षा और निगरानी करेगा। फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र को निजी औद्योगिक पार्कों को बढ़ावा देना चाहिए और इसके लिए स्पष्ट नीति बननी चाहिए ताकि महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) क्षेत्रों के बाहर भी निवेश को गति मिल सके। उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को शामिल करने पर जोर दिया और औद्योगिक इकाइयों के लिए परमिट मंजूरी की प्रक्रिया को तेज और सरल बनाने के निर्देश दिए। महाराष्ट्र नई और मौजूदा दोनों तरह की उद्योग इकाइयों को सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। विलंब को खत्म करने के लिए एकल खिड़की व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। इसके अलावा, पांच हेक्टेयर से बड़े भूखंडों पर कृषि आधारित उद्योगों को पहले अनुमति लेने की जरूरत भी नहीं होगी।

# शेयर वायदा कारोबार की अवधि बढ़ाने की योजनाः सेबी

मुंबई। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि बाजार नियामक एक विनियमित मंच पेश कर सकता है, जहां आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने वाली कंपनियां सूचीबद्ध होने से पहले कुछ खुलासे करने के बाद कारोबार कर सकेंगी।

यह नया मंच निवेशकों को आईपीओ आवंटन एवं सूचीबद्ध होने के बीच तीन दिन की अवधि में विनियमित तरीके से शेयर का व्यापार करने की अनुमति दे सकता है। यह पहल मौजूदा अनियमित ग्रे मार्केट की जगह ले सकती है, जो वर्तमान में इस अवधि के दौरान संचालित होता है। पांडेय ने साथ ही कहा कि नियामक शेयर वायदा कारोबार की अवधि एवं परिपक्वता में सुधार लाने पर विचार कर रहा है। इससे ऐसे उत्पादों में व्यापार पर अंकुश लगेगा, जहां वित्त वर्ष 2024-25 में 91 प्रतिशत व्यक्तिगत व्यापारियों को घाटा हुआ था। पांडेय ने फिक्की कैपिटल मार्केट कॉन्फ्रेंस 2025 में कहा कि निवेशकों के लिए निवेश संबंधी निर्णय लेने को सूचीबद्ध होने से पहले की जानकारी अक्सर पर्याप्त नहीं होती है। एक विनियमित मंच प्रायोगिक आधार पर... जहां आईपीओ लाने की तैयारी कर रही कंपनियां कुछ खुलासों के बाद व्यापार करने का विकल्प चुन सकती हैं।

# लिवाली के बीच दमका सोना, चांदी चमकी



नयी दिल्ली। स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1,00,620 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 500 रुपये बढ़कर 1,00,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले सत्र में यह 99,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। पिछले सत्र में सोने की कीमत तीन सप्ताह के निचले स्तर पर गिरने के बाद, सुरक्षित निवेश की मांग और सौदेबाज़ी की खरीदारी के चलते बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में तेज़ी आई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फ़ेडरल रिज़र्व के गवर्नर के इस्तीफ़े की मांग से सुरक्षित निवेश की नई मांग को बढ़ावा मिला, जिससे केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता को लेकर चिंताएं बढ़ गईं। गांधी ने आगे कहा कि इस टिप्पणी के बाद, अमेरिकी डॉलर अपने हालिया उच्चस्तर से नीचे गिर गया, जिससे सोने की कीमतों को और समर्थन मिला। संघ के अनुसार, इसके अलावा, बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

# सीएम साय निवेश आकर्षित करने के लिए जापान और दक्षिण कोरिया की 10 दिवसीय यात्रा पर रवाना



रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जापान और दक्षिण कोरिया की 10 दिवसीय यात्रा पर बृहस्पतिवार को रवाना हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद साय की यह पहली विदेश यात्रा है। इसका उद्देश्य राज्य में इलेक्ट्रॉनिक, मोटर वाहन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करना है। उन्होंने बताया कि साय राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिल्ली रवाना हुए जहां से वह जापान तथा दक्षिण कोरिया जाएंगे। दिल्ली रवाना होने से पहले रायपुर के स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे पर पत्रकारों के साथ बातचीत में साय ने कहा कि वह जापान और दक्षिण कोरिया की यात्रा पर जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के तौर पर यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। साय ने कहा कि मैं जापान के ओसाका में आयोजित होने वाले वर्ल्ड एक्सपो में शिरकत करूंगा। जापान और दक्षिण कोरिया में इलेक्ट्रॉनिक, मोटर वाहन और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अच्छा काम हो रहा है। छत्तीसगढ़ में भी इन क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। इसलिए, हम अपनी नई औद्योगिक नीति के साथ वहां जा रहे हैं और उद्योगपतियों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई औद्योगिक नीति (पिछले वर्ष नवंबर में) लागू होने के बाद से राज्य को अब तक 6.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव हासिल हुए हैं। इनमें से कई पर काम शुरू हो चुके हैं और अन्य के कार्यान्वयन में कुछ समय लगेगा। साय ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, आज जापान एवं दक्षिण कोरिया के 10 दिवसीय यात्रा पर रवाना हो रहा हूं... अधिकारियों ने बताया कि साय, दिल्ली से जापान के लिए रवाना होंगे।

# मंगल इलेक्ट्रिकल ने किया एंकर बुक का सफल समापन

नई दिली। मंगल इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपनी एंकर बुक का सफल समापन घोषित किया है। एंकर पोर्शन के रुपये 120 करोड़ को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिसाद मिला और यह 2.5 गुना से अधिक सब्सक्राइब हुआ। एंकर बुक में कई प्रमुख निवेशकों ने भाग लिया, जिनमें अबाक्कस एआईएफ, सुंदरम एआईएफ, मिरास इन्वेस्टमेंट्स, एलएमआर पार्टनर्स और फिनएवेन्यू ग्रोथ फंड समेत कई अन्य घरेलू और विदेशी संस्थान शामिल रहे। कंपनी को आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड से सब्सक्राइब रेटिंग प्राप्त हुई। पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मर घटकों के प्रोसेसिंग और ट्रांसफॉर्मर निर्माण में अग्रणी खिलाड़ियों में से एक होने, विविध ग्राहक आधार, मजबूत बैकवर्ड और फॉरवर्ड इंटीग्रेशन जो ऑपरेशनल एफिशिएंसी सुनिश्चित करता है, लगातार वृद्धि का रिकॉर्ड, मौजूदा सुविधाओं में विनिर्माण क्षमता विस्तार की योजना और उत्पाद पोर्टफोलियो बढ़ाने के इरादे को देखते हुए हम इस इश्यू को सब्सक्राइब करने की सिफारिश करते हैं।

## पेज एक का शेष

### भारत-रूस के

जयशंकर और लावरोव ने आतंकवाद से निपटने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। जयशंकर ने कहा आतंक के मुद्दे पर, हमने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा मैंने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाने के भारत के दृढ़ संकल्प और सीमा पार आतंकवाद से अपने नागरिकों की रक्षा करने के हमारे संप्रभु अधिकार से अवगत कराया। जयशंकर की टिप्पणियों से ऐसा प्रतीत हुआ कि उनकी बातचीत का मुख्य केंद्र द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देना है।

विदेश मंत्री ने कहा हमने रूस को भारत के निर्यात को बढ़ाने सहित, संतुलित और टिकाऊ तरीके से द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार करने की अपनी साझा महत्वाकांक्षा की पुष्टि की। उन्होंने कहा इसके लिए गैर-शुल्क बाधाओं और नियामक बाधाओं को तुरंत दूर करने की आवश्यकता है। फार्मास्यूटिकल्स, कृषि और वस्त्र जैसे क्षेत्रों में रूस को भारतीय निर्यात बढ़ाने से निश्चित रूप से मौजूदा असंतुलन को दूर करने में मदद मिलेगी। जयशंकर ने कहा उर्वरकों की दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी कदम उठाए गए। भारतीय कुशल श्रमिक, विशेष रूप से आईटी, निर्माण और इंजीनियरिंग क्षेत्र में, रूस की श्रम आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं और सहयोग को प्रगाढ़ कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि व्यापार और निवेश के माध्यम से ऊर्जा सहयोग को बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है। विदेश मंत्री ने रूसी सेना में सेवा दे रहे कुछ भारतीयों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, हालांकि, कई लोगों को रिहा कर दिया गया है, फिर भी कुछ मामले लंबित हैं और कुछ लोग लापता हैं। हमें उम्मीद है कि रूसी पक्ष इन मामलों को शीघ्रता से सुलझाएगा।

### मुगलों-अंग्रेजों

अपने परिवार का विकास करते रहे। नतीजा यह हुआ कि उत्तर प्रदेश और देश पिछड़ता गया, गरीबी बढ़ती गई, उनके गुंडों के कारण अराजकता बढ़ती गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के शासन में न तो व्यापारी सुरक्षित था, न ही पुलिस स्टेशन और न ही बेटी सुरक्षित थी। दंगे होना आम बात हो गयी थी।

### कल्याण सिंह

करता हूं। योगी ने कहा कि भारतीय राजनीति में बाबूजी को जो भी जिम्मेदारी मिली, उन्होंने अपने आदर्शों की अमिट छाप छोड़ी। योगी का कहना था कि 1977 में स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए सिंह ने स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दी। सन 1990 में जब उत्तर प्रदेश की स्थिति बिगड़ी हुई थी, तब उन्होंने कानून का राज स्थापित कर सुशासन का लक्ष्य सामने रखा। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने विरासत और विकास की यात्रा को साथ-साथ आगे बढ़ाने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस ने 1992 में अलोकतांत्रिक तरीके से उनकी सरकार को बर्खास्त किया था। उस कठिन समय में उन्होंने बिना देर किए राम जन्मभूमि आंदोलन के लिए अपने पद का बलिदान दिया। उन्होंने कहा, जब विवादित ढांचा गिरा, तब कल्याण सिंह जी ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली। उन्होंने कहा कि किसी रामभक्त को आंच नहीं आनी चाहिए। उन्होंने साहस दिखाकर श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया।

### मंत्रिसमूह ने

की सुरक्षा सुनिश्चित करके दरों को युक्तिसंगत बनाया जाना चाहिए। अन्यथा, गरीब लोगों, मध्यम वर्ग और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए बनाई गई कल्याणकारी योजनाओं को नुकसान होगा। राज्य सरकार के बयान में कहा गया है कि तेलंगाना जीएसटी सुधारों के तहत दर को युक्तिसंगत बनाने समर्थन करता है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि राजस्व नुकसान की स्थिति उचित क्षतिपूर्ति की व्यवस्था हो। तेलंगाना के मंत्री ने सुझाव दिया कि या तो मौजूदा क्षतिपूर्ति उपकर व्यवस्था जारी रखी जाए, या फिर विलासिता या अहितकर वस्तुओं पर जीएसटी की दरें उनके वर्तमान स्तर तक बढ़ाई जा सकती हैं और इस प्रकार एकत्रित अतिरिक्त राशि राज्यों को दी जा सकती है।

### मुख्यमंत्री रेखा

खुफिया एजेंसियों द्वारा तैयार की गई खतरे की आशंका संबंधी रिपोर्ट के बाद उन्हें जेड श्रेणी की केंद्रीय सुरक्षा प्रदान की गई है। गुप्ता (51) को पहले दिल्ली पुलिस द्वारा शीर्ष-स्तरीय सुरक्षा प्रदान की जा रही थी। गुप्ता पर बुधवार सुबह सिविल लाइंस इलाके में उनके कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान हमला किया गया। उनके कार्यालय ने इस हमले को उनकी हत्या की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा बताया है। उन्होंने बताया कि 22 से 25 सशस्त्र कमांडो की एक टीम 24 घंटे मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात रहेगी। सूत्रों के अनुसार, सीआरपीएफ उनकी सुरक्षा के लिए नए उपाय लागू करेगी। इनमें उनके आवास तक पहुंच को विनियमित करना, सुरक्षा उपकरणों की तैनाती और सार्वजनिक स्थानों पर उनके आवागमन के दौरान पुरुष और महिला निजी सुरक्षा अधिकारियों (पीएसओ) के माध्यम से उन्हें निकट सुरक्षा प्रदान करना शामिल है।

### औरैया के

कुर्सी पर बैठे नजर आते हैं। इस बीच एक व्यक्ति आता है, और उनकी टेबल की दराज में एक लिफाफा रखकर चला जाता है। वीडियो सामने आने के बाद लोग राकेश कुमार सिंह पर घूसखोरी करने का संदेह जता रहे थे। बताया जा रहा है कि राकेश कुमार पर पहले भी इस तरह के आरोप लग चुके हैं। जिलाधिकारी औरैया डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने शुरूआती जांच की। प्राथमिक जांच में आशंका सच साबित हुई। इसके बाद डीएम ने अपनी प्राथमिक रिपोर्ट नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग को उपलब्ध कराई. इसके बाद प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग एम देवराज ने एसडीएम सदर राकेश कुमार सिंह को निलंबित करने की संस्तुति की। एसडीएम के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच भी शुरू कर दी गई है। जांच खत्म होने तक वह निलंबित रहेंगे। वे राजस्व परिषद से सम्बद्ध रहेंगे। मामले में औरैया जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने अपनी शुरूआती रिपोर्ट शासन को भेजी थी। इसके बाद एसडीएम राकेश कुमार को निलंबित कर दिया गया।

### घुसपैठियों का

या संशोधित किये गये फर्जी आधार कार्डों के धारकों द्वारा कूटरचित भारतीय दस्तावेजों के आधार पर बने फर्जी आधार कार्डों द्वारा पासपोर्ट बनवाने वालों में अपात्र विदेशी व्यक्ति-अवैध घुसपैठिये, बांग्लादेशी, रोहिंग्या, नेपाली लोग सम्मिलित हैं। फर्जी एवं कूटरचित तरीके से भारतीय दस्तावेज एवं आधार कार्ड बनवाने वाले लोग इनको भारी रकम अदा कर रहे हैं। फर्जी आधार कार्ड का प्रयोग करके सरकारी योजनाओं में अनुचित लाभ भी लिया जा रहा है। सटीक जानकारी होते ही एटीएस की टीम ने आठ लोगों को धर दबोचा है।

### रूस का

सहायता वहीं पहुंचाई और संग्रहीत की जाती है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दागे गए ड्रोन की संख्या के लिहाज से यह रूस का इस साल का तीसरा सबसे बड़ा हवाई हमला था और मिसाइलों के लिहाज से आठवां सबसे बड़ा हवाई हमला था। ये हमले अमेरिका के नेतृत्व में युद्ध विराम के नए प्रयासों के बीच हुए हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य रूस के पड़ोसी देश पर आक्रमण के बाद शुरू हुई तीन साल पुरानी जंग में शांति समझौते तक पहुंचना है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह ऐसे अंजाम दिया गया मानो बिल्कुल भी कुछ बदल ही नहीं रहा हो। उन्होंने कहा कि मास्को ने युद्ध समाप्त करने के लिए सार्थक वार्ता की कोई इच्छा नहीं दिखाई है।

### उत्तराखंड में

रिंग का संचालन, नई टिहरी में साहसिक प्रशिक्षण केंद्र का उच्चीकरण, चंपावत के महिला स्पोर्ट्स कॉलेज में इंडोर आर्टिफिशियल रॉक क्लाइम्बिंग सुविधा, राज्य के सभी 95 विकासखंडों में बहुउद्देशीय क्रीड़ाहॉल का निर्माण को स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। सीएम धामी ने यह भी बताया कि उत्तराखंड में राज्य का पहला खेल विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है, जो खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के साथ खेल संबंधी शैक्षणिक कोर्स भी उपलब्ध कराएगा।

# महिलाएं वैज्ञानिक, सैनिक और अनेक भूमिकाओं में लगातार नयी ऊंचाइयों को छू रही हैंः राष्ट्रपति मुर्मू



नयी दिल्ली। महिला-केंद्रित बदलाव के लिए भारत के दृष्टिकोण को स्पष्ट और अटल बताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि महिलाएं वैज्ञानिक, सैनिक और कई अन्य भूमिकाओं में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि वे अब अवसर मिलने का इंतजार नहीं कर रही हैं और अपने दम पर आगे बढ़ रही हैं तथा दृढ़ विश्वास के साथ नेतृत्व प्रदान कर रही हैं। मुर्मू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को शक्ति का रूप माना जाता है और उन्हें सम्मान दिया जाता है और देश अब इस सोच के साथ आगे बढ़ रहा है कि महिलाओं को महती मान्यता दी जाए और उन्हें बड़ी जिम्मेदारियां भी सौंपी जाएं। वैज्ञानिक, इंजीनियर, डॉक्टर, सैनिक, कलाकार, उद्यमी, एथलीट, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता, नीति निर्माता और कई अन्य भूमिकाओं में, महिलाएं लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही हैं।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक

उनके घर जाकर सहभागिता और त्योहारों में परस्पर शामिल होना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख के मुताबिक दूसरा आयाम कुटुंब प्रबोधन है, जिसके अंतर्गत परिवार की एकता, संस्कारों का संवर्धन और परंपरागत मूल्यों का पालन अनिवार्य माना गया है। सप्ताह में एक बार सामूहिक पूजा या महापुरुषों की चर्चा, बच्चों को संस्कारित व्यवहार सिखाना और नित्य मंगल संवाद परिवार को मजबूत बनाते हैं।

### एसआईआर पर

बार-बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इससे न केवल बहुमूल्य संसदीय समय की हानि हुई, बल्कि हमें लोक महत्व के कई मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर भी नहीं मिला। मानसून सत्र के दौरान कामकाज के लिए 120 घंटे उपलब्ध थे किंतु इस दौरान लोकसभा में केवल 37 घंटे और राज्यसभा में मात्र 41 घंटे 15 मिनट कामकाज हो पाया।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com




# यूपी टी-20 : काशी रूद्रास की तीसरी जीत

## काशी ने दर्ज की लगातार तीसरी जीत, नोएडा किंग्स को 88 रनों से दी मात

खेल संवाददाता

लखनऊ। यूपी टी-20 लीग 2025 के आठवें मैच में काशी रूद्रास ने अपनी जीत की लय को बरकरार रखते हुए नोएडा किंग्स को 88 रनों से हराया। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में काशी ने एक बार फिर अपने हरफनमौला प्रदर्शन से साबित किया कि उन्हें हराना आसान नहीं है। यह उनकी लगातार तीसरी जीत रही, जिससे उन्होंने अंक तालिका में अपनी स्थिति और भी मजबूत कर ली है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए काशी रूद्रास ने निर्धारित 20 ओवर में 173/6 रन बनाए। टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक गोस्वामी और करण शर्मा ने तेज शुरूआत दिलाई। गोस्वामी ने एक बार फिर अपने आक्रामक अंदाज से विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाया। उन्होंने पावरप्ले के दौरान चौके-छक्कों की झड़ी लगाई और 10वें ओवर में अर्धशतक पूरा किया। हालांकि टाइमआउट से ठीक पहले वह कार्तिक सिद्धू की गेंद पर कैच आउट हो गए। इसके बाद मिडिल ओवर्स में नोएडा के स्पिनरों ने काशी की रनगति पर अंकुश लगाने की कोशिश की। 13वें से 18वें ओवर तक केवल 35 रन बने और चार विकेट गिरे। लेकिन अंतिम ओवरों में शुभम चौबे (नाबाद 30 रन, 18 गेंद) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर स्कोर को 173 रन तक पहुँचाया। करण शर्मा ने भी अर्धशतक जमाकर टीम की पारी को संवारने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए नोएडा किंग्स की शुरूआत अच्छी रही। 5 ओवर तक उनका स्कोर 57/1 था और लग रहा था कि मुकाबला कड़ा होगा। लेकिन काशी के स्पिनरों ने मिडिल ओवर्स में जादू बिखेर दिया। लक्ष्या सिंह और कार्तिक यादव ने लगातार विकेट निकालकर नोएडा की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया। एक समय मजबूत दिख रही नोएडा की टीम 85 रन पर ऑलआउट हो गई। काशी के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया। लक्ष्या सिंह और कार्तिक यादव ने मिलकर विपक्षी बल्लेबाजों पर शिकंजा कसते हुए विकेटों की झड़ी लगाई। वहीं फील्डिंग में भी काशी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर कैच पकड़कर और रन रोककर टीम की जीत पक्की की।

नोएडा किंग्स की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखरी रही। शुरूआती झटकों के बाद कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। पावरप्ले में अच्छी शुरूआत के बावजूद उनकी पूरी टीम 14वें ओवर तक पवेलियन लौट गई। इस तरह काशी रूद्राज ने इस सीजन की लगातार तीसरी जीत हासिल कर ली। यह जीत न केवल बड़े अंतर से आई बल्कि टीम के आत्मविश्वास को भी और मजबूत कर गई। दूसरी ओर, नोएडा किंग्स को अब वापसी के लिए अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों पर गंभीरता से काम करना होगा।



### रणजी ट्रॉफी से पहले रहाणे ने मुंबई की कप्तानी छोड़ी, टीम में बने रहेंगे

मुंबई। अनुभवी भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र से पहले गुरुवार को मुंबई के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया और कहा कि यह नया नेतृत्वकर्ता तैयार करने का सही समय है। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि एक बल्लेबाज के रूप में टीम में बना रहेगा। रहाणे ने अभी तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 201 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 14000 रन बनाए हैं। रणजी सत्र 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और मुंबई की टीम अपने पहले मैच में जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगी। रहाणे ने एक्स पर लिखा, मुंबई टीम की कप्तानी करना और चैंपियनशिप जीतना मेरे लिए सम्मान की बात है। आगे नए घरेलू सत्र को देखते हुए मेरा मानना है कि नए कप्तान को तैयार करने का यह सही समय है और इसलिए मैंने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा मैं एक खिलाड़ी के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं और एमसीए (मुंबई क्रिकेट संघ) के साथ अपना सफर जारी रखूंगा ताकि हमें और अधिक ट्रॉफी जीतने में मदद मिल सके।

### इंग्लैंड ने विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की, हीथर नाइट की वापसी

लंदन। पूर्व कप्तान हीथर नाइट को आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए बृहस्पतिवार को इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली जबकि भारत के खिलाफ हाल में हुई श्रृंखला से बाहर रहने के बाद साराह ग्लेन और डेनी व्याट-हॉज की भी टीम में वापसी हुई है। दाएं पैर की मांसपेशियों में टेंडन की चोट के कारण पिछले कुछ महीनों तक बाहर रहने के बाद नाइट ने टीम में वापसी की है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नाइट को टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनकी चोट से उबरने की प्रक्रिया जारी है और उने 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। टीम में शामिल चार विशेषज्ञों स्पिनरों में से ग्लेन एक हैं।

वह उन छह खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें पहली बार विश्व कप टीम में जगह मिली है। यह कप्तान के रूप में नैट स्किवर-ब्रंट की पहली आईसीसी प्रतियोगिता होगी। दुनिया की नंबर एक एकदिवसीय बल्लेबाज स्किवर-ब्रंट को अप्रैल में सभी प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया गया था। व्याट-हॉज की भी टीम में वापसी हुई है। वह इंग्लैंड की ओर से पिछली बार 50 ओवर के प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया में एशेज श्रृंखला में हार के दौरान खेली थी। केट क्रॉस, माइया बूचियर और एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स को टीम में जगह नहीं मिली है। यह टूर्नामेंट नई कप्तान स्किवर-ब्रंट और मुख्य कोच चार्लोट एडवर्ड्स में मार्गदर्शन में देश का पहला विश्व कप होगा। ऑस्ट्रेलिया ने 2022 के फाइनल में इंग्लैंड को हराकर खिताब जीता था। एडवर्ड्स ने कहा, विश्व कप में अपने देश के लिए खेलना खेल जगत के सबसे बड़े सम्मान में से एक है और मैं टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों के लिए बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा सभी वैश्विक टूर्नामेंटों की तरह यह एक बड़ी चुनौती होगी लेकिन हम भारत में जितना हो सके उतना आगे बढ़ना चाहते हैं और मेरा मानना है कि अगर हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलेंगे तो हम किसी से भी मुकाबला कर सकते हैं। इंग्लैंड की कोच ने कहा, परिस्थितियों के अनुसार हमने अतिरिक्त स्पिनर को चुना है और हम भाग्यशाली हैं कि इस विभाग में इतनी गहराई है। सारा ग्लेन का वापस स्वागत करना शानदार है। इसका मतलब है कि केट क्रॉस, माइया बूचियर और एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स के लिए कोई जगह नहीं है जो उनके लिए निराशाजनक होगा।

## महिला जूनियर स्कीट स्पर्धा में मानसी ने स्वर्ण और यशस्वी ने जीता रजत



शिमकेंट (कजाखस्तान)। भारतीय निशानेबाज मानसी रघुवंशी ने बृहस्पतिवार को एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप की महिला जूनियर स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि हमवतन यशस्वी राठौर ने रजत पदक जीता। जूनियर पुरुष स्कीट फाइनल में भारत के हरमेहर सिंह लाली ने 53 अंक से रजत पदक जीता जबकि ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया ने 43 अंक से कांस्य पदक प्राप्त किया।

कजाखस्तान के आर्टयोम सेडेलनिकोव ने स्वर्ण पदक हासिल किया। मानसी फाइनल में 53 अंक बनाकर चैंपियन बनीं जबकि यशस्वी ने 52 अंक बनाकर कजाखस्तान की लिडिया बशारोवा (40) को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीय निशानेबाज अग्रिमा कंवर (15) फाइनल में छठे और अंतिम स्थान पर रहीं।

मानसी ने पांच दौर में कुल 106 अंक से दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई जबकि बशारोवा ने 112 अंक से क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया। यशस्वी 102 अंक से क्वालीफिकेशन में पांचवें स्थान पर रहीं और अग्रिमा ने भी 101 अंक से कट हासिल किया। इससे पहले ईशान सिंह लिब्रा (116), हरमेहर सिंह लाली (115) और ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया (110) ने क्रमशः पहले, तीसरे और पांचवें स्थान पर रहते हुए पुरुष जूनियर स्कीट के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। ईशान फाइनल में 14 अंक से छठे स्थान पर रहे।

एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप की महिला जूनियर स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि हमवतन यशस्वी राठौर ने रजत पदक जीता। मानसी फाइनल में 53 अंक बनाकर चैंपियन बनीं जबकि यशस्वी ने 52 अंक बनाकर कजाखस्तान की लिडिया बशारोवा (40) को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया।

## संक्षेप

### विशाल टीके ने 400 मीटर में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

चेन्नई। तमिलनाडु के विशाल थेनारासु कयालविझी ने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की पुरुष 400 मीटर स्पर्धा में 45.12 सेकेंड के समय से राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इक्कीस साल के विशाल ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को काफी पीछे छोड़ते हुए देश के सर्वश्रेष्ठ 400 मीटर धावक की अपनी दावेदारी और मजबूत की। उन्होंने 45.21 सेकेंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया जो मोहम्मद अनस ने 2019 में बनाया था। इससे पहले विशाल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 45.57 सेकेंड था जो उन्होंने मई में दक्षिण कोरिया में 2025 एशियाई चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहने के दौरान बनाया था। विशाल हालांकि 44.85 सेकेंड के विश्व चैंपियनशिप के स्वतः क्वालीफिकेशन समय से चूक गए। तमिलनाडु के अनुभवी राजेश रमेश 46.04 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि हरियाणा के विक्रांत पांचाल ने 46.17 सेकेंड के समय से तीसरा स्थान हासिल किया।

### हीना ने पेशेवर गोल्फ टूर में एकल बढ़त बनाई

बेंगलुरु। युवा हीना कांग ने दूसरे दौर के अंतिम होल में डबल बोगी की लेकिन इसके बावजूद बृहस्पतिवार को महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 11वें चरण में एक शॉट की बढ़त बनाने में सफल रही। हीना ने लगातार दूसरे दौर में पार 72 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर पार 144 है। हीना ने जैस्मिन शेखर (75-70) पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है। एमेच्योर लावण्या गुप्ता दूसरे दौर में 72 के स्कोर से तीसरे स्थान पर हैं जबकि अग्रिमा मनराल (78-70), अनन्या दतार (75-73) और एमेच्योर मन्नत बरार (72-76) चार ओवर 148 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं।

### नयी दिल्ली 23 से राष्ट्रीय स्क्वाश की करेगा मेजबानी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप का आयोजन यहां 23 से 28 अगस्त तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता की सात साल बाद शहर में वापसी हुई है। प्रतियोगिता में 25 राज्यों के 300 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जिसकी कुल इनामी राशि आठ लाख रुपये है। प्रतियोगिता की मेजबानी मेजर ध्यान चंद स्टेडियम करेगा। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा, इस साल की चैंपियनशिप के लिए उत्साह अभूतपूर्व है। हमारे छह खिलाड़ी दुनिया के शीर्ष 100 में शामिल हैं और सभी इसमें भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा हमारे शीर्ष खिलाड़ियों के खेलने के कारण हमें कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद है और मेरा मानना है।

## लखनऊ में फिन स्वीमिंग और तैराकी का संगम



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के करीब 200 फिन स्वीमिंग खिलाड़ी राजधानी लखनऊ में अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरने को तैयार हैं। ये खिलाड़ी पांचवीं उत्तर प्रदेश राज्य अंडर वाटर स्पोर्ट्स एवं फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप में 315 पदकों के लिए मुकाबला करेंगे। इस चैंपियनशिप का आयोजन उत्तर प्रदेश अंडर वाटर स्पोर्ट्स एवं फिन स्वीमिंग एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में 22 से 24 अगस्त तक किया जाएगा।

इसी दौरान स्विमिंग वेलफेयर सोसायटी द्वारा जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता भी आयोजित होगी, जिसमें खिलाड़ी 240 पदकों के लिए चुनौती पेश करेंगे। पांचवीं उत्तर प्रदेश राज्य अंडर वाटर स्पोर्ट्स एवं फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप 22 अगस्त से एसोसिएशन के महासचिव नरेंद्र सिंह चौहान व कोषाध्यक्ष रचना सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि राज्य चैंपियनशिप में सीनियर ए, जूनियर में ए से एफ तक और मास्टर्स श्रेणी में पुरुष व महिला वर्ग में मुकाबले होंगे। 200 खिलाड़ी 315 पदकों के लिए पेश करेंगे चुनौती इसमें खिलाड़ी 105 स्वर्ण, 105 रजत व 105 कांस्य सहित 315 पदकों के लिए चुनौती पेश करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर आगामी पांचवीं राष्ट्रीय फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश टीम का चयन किया जाएगा।

इस दौरान स्विमिंग वेलफेयर सोसायटी के द्वारा आयोजित जिला तैराकी चैंपियनशिप में 800 खिलाड़ी भाग लेंगे। जिला चैंपियनशिप में ग्रुप 1 से 4 व मास्टर्स श्रेणी के साथ विशेष बच्चों के लिए भी स्पर्धाएं होंगी। इस चैंपियनशिप में 80 स्वर्ण, 80 रजत व 80 कांस्य सहित 240 पदकों के लिए मुकाबला होगा। चैंपियनशिप में स्पर्धाओं की शुरूआत 22 अगस्त को सुबह आठ बजे से होगी। वहीं औपचारिक उद्घाटन दोपहर 3 बजे मुख्य अतिथि कुंवर रघुराज प्रताप सिंह (उत्तर प्रदेश अंडरवाटर स्पोर्ट्स एवं फिन स्वीमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष) करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डा.आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन), रवीन्द्र कुमार (निदेशक पेंशन), गोविन्द पाण्डेय एवं नीरज सिंह की गरिमामयी मौजूदगी भी रहेगी।

- 22 से, 555 पदकों के लिए होगी टक्कर
- जिला तैराकी चैंपियनशिप में 240 पदकों के लिए होगा मुकाबला

प्रेस वार्ता के दौरान अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पुष्पा मिश्रा, राष्ट्रीय खिलाड़ी सतीश यादव, खेल प्रमोटर असित सिंह, जगत नारायण सिंह, सुशील कुमार, अतुल त्रिपाठी, राष्ट्रीय खिलाड़ी रामदेव यादव, संजय सिंह, प्रतीक सिंह, हरीश गुप्ता, कुंवर धनंजय सिंह, कुंवर भानू प्रताप सिंह व अन्य मौजूद थे।

### श्रुति, सारिका व काजल विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

समोकोव (बुल्गारिया)। भारत ने अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की महिला स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिसमें पहलवान श्रुति, सारिका और काजल ने बृहस्पतिवार को अपने भार वर्गों के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। ग्रीको रोमन पहलवान सूरज ने 60 किग्रा वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाई लेकिन प्रिंस (82 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हार गए। श्रुति ने महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में वायलेटा बिरियुकोवा पर 5-4 की जीत से शुरुआत की और फिर पोलैंड की अन्ना यात्स्केविच पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज की। सारिका ने 53 किग्रा भार वर्ग में दबदबा बनाया। उन्होंने सेवल केयर को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) से हराया। इसके बाद सारिका ने चीन की तियानयु सुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में एक भी अंक नहीं गंवाया और 8-0 से जीत हासिल की। अब उनका मुकाबला यूक्रेन की अनास्तासिया पोल्स्का से होगा। काजल ने 72 किग्रा वर्ग में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर एमिली मिहाइलोवा अपोस्टोलोवा को 15-4 से हराकर शानदार जीत हासिल की।

## इरानी व वावसोरी बने अमेरिकी ओपन मिश्रित युगल चैंपियन

एजेंसी



न्यूयॉर्क। सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार की रात को खेले गए एक कड़े फाइनल में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन **टेनिस** टूर्नामेंट में अपना मिश्रित युगल खिताब बरकरार रखा। इटली की इस जोड़ी ने फाइनल में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 (10-6) से हराया।

इस तरह से उन्होंने दो दिनों में चार मैच जीतकर 10 लाख डॉलर की इनामी राशि हासिल की जो पिछले साल उन्हें मिली पुरस्कार राशि से कहीं अधिक है। इरानी और वावसोरी उन कई खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने पहले इस नए प्रारूप की आलोचना की थी लेकिन चैंपियन बनने के बाद उनके चेहरे पर मुस्कान थी और उन्होंने दर्शकों का भी आभार व्यक्त किया। वावसोरी ने कहा, मुझे लगता है कि इतने सारे दर्शकों के सामने इस कोर्ट में खेलना अद्भुत था और मैं इस माहौल के लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। इससे पहले स्वियातेक और रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और जैक ड्रैपर को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया। इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी और वावसोरी ने डेनियल कोलिन्स और क्रिश्चियन हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया। अमेरिकी ओपन में एकल मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे।

इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल खिताब और 10 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के लिए फाइनल में गत चैंपियन सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी का सामना करेंगे। स्वियातेक और रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और जैक ड्रैपर को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया। इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी और वावस्सोरी ने डेनियल कोलिन्स और क्रिश्चियन हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया। अमेरिकी ओपन में एकल मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे।

## हरियाणा और ओडिशा जूनियर राष्ट्रीय हॉकी के फाइनल में



एजेंसी

जालंधर। हरियाणा और ओडिशा ने 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरूष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में बृहस्पतिवार को अपने अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीत लिये। पहले सेमीफाइनल में हरियाणा ने उत्तर प्रदेश को 3 . 0 से हराया जिसमें नितिन ने तीसरे और 54वें मिनट में गोल दागे जबकि जीतपाल ने 47वें मिनट में गोल किया।

दूसरे सेमीफाइनल में ओडिशा ने पंजाब को 3 . 2 से मात दी। ओडिशा के लिये करण लाकड़ा ने 58वें मिनट में निर्णायक गोल किया। ओडिशा के लिये बाकी दो गोल प्रताप टोप्पो (पहला और 15वां मिनट) ने किये जबकि पंजाब के लिये कप्तान गुरसेवक सिंह (12वां) और मनमीत सिंह राय (44वां) ने गोल किये। **वहीं दूसरी ओर** अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे को चीन के हांगझोउ में पांच से 14 सितंबर तक होने वाले एशिया कप के लिए बृहस्पतिवार को 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बरकरार रखा गया। यह टूर्नामेंट काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका विजेता 2026 एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा।

भारत को पूल बी में रखा गया है जहां उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा। टीम अपने अभियान की शुरुआत पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी और फिर छह सितंबर को जापान से भिड़ेगी। भारत अपना अंतिम पूल मैच आठ सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा। हॉकी इंडिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा हांगझोउ में होने वाले महिला एशिया कप के लिए हमने जो टीम चुनी है उसे लेकर हम उत्साहित हैं। सलीमा पिछले साल कप्तान नियुक्त होने के बाद से टीम का अभिन्न अंग रही हैं। हरेंद्र ने कहा, यह टीम कड़ी मेहनत से प्रशिक्षण ले रही है और हमने अनुभवी खिलाड़ियों तथा युवा प्रतिभाओं के बीच सही संतुलन बनाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा हमारा ध्यान आक्रामक और अनुशासित हॉकी खेलने पर होगा और हमारा मानना है कि यह टीम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ मजबूती से मुकाबला करने की क्षमता रखती है।

टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण है जिसमें गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खारीबाम पर होगी। रक्षा पंक्ति में निक्की प्रधान और उदिता जैसी अनुभवी खिलाड़ी होंगी जिनका साथ युवा मनीषा चौहान, ज्योति, सुमन देवी थोडम और इशिका चौधरी देंगी। मिडफील्ड में नेहा, सलीमा, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनेलिटा टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के जैसी मजबूत खिलाड़ी हैं। अग्रिम पंक्ति में अनुभवी और उभरते सितारों का मिश्रण है जिसमें नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुतजा दादासो पिसल शामिल हैं। हालांकि अनुभवी खिलाड़ी सविता और सुशीला चानू टीम का हिस्सा नहीं हैं। ये दोनों एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में खेली थी।



